नई दिल्ली
शनिवार 24 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 187
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 18

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

ये जानकारी रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को राजधानी में सेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी है

बदलती हुई परिस्थितियों के बीच रणनीति में लचीलेपन की दरकार, तभी होंगे मनमाफिक बदलाव



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया से लेकर रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में सेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए बल के वरिष्ठ कमांडरों से वर्तमान समय में लगभग दो से तीन दशक के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण को अपनाते हुए अपनी युद्धक तैयारियों को चौबीसों घंटे चाक-चौबंद बनाए रखने की अपील की ▶▶ शेष पेज 5 पर

सुधारों को लागू किया जाए

उन्होंने ड्रोन, आधुनिक प्रौद्योगिकियों के तेजी से बढ़ते उपयोग पर विशेष जोर देते हुए सेना के पुनर्गठन प्रयासों की सराहना की है। सैन्य क्षमताओं को सशक्त बनाने, प्रदर्शन का नियमित आकलन करने व बदलती हुई परिचालन परिस्थितियों के हिसाब से जरूरी सुधारों को लागू ▶▶ शेष पेज 5 पर

अरुणाचल-प्रदेश में कई जगहों पर दोनों सेनाओं के बीच गतिरोध जारी रहने के आईटीबीपी डीजी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

चीन की सेना के एलएसी पर सैन्य गश्त प्रक्रिया से पीछे हटने की वजह से होती सैन्य झड़प: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर द्वारा अरुणाचल-प्रदेश में कई जगहों पर सैन्य झड़पों के जारी रहने को लेकर की गई पहली आधिकारिक पुष्टि वाले बयान को लेकर विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें शुक्रवार को



राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में मामले पर पूछे गए सवालों के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत पहले भी कई बार यह कह चुका है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के पूर्व निर्धारित गश्त के तौर-तरीकों से पीछे हटने की वजह से समय-समय पर संबंधित इलाकों में स्थिति अस्त-व्यस्त हो जाती है। इस विषय को लेकर विस्तृत जानकारी के संबंध में ▶▶ शेष पेज 5 पर

संवाद तंत्रों से दूर करेंगे गलतफहमी

उन्होंने कहा कि दोनों देश हालांकि एलएसी से जुड़े बाकी बचे हुए मुद्दों को सुलझाने और किसी भी तरह की गलतफहमी या गलत आकलन से बचने के लिए वर्तमान में मौजूद राजनयिक तथा सैन्य तंत्रों का उपयोग करना जारी रखे हुए हैं। वहीं, यहां इस तथ्य का उल्लेख करना भी बेहद जरूरी हो जाता है कि द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता को बनाए रखना अति आवश्यक है। भारत, चीन ने बीते वक्त में बेहतर सीमा प्रबंधन के लिए उपयुक्त क्षेत्रों में एलएसी को लेकर आपसी समझ को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा करने को लेकर भी सहमति प्रदान की है।

आईटीबीपी की अहम भूमिका

डीजी के मुताबिक, आईटीबीपी के शौर्य कमांडों, ड्रोन प्लाटून, स्ट्राइक ट्रेनिंग और भूमिगत बंकर बनाकर हम चीन के खिलाफ अपनी तैयारियों को मजबूत बनाने में लगे हुए हैं। पीएलए के साथ इलाके में होने वाली सैन्य झड़पों के दौरान बल ने ही अहम भूमिका निभाई है।

भारत ने तैनाती संग बढ़ाई निगरानी

वहीं, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सूबे में जुलाई में हुई झड़प की घटना दोनों सेनाओं का नियमित गश्त के दौरान आमना-सामना होने पर हुई थी। शुरुआत एक छोटी से झड़प से हुई थी। जिसके बाद दोनों सेनाएं पीछे हट गई थीं। लेकिन बाद में चीन की सेना बड़ी तादाद में आई और उसने इलाके में टेंट लगा दिए। जिसके बाद भारत ने भी अपनी सैन्य तैनाती, निगरानी को बढ़ा दिया है। इस गतिरोध के क्रम में ही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पिछले सितंबर महीने में नई दिल्ली में भारत की मेजबानी में आयोजित किए गए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शिरकत की थी।

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

संत प्रेमानंद महाराज ने 5 महीने बाद की पदयात्रा

मथुरा। प्रेमानंद महाराज ने 5 महीने के बाद वृंदावन में पदयात्रा की। शुक्रवार सुबह जब वे अपने



नए आश्रम से केली कुंज आश्रम जा रहे थे, तो रास्ते में वाराह घाट तिराहे पर उन्हें देखकर भक्त भावुक हो गए। यहां से संत प्रेमानंद अपनी गाड़ी से उतरे और पैदल चलकर ही आश्रम की ओर जाने लगे। मौजूद भक्त लगातार राधे-राधे के जयकारे लगा रहे थे।

सीएम फडणवीस ने किया फॉरेंसिक जांच का ऐलान

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे को 500 करोड़ देने का दावा करने



वाली एक ऑडियो क्लिप की सीएम देवेंद्र फडणवीस ने फॉरेंसिक जांच का ऐलान किया है। ऑडियो क्लिप में एक महिला डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और उनके बेटे सांसद श्रीकांत शिंदे के माध्यम से रुपए पहुंचाने का दावा कर रही है।

अमिताभ का बंगला उड़ाने की धमकी

मुंबई। अमिताभ बच्चन और पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ को शुक्रवार को जान से मारने की



धमकी दी गई है। मुंबई की मेयर रितु तावड़े को यह धमकी भरा ई-मेल भेजा गया। इसमें अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा को बम से उड़ाने की बात लिखी गई- 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच कभी भी बंगले को निशाना बनाया जा सकता है।

गुरुदेव को याद कर भावुक हुए पीएम मोदी

भारत मंडपम में चिन्मय अमृत महोत्सव का आगाज, बोले पीएम

समाज को बांटने वाली ताकतें सक्रिय इनसे निपटने को एकजुट होना जरूरी



नरेंद्र मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुछ मुलाकातें समय के साथ धुंधली नहीं होतीं, बल्कि यादों में और गहरी उतर जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद से जुड़ी यादें कुछ ऐसी ही हैं। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन' में आधुनिक तकनीक ने इन यादों को एक बार फिर जीवंत कर दिया।

गुरुदेव का होलोग्राफिक प्रोजेक्शन देखकर पीएम मोदी को 1993 में वडोदरा में हुई अपनी मुलाकात याद आ गई। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का स्नेह, उनके साथ हुई बातचीत और उनका आशीर्वाद फिर से आंखों के सामने आ गया। एक पल के लिए उन्हें ऐसा लगा, जैसे वह 33 साल पीछे लौट गए हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र ▶▶ शेष पेज 5 पर

अमृत महोत्सव में स्वामी चिन्मयानंद के थ्री-डी अवतार से बात की, पीएम मोदी बोले- 1993 की यादें फिर ताजा

- आत्मनिर्भर बनने के लिए लोगों को प्रेरित करना होगा
- चिन्मय मिशन एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है



पीएम मोदी स्वामी चिन्मयानंद के होलोबॉट से बात करते हुए

हर व्यक्ति को 2047 तक विकसित भारत के विजन से जोड़ना होगा

मेरी सरकार की नीतियों और प्रयासों के केंद्र में देश के युवा

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी सरकार की नीतियों और प्रयासों के केंद्र में देश के युवा हैं। चिन्मय अमृत महोत्सव के आयोजन में भी युवाओं ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। युवा स्वयंसेवकों ने लगभग 300 दिनों में 40 हजार किलोमीटर की यात्रा की और इस दौरान एक लाख से अधिक युवाओं से संपर्क स्थापित किया। उन्होंने इस अभियान की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा-हमारे वेदों का वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः आह्वान है। इसका मतलब है कि राष्ट्र का हित चाहने वाले हम लोग राष्ट्र को जागृत और उन्नत बनाएं। स्वामी चिन्मयानंद ने अपना पूरा जीवन इसी मंत्र को लेकर जीया।

वेदों में लिखा है राष्ट्र को महान बनाएं

पीएम ने कहा कि अब चिन्मय मिशन का अमृत महोत्सव भी भारत के अमृत काल से जुड़ रहा है। ये भारत के संकल्प की असली ताकत है। हमारे वेदों में लिखा है- राष्ट्र का हित चाहने वाले हम लोग राष्ट्र को महान बनाएं। स्वामी जी ने गीता ज्ञान के अभियान की शुरुआत की। आज इसी का परिणाम है कि लाखों युवा भारत के सांस्कृतिक ब्रांड एंबेसडर का काम कर रहे हैं।

1993 में गुरुदेव से मुलाकात हुई थी

पीएम ने बताया कि 1993 के फरवरी में मेरी गुरुदेव से मुलाकात हुई थी। मैं उन्हें अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म संसद के शताब्दी समारोह में आमंत्रित करने गया था। गुरु जी इसके बाद अमेरिका गए। उन्होंने लोगों को इस इवेंट के प्रति जागरूक किया। 3 अगस्त को ▶▶ शेष पेज 5 पर

कांग्रेस संसदीय मर्यादाओं का उल्लंघन कर अपनी राजनीतिक साख को लगातार कमजोर कर रही: त्रिवेदी

'फेल्ड प्रोडक्ट' राहुल गांधी को बार-बार लॉन्च करने की जिद में कांग्रेस पार्टी: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कहा कि राहुल गांधी को बार-बार लॉन्च करने के प्रयासों में कांग्रेस विफल रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस का नेतृत्व सत्ता के लिए देश की संवैधानिक व्यवस्था, भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। त्रिवेदी ने राहुल गांधी के राजनीतिक रिकॉर्ड और ▶▶ शेष पेज 5 पर



कांग्रेस पार्टी की भारतीय धर्म-संस्कृति के प्रति दिल में घृणा

त्रिवेदी ने कहा कि सत्ता से बाहर रहते हुए कांग्रेस पार्टी जल बिन मछली की तरह तड़प रही है। उसके मूल मंत्र सत्ता में लूट, समाज में फूट और भारतीय धर्म-संस्कृति के प्रति दिल में घृणा हैं। इसके ड्राइविंग इंजन और दुर्भाग्य से देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हैं। यह दुर्भाग्य देश से ज्यादा कांग्रेस पार्टी के लिए है। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी इस समय देश से चंपत होकर चंपा में कहीं विचरण कर रहे हैं। चंपा, वियतनाम का प्राचीन नाम है। राहुल गांधी देश और कांग्रेस पार्टी, दोनों के लिए एक पहेली बन चुके हैं।

यूथ कांग्रेस में लोकतंत्रीकरण के नाम पर कुछ नहीं हुआ

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस के भीतर अनेक प्रकार के प्रयोग किए। उन्होंने कहा था कि यूथ कांग्रेस के चुनावों का लोकतंत्रीकरण किया जाएगा। इसके बाद पूरे देश ने देखा कि यूथ कांग्रेस में लोकतंत्रीकरण के नाम पर कुछ नहीं हुआ। वहां केवल भीड़तंत्र और एआई समिट में नग्न प्रदर्शन देखने को मिला। इसके बाद राहुल गांधी ने उन्हें लॉन्च करने के लिए एक और प्रयोग किया। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि अब उम्मीदवारों का चयन चुनाव के माध्यम से होगा और पार्टी के भीतर आंतरिक चुनाव कराए जाएंगे लेकिन उनका यह प्रयोग भी विफल हो गया।

सिवान में पटाखा कारोबारी के घर ब्लास्ट

अवैध फैक्ट्री में 2 घंटे तक होते रहे धमाके, 8 की मौत



पटाखा फैक्ट्री बिना लाइसेंस हो रही थी संचालित

एजेंसी ▶▶ सिवान

बिहार के सीवान जिले के आलमापुर गांव में पटाखा बनाते समय एक फैक्टरी में भीषण धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में पति पत्नी समेत आठ लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हैं। इनमें कुछ गंभीर हैं। करीब दो घंटे तक रुक-रुक कर ब्लास्ट होने से एक मकान ▶▶ शेष पेज 5 पर

वायुसेना की डिंडीगुल अकादमी से जुड़ा घटनाक्रम, 35 से 40 मिनट की रही उड़ान

वायुसेनाप्रमुख ने किरण विमान में भरी ऐतिहासिक उड़ान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने बीते मंगलवार को हैदराबाद स्थित डिंडीगुल अकादमी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की हवाई विंग की वरिष्ठ कैडेट जक्कुला तेजस्वी रेड्डी के साथ किरण विमान में एक ऐतिहासिक उड़ान भरी है। इसी महीने के अंत में (31 अक्टूबर) अपनी सेवानिवृत्ति से ठीक पहले अपने पहले उड़ान



प्रशिक्षक के साथ अंतिम उड़ान से पहले उनकी ये उड़ान आयोजित की गई थी। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि किरण विमान में वायुसेनाप्रमुख और युवा कैडेट की यह उड़ान ▶▶ शेष पेज 5 पर

एशियन पैरा गेम्स में भारत का ऐतिहासिक धमाका

भारत ने 30 गोल्ड 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल जीते

114 मेडल जीतकर बनाया अब तक का 'बेस्ट रिकॉर्ड'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पैरा एशियन गेम्स 2026 में भारत का शानदार प्रदर्शन रहा। भारत ने कुल 114 मेडल जीते। पैरा गेम्स के इतिहास में भारत का ये सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। भारत ने इस दौरान 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल जीत इतिहास रच दिया। शुक्रवार को भारतीय खिलाड़ियों ने 9 गोल्ड, 9 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज सहित 26 मेडल जीते। यह पैरा एशियाड में भारत का अब तक का बेस्ट प्रदर्शन है। 2023 में भारत ने 27 गोल्ड सहित 108 मेडल जीते थे। इसके साथ ही इस पैरा गेम्स में भारत का अभियान भी



मोना अग्रवाल

खत्म हो गया। भारत मेडल टैली में फिलहाल चौथे स्थान पर है। इस बार देश ने 168 खिलाड़ियों का दल भेजा था। ▶▶ शेष पेज 5 पर

अगले महीने 3 से 5 नवंबर तक नई दिल्ली में होगा आयोजन, रक्षा मंत्री करेंगे संबोधित

समुद्री क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच नौसेना की मेजबानी में होगा हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्तमान में दुनिया के कई भागों में युद्ध की वजह से सबसे ज्यादा तनाव अगर कहीं पर दिखाई पड़ रहा है। तो वो समुद्री जलमार्ग हैं। मामला अति-गंभीर होने के साथ ही चिंताजनक भी बना हुआ है। इन सबके बीच भारतीय नौसेना द्वारा अगले महीने 3 से 5 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय स्तर के हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद-2026 (आईपीआरडी) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के



कुल डेढ़ दर्जन से अधिक यानी 18 देशों के समुद्री क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कार्यक्रम के दूसरे दिन (4 नवंबर) अपना संबोधन देंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का विशेष उद्बोधन होगा। रक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर

बैंकॉक का सम्मेलन रहा खास

सम्मेलन के विभिन्न संस्करणों में 2019 में बैंकॉक में हुए 14वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित की गई हिंद-प्रशांत महासागर पहल की 7 परस्पर रूप से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। भारत ने समुद्री क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सागर दृष्टिकोण अहम रहा है। 2026 की थीम ये बताती है कि महासागर आपस में जुड़े हैं। लेकिन उन्हें समझने, प्रबंधित करने के ▶▶ शेष पेज 5 पर

एंकर सहित करीब 7.40 लाख करोड़ की बोलियां, निवेशकों की जबरदस्त मांग

बड़े संस्थागत निवेशकों की क्यूआईपी कैटेगरी 70 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब

जियो आईपीओ का विश्व रिकॉर्ड : 1.38 करोड़ से ज्यादा आवेदन, 22 गुना से अधिक सब्सक्रिप्शन

- रिटेल में उपलब्ध शेयरों से 2.72 गुना मांग
- 28 अक्टूबर को जियो प्लेटफॉर्म्स की बीएसई और एनएसई पर लिस्टिंग प्रस्तावित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के सबसे बड़े जियो आईपीओ ने ऐतिहासिक क्लोजिंग के साथ विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। जियो प्लेटफॉर्म्स के 30,213 करोड़ के आईपीओ में तीन दिनों के दौरान 1.38 करोड़ से ज्यादा आवेदन आए, जो दुनिया में किसी भी आईपीओ को मिले अब तक के सबसे अधिक आवेदन हैं। शुक्रवार शाम 7 बजे बिडिंग बंद होने तक आईपीओ 22 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हो चुका था। एंकर और गैर-एंकर निवेशकों की कुल बोलियां करीब 7.40 लाख करोड़ पहुंच



फाइल फोटो

गईं। इनमें गैर-एंकर निवेशकों से करीब 4.90 लाख करोड़ और एंकर निवेशकों से करीब 2.50 लाख करोड़ की मांग शामिल है। जियो आईपीओ ▶▶ शेष पेज 5 पर

जियो आईपीओ ने पिछला रिकॉर्ड बड़े अंतर से तोड़ा

आवेदनों की संख्या के मामले में भी जियो आईपीओ ने पिछला रिकॉर्ड बड़े अंतर से तोड़ा है। इससे पहले सबसे ज्यादा आवेदन पाने का रिकॉर्ड 'वारी एनर्जीज' के नाम था। अक्टूबर 2024 में उसके आईपीओ को 97.34 लाख आवेदन मिले थे। जियो को इससे करीब 42 फीसदी ज्यादा आवेदन मिले हैं। जियो आईपीओ में पहले दिन करीब 30.5 लाख आवेदन आए थे, जबकि दूसरे दिन के अंत तक यह संख्या 75 लाख पार कर गई थी। तीसरे दिन आवेदनों की संख्या 1.38 करोड़ से ज्यादा पहुंच गई। जियो आईपीओ की क्लोजिंग का दिन एक और वजह से खास रहा। शुक्रवार, ▶▶ शेष पेज 5 पर

केस की जांच के लिए कई टीमें गठित

किशनगढ़ में कार बाजार के पास एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण पश्चिम जिले के किशनगढ़ इलाके में गुरुवार आधी रात के बाद एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा है। हत्या के इस केस की जांच के लिये कई टीमें गठित की गई है। पुलिस हमलावरों का सुराग तलाशने के लिये आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार आधी रात के बाद करीब 12.53 बजे सामुदायिक केंद्र में कार बाजार के पास एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिली थी। एक टीम मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को पास के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल की जांच करने और सबूत इकट्ठा करने के लिए अपराध और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच करवाई गई। पुलिस ने हत्या के संबंध में किशनगढ़ थाने में मामला दर्ज कर लिया है। जांच करने के लिए कई टीम गठित की गई हैं जो मृतक की पहचान, हत्या की वजह और वारदात में शामिल आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

तीन स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली के तीन स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले। इसके बाद पुलिस और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों द्वारा तलाशी अभियान शुरू किया गया। घंटो की तलाशी के बाद भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। मिली जानकारी के अनुसार लोदी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय, रोहिणी स्थित वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल और मयूर विहार स्थित सलवान पब्लिक स्कूल को धमकी वाले ईमेल मिले। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। दमकल विभाग के अनुसार धमकियों की सूचना मिलने के बाद टीमें स्कूलों में पहुंचीं और एहतियात के तौर पर परिसर खाली करा लिए गए। बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ते, अग्निशमन विभाग और पुलिस ने स्कूल परिसरों में कई घंटे तलाशी अभियान चलाया। पुलिस धमकी भरे ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर लाखों की ठगी, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी जिले की पुलिस ने निवेश पर मोटा मुनाफा देने के नाम पर एक शख्स से 15.83 लाख की ठगी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम गाजियाबाद निवासी अंकित कुमार (30) और हिमांशु कुमार (23) बताये गये हैं। पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता निखिल डेढ़ा से प्रोस्पर क्लब और वीवीआईपी ग्रुप नामक व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए ठगी हुई। इस संबंध में पांच अक्टूबर को ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू हुई थी। जांच के दौरान पता चला कि ठगे गए पैसों में से 9.60 लाख रुपये 'कृष्णा एंटरप्राइजेज' नामक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। वह खाता हिमांशु के नाम पर था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि हिमांशु ने 25 रुपये के बदले बैंक दस्तावेज और सिम कार्ड अपने रिश्तेदार अंकित को दिए थे, जो साइबर ठगों को म्यूल बैंक खाते मुहैया कराता था। पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर अंकित को भी गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित, पुत्रः** दलीप, **पताः** श्याम का मकान, ओबेरॉय फार्म के पास, गली नंबर 1, कापसहेड़ा, दक्षिण–पश्चिम दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 80037829/2025, U/s 305/331(4)/317(2)/3(5), भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः कापसहेड़ा, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 80037829/2025, U/s 305/331(4)/317(2)/3(5), भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः कापसहेड़ा, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अंकित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–10
कोर्ट नं. 316, द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/14975/SW/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सचिन पुत्र कमलकांत निवासी 150, गली नंबर 13, सी ब्लॉक, खजूरी खास, दिल्ली, दूसरा पता ए73/8, शनि मंदिर के पास, खजूरी खास, उत्तर पूर्वी दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 23/2020 भा.द.सं. की धारा 376 आर/डब्ल्यू 120बी के तहत और 5 आईटीपी एक्ट, थाना मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 23/2020 भा.द.सं. की धारा 376 आर/डब्ल्यू 120बी के तहत और 5 आईटीपी एक्ट, थाना मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सचिन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.12.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनु अग्रवाल
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय रेप केस)-02
कमरा नं. 70, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/15261/ED/2026

नवीन बाली गिरोह से जुड़े शूटर से आठ पिस्टल किए बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी जिला पुलिस ने नवीन बाली गिरोह से जुड़े 22 वर्षीय एक संदिग्ध शूटर और हथियार आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया है। इसके पास से आठ पिस्टल और 30 कारतूस बरामद हुये। पुलिस ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से अलीपुर में प्रतिद्वंद्वी गोगी गिरोह के एक बदमाश की हत्या की कथित साजिश नाकाम हुई है।

डीसीपी निहारिका भट्ट के अनुसार आरोपी हर्ष को गुरुवार रात कश्मीरी गेट इलाके में चलाए गए अभियान के दौरान पकड़ा गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि गिरोह से जुड़ा एक संदिग्ध शूटर हथियार लेकर अलीपुर जाने वाला है जहां वह प्रतिद्वंद्वी गिरोह के एक सदस्य को निशाना बना सकता है। कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने युधिष्ठिर सेतु के पास जाल बिछाया और देर रात करीब 11.55 बजे जब हर्ष सिविल लाइंस की ओर से स्कूटर पर आया तो उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से पांच कारतूसों के साथ सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद की। बैग की तलाशी लेने पर दो और सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, पांच देसी कट्टे और 25 कारतूस बरामद हुए। स्कूटर के सत्यापन से पता चला कि उसके चोरी होने की शिकायत आदर्श नगर थाने में दर्ज थी। पूछताछ के दौरान हर्ष ने खुलासा किया कि उसने नवीन बाली गिरोह के सदस्यों के निर्देश पर यमुनापार से हथियार और कारतूस हासिल किए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बवाना, कंझावला और नरेला औद्योगिक क्षेत्र थानों में तीन आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

जर्जर इमारत की बालकनी का हिस्सा गिरने पर लड़की घायल

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के वेलकम इलाके के फोटो चौक पर एक जर्जर इमारत की बालकनी का एक हिस्सा गिरने से 15 वर्षीय लड़की घायल हो गई। लड़की को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बिल्डिंग को खाली करवा लिया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि बालकनी गिरने की सूचना बृहस्पतिवार रात 11 बजे मिली, जिसके बाद एक टीम मौके पर भेजी गई। अधिकारी ने कहा कि लड़की को अस्पताल ले जाया गया, जबकि दो लोगों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने जर्जर इमारत को खाली करवा लिया है। निगम ने इमारत को खतरनाक घोषित नहीं किया हुआ था। जांच में पता चला छज्जे पर शौचालय बनाया हुआ था। सीलन की वजह से हादसा हुआ। इमारत में 15 से 20 लोग रह रहे थे।

रेडीमेड गारमेंट्स और सिलाई मशीन के नाम पर ठगी

- शाहदरा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा पुलिस ने रेडीमेड गारमेंट्स और सिलाई मशीन का सामान आपूर्ति करने के नाम पर दो लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम बदरपुर निवासी पवन कुमार (41) बताया गया है।

डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा के अनुसार कपड़ों का व्यवसाय करने वाले नीरज कुमार जैन की शिकायत पर इस साल जुलाई में जिले के साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि पवन ने आपूर्तिकर्ता बनकर कैटलॉग, इनवॉइस और ट्रांसपोर्ट दस्तावेज साझा कर शिकायतकर्ता को सामान की आपूर्ति का झांसा दिया और कई बार में करीब दो लाख रुपये ऑनलाइन स्थानांतरित करवा लिए। रकम मिलने के बाद न तो सामान भेजा गया और न ही पैसे लौटाए गए। तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी को बदरपुर से पकड़ा गया है।

वित्तीय जांच से खुलासा हुआ कि आरोपी के बैंक खाते छह अन्य साइबर अपराध की शिकायतों से जुड़े हैं।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाद्रा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुम्बई 400051

स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(रों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक नोटिस जारी किया गया था।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 23 नवम्बर 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(रों) के लिये लागू होंगी।

ऋण अकाउंट नम्बर	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा पता
शाखा का नाम : बहादुरगढ़ – फुटवेयर पार्क		आईसीआईसीआई बैंक लि., खसरा नंबर 476/1, मेन दिल्ली-रोहतक रोड, गांव व डा.-सांखोल, बहादुरगढ़ 124507, हरियाणा
545257000021	विरेन्द्र विरेन्द्र	
शाखा का नाम : बरवाला – मेन मार्केट		आईसीआईसीआई बैंक लि., मेन मार्केट, डेरावस्सी रोड, बरवाला, पंचकुला, हरियाणा-134118
396705001290	कमलेश	
शाखा का नाम : भूना		आईसीआईसीआई बैंक लि., निकट बाबा रणधीर मंदिर, निकट मास्टर प्लाजा, वार्ड नंबर 10, भूना, जिला फतेहाबाद, हरियाणा-125111
383257000126	विनीत विनीत	
शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-31		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नंबर 63, हुडा मार्केट, सेक्टर-31, फरीदाबाद, हरियाणा 121003
488905000168	चेतेन्द्र कुमार	
शाखा का नाम : फरीदाबाद – एनआईटी		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं. 5-ए, नेहरू ग्राउंड (नेहरू पार्क), एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा-121001
102557000396	मनीष शर्मा	
शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-7		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ प्लॉट नंबर 43, निर्मल दीप बिल्डिंग, सेक्टर 7, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, फरीदाबाद जिला, हरियाणा-121006
107905003561	रेखा सिंह	
शाखा का नाम : गन्नौर, हरियाणा		आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 21, खेवट नंबर 46, खतौनी नंबर 60, देवी लाल चौक, गन्नौर मंडी, सोनीपत जिला, हरियाणा-131100
359257000276	प्रशांत प्रशांत	
शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-48		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं.- 2 और 3, बेस्टेक बिजनेस टॉवर, सोहना रोड, सेक्टर-48, गुड़गांव, हरियाणा-122018
418457000043	शोमक लाहिरी	
शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-4		आईसीआईसीआई बैंक लि., हुडा शॉपिंग सेंटर, सेक्टर 4, गुड़गांव, हरियाणा 122001
244857000117	विनीत शर्मा	
शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर		आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 402/451 का भाग, मुरु-95, किला नंबर 105 (2-10), बादशाहपुर, गुरुग्राम, हरियाणा-122101
085857000079	राहुल मोनी	
शाखा का नाम : गुड़गांव – रतनगार्डन		आईसीआईसीआई बैंक लि., रतन गार्डन, न्यू कॉलोनी मोड़, ओल्ड रेलवे रोड, सेक्टर 7, गुड़गांव 122001
106957000228	साक्षी	
शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-55		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नं. नंबर 93पी, सेक्टर 55, अर्बन एस्टेट, गुरुग्राम, हरियाणा 122002
588657000027	पवन कुमार	
शाखा का नाम : हांसी		आईसीआईसीआई बैंक लि., जींद रोड, जिला हिसार, हांसी, हरियाणा 125033
184457000062	संदीप संदीप	
शाखा का नाम : हिसार-सेक्टर-14		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ-10, सेक्टर-14, हिसार, हरियाणा-125001
337757000180	स्वीटी स्वीटी	
337757000188	स्वीटी स्वीटी	
शाखा का नाम : जाखल, हरियाणा		आईसीआईसीआई बैंक लि., 138/9, चंडीगढ़ रोड, जाखल, जिला फतेहाबाद, हरियाणा 125133
356557000331	अमनदीप सिंह	
शाखा का नाम : पंचकूला-सेक्टर-10		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 80, सेक्टर 10, पंचकूला, हरियाणा -134109
556157000008	सुरिन्दर आहूजा	
शाखा का नाम : पंचकूला-सेक्टर-7		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 71, सेक्टर 7, पंचकूला 134109
341405000628	सुमित शर्मा	
341405000623	रूपा रुद	
शाखा का नाम : पंचकूला सेक्टर-2		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 5, सेक्टर 2, अर्बन एस्टेट, पंचकूला, हरियाणा 134112
251157000070	सिंघी राम	
शाखा का नाम : पानीपत		आईसीआईसीआई बैंक लि., जी जी हैंडलूम, मिड टाउन होटल के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत, हरियाणा 132103
017457000297	रिजावन रिजावन	
शाखा का नाम : पेहोवा		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नंबर 403 405, वार्ड नंबर 5, न्यू कैथल रोड, पेहोवा 136128
073057000282	हरिन्दर कौर	
शाखा का नाम : पुण्डरी		आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 122, खतौनी नंबर 1283, किला-233/19/2 और 827-1284-1285, फतेहपुर, पुंडरी रोड, निकट हुडा मार्केट, जिला कैथल, पुंडरी, हरियाणा - 136026
376005001918	मोहित कुमार	
शाखा का नाम : रोहतक-औद्योगिक क्षेत्र		आईसीआईसीआई बैंक लि., आशियाना कॉम्प्लेक्स, एलपीएस प्लांट-2 के साथ लगता, इंडस्ट्रियल एरिया, हिसार रोड, रोहतक, हरियाणा 124001
342257000139	रेखा देवी	
शाखा का नाम : सफीदों		आईसीआईसीआई बैंक लि., शक्ति कॉम्प्लेक्स, रेलवे रोड, सफीदों, जिला जींद, हरियाणा 126112
282757000072	सुरेश कुमार	
शाखा का नाम : समालखा		आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 1164, पडाव मोहल्ला, जी.टी. रोड, समालखा, जिला पानीपत, हरियाणा-132101
204805002849	गंगा सिंह हंसपाल	
204857000427	गंगा सिंह हंसपाल	
204857000399	सुकित बंसल	
शाखा का नाम : शाहाबाद		आईसीआईसीआई बैंक लि., लाडवा रोड, अनाज मंडी के पास, शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा 136135
073162003839	गुरमैल सिंह	
शाखा का नाम : सोनीपत-एल्डेको		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ 16-17, एल्डेको काउंटी, सेक्टर 19, मेन जी.टी. रोड, सोनीपत, हरियाणा 131001
546105000101	धरमराज मोर	
546157000026	सविता सविता	
शाखा का नाम : सोनीपत-सिक्का कॉलोनी		आईसीआईसीआई बैंक लि., लूथरा हाउस, दिल्ली रोड, सिक्का कॉलोनी, सोनीपत 131001
662357015163	धरमराज मोर	
शाखा का नाम : तोशाम		आईसीआईसीआई बैंक लि., फौजी मार्केट, निकट बीएसएनएल एक्सचेंज, सिवानी रोड, तोशाम, जिला-भिवानी, हरियाणा-127040
419062000570	सनिता सनिता	
419057000063	अनिल कुमार	
शाखा का नाम : यमुनानगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी वी1 1269/5, गोबिंदपुरी रोड, निकट जे के रेजीडेंसी, यमुनानगर - 135001
024705005971	क्षितीज मेहता	
शाखा का नाम : दिल्ली-ओखला फेज-3		आईसीआईसीआई बैंक लि., 254, ओखला फेज 3, नई दिल्ली 110020
182057000098	तुषार कुमार नागर	
182057000101	तुषार कुमार नागर	
शाखा का नाम : डेराबस्सी		आईसीआईसीआई बैंक लि., बडवाल कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़- अम्बाला हाईवे, डेराबस्सी, पंजाब-140507
096757000214	रिचा शर्मा	
शाखा का नाम : हापुड़		आईसीआईसीआई बैंक लि., 1078, त्रिवेणी गुंज, गढ़- दिल्ली रोड, हापुड, उत्तर प्रदेश 245101
245857000226	प्रशांत प्रशांत	
245857000232	प्रशांत प्रशांत	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – ग्रीन पार्क		आईसीआईसीआई बैंक लि., एस 26, 27, 28, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, उपहार सिनेमा के पास, नई दिल्ली-110016
007157000452	सरला देवी	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – मोहन कोऑपरेटिव इंड. एस्टेट		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी1/11, मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली-110044
135757000232	तुषार कुमार नागर	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – ओखला पीएच-1		आईसीआईसीआई बैंक लि., ए194, ओखला फेज1, नई दिल्ली-110020
071657000138	तुषार कुमार नागर	

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 24.10.2026
स्थान : गुरूग्राम, भिवानी, हिसार, करनाल, रोहतक, सोनीपत, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, झज्जर, फतेहाबाद, यमुनानगर, जीन्द, कैथल, हांसी

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

विदेश में बैठे गैंगस्टर के इशारे पर गोलीबारी करने वाले दो गुर्गे पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रोहिणी पुलिस ने विदेश में बैठे वांछित अपराधी नितिन डबास उर्फ विक्की हड्डल के इशारे पर फायरिंग करने वाले दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम उत्तर प्रदेश के सीतापुर निवासी रोहित (22) और हरदोई निवासी हसीब (24) पता चलें। रोहित पहले भी एक मामले में शामिल रहा है। दोनों ने कीर्ति नगर इलाके में रंगदारी को लेकर एक कारोबारी से जुड़ी इमारत पर फायरिंग की थी। इनके पास से अलग अलग बोर की दो पिस्टल, 12 कारतूस और अपराध में इस्तेमाल की गई चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। डीसीपी शशांक जायसवाल ने बताया कि 20 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्तियों ने कीर्ति नगर में एक मार्बल व्यापारी की इमारत पर गोलियां चलाई थी। कारोबारी से रंगदारी मांगी जा रही थी और जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों को विदेश में बैठे वांछित अपराधी नितिन डबास उर्फ विक्की हड्डल के निर्देश पर 19 अक्टूबर को हथियार और कारतूस मिले थे। हड्डल के निर्देश पर रोहित और हसीब हाल में चोरी की गई एक मोटरसाइकिल से 20 अक्टूबर को कीर्ति नगर पहुंचे और कारोबारी की इमारत पर दो गोलियां चलाकर फरार हो गए। 20-21 अक्टूबर की दरमियानी रात सूचना मिली कि आरोपी हथियार लेकर रोहिणी के सेक्टर-24 स्थित बांके बिहारी मंदिर के पास आने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने नाकेबंदी की और मोटरसाइकिल पर सवार दोनों संदिग्ध आरोपियों को रुकने का इशारा किया। उन्होंने भागने का प्रयास किया लेकिन अलर्ट पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से रंगदारी के तीन मामलों का खुलासा किया है।

साउथ एक्सटेंशन में ट्रक से कुचलकर स्कूटर सवार की मौत

नई दिल्ली। साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2 में एक ट्रक से कुचलकर स्कूटर सवार की मौत हो गई। यह सड़क दुर्घटना गुरुवार दोपहर हुई। मृतक का नाम लाल देव शाह (71) बताया गया है। वह एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी थे। पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2 में मोती महल डीलक्स के सामने रिंग रोड पर एक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। स्कूटर सवार लाल देव शाह का स्कूटर फिसल गया जिससे वे सड़क पर गिर गए और एक ट्रक के नीचे आ गए। कोटला मुबारकपुर थाने में इस हादसे को लेकर बीएनएस की धारा 281/106(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दुर्घटना में शामिल वाहन को जब्त कर लिया गया है और आरोपी चालक बृजलाल यादव (46) को गिरफ्तार किया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

संपत्ति विवाद में भाई की हत्या भाई-भाभी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले के जसोला गांव में पैतृक संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद में एक शख्स ने अपने सगे भाई की हत्या कर दी। मृतक का नाम संजय वर्मा बताया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी भाई व उसकी पत्नी को केस के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के नाम ओमप्रकाश वर्मा (36) और उसकी पत्नी चंदा वर्मा (34) बताये गये है। दोनों को कथित तौर पर राजधानी से फरार होने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया गया। डीसीपी विनीत कुमार के अनुसार यह घटना 21 अक्टूबर को हुई, जब जसोला गांव में झगड़े के संबंध में पुलिस को सूचना मिली। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और संजय वर्मा को गंभीर रूप से घायल पाया। संजय को अपोलो अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी सोनी उर्फ नरगिस और उनकी मां जमना देवी को भी उपचार के लिए पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल ले जाया गया है। जांच के दौरान जमना देवी ने आरोप लगाया कि यूपी के प्रतापगढ़ में पांच बिघा जमीन को लेकर विवाद के दौरान उनके बेटे ओमप्रकाश और उसकी पत्नी चंदा ने संजय तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने बताया कि उनके बयान, चिकित्सा संबंधी रिकॉर्ड और घटना की परिस्थितियों के आधार पर सरिता विहार थाने में धारा 103(1) (हत्या) और 3(5) (सामान्य आशय) के तहत मामला दर्ज किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों का पता लगाने और उन्हें फरार होने से रोकने के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई। पुलिस के अनुसार चंदा को 21 अक्टूबर को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया, जबकि ओमप्रकाश को 22 अक्टूबर को सराय काले खां बस अड्डे से पकड़ा।

सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस की चपेट में आने से एक की मौत

एजेंसी, नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के छावला इलाके में एक निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक के अंदर से शटरिंग हटाते समय जहरीली गैस की चपेट में आने से 38 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग बीमार पड़ गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना 21 अक्टूबर को कुतुब विहार इलाके में हुई, जब ये लोग निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक के अंदर काम कर रहे थे। उसने बताया कि स्थानीय निवासी चारों को अस्पताल ले गए, जहां मदन पंडित को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि विनोद (22), चंदर शेखर (35) और सुरेंद्र सिंह (42) का इलाज जारी है। मदन की पत्नी पूजा ने बताया कि उसके पति निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक के अंदर से शटरिंग हटाने गए थे। पूजा ने कहा कि वह करीब 14 साल से भवन ठेकेदार के रूप में काम कर रहे थे। उन्होंने तीन लोगों को बचाया, लेकिन खुद बाहर नहीं आ सके। यह अधिकारियों की घोर लापरवाही है। पूजा ने बताया कि जब यह घटना हुई, तब मदन घर पर थे और घटना की जानकारी मिलने के बाद वे मजदूरों को बचाने के लिए मौके पर पहुंचे। उसने बताया कि बाद में परिवार को पता चला कि मदन की मौत हो गई है। पुलिस को अस्पताल से पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) पर फोन कर घटना की सूचना दी गई।

तीन चरणों में आयोजित होंगे 70वें राष्ट्रीय स्कूल खेल

दिल्ली को खेलों की मेजबानी मिलना गर्व की बातः सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली को राष्ट्रीय स्कूल खेल 2026-27 की मेजबानी मिलना राजधानी के लिए गर्व की बात है। हमारा प्रयास है कि दिल्ली में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिले, युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिले और वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करें। दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 70वें राष्ट्रीय स्कूल खेल 2026-27 के उद्घाटन के अवसर पर यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्कूल खेल केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि देश के भविष्य के खेल इकोसिस्टम को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, प्रख्यात खिलाड़ी तथा विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा 70वें राष्ट्रीय स्कूल खेल 2026-27 के अंतर्गत 14 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण 22 से 28 अक्टूबर 2026, दूसरे चरण 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तथा तीसरे चरण 28 जनवरी से 3 फरवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में आयोजित इन खेलों में देशभर के विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और अन्य प्रतिभागी इकाइयों से 14 हजार से अधिक खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग लेंगे। इनकी मेजबानी दिल्ली सरकार का शिक्षा निदेशालय (खेल शाखा) कर रहा है। शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में खेलों के प्रति सोच और व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है। 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' जैसे अभियानों ने खेलों एवं फिटनेस को जन आंदोलन का स्वरूप दिया है।

खबर संक्षेप

निगम ने प्रदूषण फैलाने वाली तीन औद्योगिक इकाइयों पर लगाई सील

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के खिलाफ कड़े कदम उठाते हुए शुक्रवार को तीन औद्योगिक इकाइयां सील करने का दावा किया है। इस बारे में निगम ने बताया कि पश्चिमी जोन द्वारा राजस्व विभाग, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति, बीएसईएस तथा दिल्ली पुलिस के साथ समन्वय कर ब्रह्मपुरी और चंचल पार्क में संयुक्त सर्वेक्षण एवं सीलिंग अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत वार्ड कुंवर सिंह नगर और वार्ड बापरोला क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान 7 इकाइयों का निरीक्षण किया जिनमें 6 औद्योगिक इकाइयां और 1 गोदाम शामिल थे। निगम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रदूषण फैलाने वाली 3 औद्योगिक इकाइयों को नियमानुसार संयुक्त टीम द्वारा मौके पर ही सील कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, संबंधित इकाइयों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए तथा बिजली के मीटर भी जब्त कर लिए गए है।

युवा को विधान सभा के समृद्ध इतिहास से जोड़ना आवश्यक : गुप्ता

नई दिल्ली। 'युवा को विधान सभा के समृद्ध इतिहास से जोड़ना एक जागरूक और जिम्मेदार पीढ़ी के निर्माण के लिए आवश्यक है'। दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने शुक्रवार को विधान सभा सदन में 'दिल्ली विधान सभाः इंपीरियल सेक्रेटेरिएट से ओल्ड सेक्रेटेरिएट तक' शीर्षक से तैयार सचित्र विद्यार्थी पुस्तिका के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। उन्होंने बताया कि यह पुस्तिका दिल्ली विधान सभा की समृद्ध ऐतिहासिक यात्रा, स्थापत्य विरासत और महत्त्व को सरल, आकर्षक एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत करती है। इस पुस्तिका का लोकार्पण दिल्ली विधान सभा के साप्ताहिक युवा संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शैक्षिक भ्रमण के दौरान किया गया।

ग्रैप-1 के बावजूद बढ़ रहा है दिल्ली में प्रदूषण : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने प्रदूषण को लेकर एक बार फिर दिल्ली की भाजपा सरकार को घेरा है। यादव ने बयान जारी कर आरोप लगाए कि करोड़ों रुपए खर्च करने व ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-1 को लागू करने के बावजूद राजधानी में वायु प्रदूषण खराब श्रेणी में पहुंच गया है। ऐसे में जहां सीएम रेखा गुप्ता को इसका जल्द समाधान निकालना चाहिए। वहीं सीएम काम करने की बजाए अब बहानेबाजी कर रहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के 42 स्टेशनों में से 32 पर एक्यूआई 200 पार दर्ज हो रहा है। रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की बजाए सीएम रेख गुप्ता अपना पल्ला झाड़कर 1 नवम्बर से फरवरी 27 तक प्राईवेट और सरकारी कामकाज करने वालों को 50 प्रतिशत की क्षमता से घर से कार्य करने के आदेश दिए है। उन्होंने कहा जब अध्यन और रिपोर्टों के में साफ हो चुका कि परिवहन, उद्योग, पावर प्लांट, सड़क के धूलकण और निर्माण पांच प्रमुख कारणों का दिल्ली के प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान रहता है।

दिल्ली की सेवा करने वाले हजारों कर्मियों की चिंता करना हमारा फर्ज : रेखा

'निगम के एमटीएस कर्मियों के खातों में भेजा गया बढ़ा हुआ वेतन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार उन सभी कर्मियों के सम्मान, अधिकारों और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, जो दिन-रात दिल्लीवासियों की सेवा में जुटे रहते हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मुख्यालय स्थित केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) जन स्वास्थ्य कर्मियों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने के निर्णय के उपलक्ष्य में आयोजित 'धन्यवाद कार्यक्रम' में यह संबोधन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निर्णय से दिल्ली नगर निगम के लगभग 4,000 एमटीएस (पब्लिक हेल्थ) कर्मियों को सीधा लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी कर्मियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बटन दबाकर निगम के एमटीएस (जनस्वास्थ्य) कर्मियों का बढ़ा हुआ वेतन उनके खातों में भेजा। वहीं, दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम दिल्ली सरकार के कार्यों को धरातल पर उतारने में सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने एमटीएस कर्मियों का इस्तेमाल किया और केवल आश्वासन दिए और उनके वेतन में कोई वृद्धि नहीं हुई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कर्मियों से अपील की कि वे जनता के साथ सदैव विनम्रता, संवेदनशीलता और सेवाभाव से व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि जनसेवा में लगे कर्मचारी सरकार का चेहरा होते हैं और उनका व्यवहार ही जनता के बीच सरकार की छवि बनाता है। नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना और उनके साथ सम्मानपूर्वक पेश आना प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है।

'घर-घर जाकर नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा में निभा रहे भूमिका'

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उनके तीन दशकों के समर्पण, संघर्ष और दिल्ली की सेवा का सम्मान है। वर्ष 1996 में दिल्ली में डेंगू के प्रकोप के दौरान नियुक्त किए गए ये कर्मचारी पिछले लगभग 30 वर्षों से घर-घर जाकर नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके वर्षों के संघर्ष और योगदान को उचित सम्मान देना सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल व्यवस्थाओं में सुधार करना नहीं, बल्कि उन लोगों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाना है, जो इन व्यवस्थाओं को धरातल पर उतारते हैं। जब कर्मियों को उनके कार्य के अनुरूप सम्मान, सुरक्षा और उचित सुविधाएं मिलती हैं, तो उनका मनोबल बढ़ता है और वे अधिक उत्साह के साथ जनसेवा में योगदान देते हैं।

'कर्मियों को योगदान के अनुरूप मिले सम्मान'

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने विभिन्न वर्गों के कर्मियों और जनसेवा से जुड़े कर्मियों के हित में लगातार कदम उठाए हैं। आशा बहनों और आंगनवाड़ी बहनों के मानदेय में वृद्धि तथा नर्सिंग इंटर्न के मासिक स्टाइपेंड में बढ़ोतरी इसी प्रतिबद्धता के उदाहरण हैं। सरकार का प्रयास है कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सेवा करने वाले कर्मियों को उनके योगदान के अनुरूप सम्मान मिले और उनकी आवश्यकताओं एवं हितों का ध्यान रखा जाए। सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी मिलकर कार्य करेंगे, तो दिल्ली को देश के सर्वश्रेष्ठ शहरों में स्थापित किया जा सकेगा।

सीएम ने बिना किसी देरी के दी राशिः वाही

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि पिछले बजट में जब हमने एमटीएस (जनस्वास्थ्य) कर्मियों के वेतन में वृद्धि की घोषणा का जब मुख्यमंत्री से जिक्र किया तो इन्होंने पूछा कि इसमें कितना खर्च आएगा हमने कहा 52 करोड़ रूपये प्रति वर्ष तो मुख्यमंत्री ने बिना किसी देरी के अपनी स्वीकृति दे दी और आज हम इसका नतीजा देख सकते है जब बटन दबाकर इस बड़ी हुई राशि को एमटीएस कर्मियों के खातों में भेज दिया गया है। यह सब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि निगम के कर्मचारी अपनी कार्यशैली ऐसी रखें कि निगम की सराहना हो और यह बात मुख्यमंत्री तक जाए कि निगम अच्छा कार्य कर रहा है।



रेखा सरकार बनी घोटालों की सरकार, दवा, साइकिल, चावल, टेंडर और अब किताब घोटाला : भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाए हैं कि रेखा सरकार घोटालों की सरकार बन चुकी है। रेखा सरकार में दवा, साइकिल, चावल, टेंडर के बाद अब नया घोटाला सामने आया है, जिसका नाम है किताब घोटाला। उन्होंने आरोप में कहा कि रेखा सरकार ने टेंडर का स्पेसिफिकेशन एनसीईआरटी का देकर घटिया क्वालिटी के पेपर पर किताब छपवाई है। उन्होंने पूछा कि रेखा सरकार में शिक्षा मंत्री आशीष सूद बताएं कि बच्चों की किताब में 40 फीसद कमीशन किसने खाया। आठवीं की किताब का प्रिंट इतना छोटे अक्षरों में है और कागज इतना घटिया है कि बच्चों को पढ़ने में भी दिक्कत हो रही है। शुक्रवार को आप मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की सरकारें हमेशा शिक्षा के विरुद्ध रही हैं, क्योंकि इनकी दिलचस्पी निजी स्कूलों को बढावा देने में ही रही है। जिसके तहत निजा स्कूलों की फीस पिछले साल भी बढ़ाई गई थी और इस साल भी बढ़ाई गई है।

स्कूलों में किताबें आ रही हैं तो 'आप' को दिख रहा है घोटालाः भाजपा

नई दिल्ली। पिछले करीब 11 साल के आम आदमी पार्टी (आप) के शासन काल में स्कूल में किताबों के दर्शन दुर्लभ थे, पूरा शैक्षणिक सत्र बीत जाता था और यह आप नेता किताब ला नहीं पाते थे, इस कारण आज जब दो साल से नियमित किताबें आ रही हैं तो अब इन्हे उसमें घोटाला दिख रहा है। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने शुक्रवार को आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और उनकी टीम पर निशना साधते हुए यह बयान जारी किया। प्रवक्ता कपूर ने कहा है कि यह हास्यास्पद है कि जिस सरकार के शासनकाल में लगभग हर सत्र में किताब संकट रहता था उसके पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज आज किताबों में घटिया पन्ने की बात कर रहे हैं, ऐसा लगता है शायद सौरभ भारद्वाज कोई एक्सपर्ट है जो कागज की क्वालिटी भी जज कर देते हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कपूर ने आरोप लगाते हुए कहा कि आप के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज आजकल सबसे बड़े प्रवक्ता बन गए हैं। इन्होंने 11 साल दिल्ली में विकास ठप्प करके घोटाले की सरकार चलाई इसलिए अब जब विकासशील सरकार चल रही है तो इन्हें इसमे भी हर चीज में घोटाला लग रहा है।

डीडीए नरेला में 1,648 अतिरिक्त एलआईजी फ्लैट कराएगा उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दशहरे के अवसर पर शुरू की गई डीडीए आवास निवेश योजना-2026 को मिले जबरदस्त जनसमर्थन के बाद दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने नरेला में 1,648 अतिरिक्त निम्न आय वर्ग (एलआईजी) फ्लैट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। डीडीए प्रशासन ने शुक्रवार को जानकारी साझा करते हुए बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल एवं डीडीए के अध्यक्ष सरदार तरनजीत सिंह संधू के मार्गदर्शन में इन फ्लैटों को 25 प्रतिशत की एकमुश्त छूट के साथ लगभग 14.95 लाख रुपये प्रति फ्लैट की कीमत पर उपलब्ध कराया जाएगा। इन अतिरिक्त फ्लैटों की ऑनलाइन बुकिंग 29 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। इच्छुक आवेदक डीडीए के आवास पोर्टल [https://eservices.dda.org.in](https://eservices.dda.org.in?utm_source=chatgpt.com)) के माध्यम से बुकिंग कर सकेंगे।

डीडीयू कॉलेज में वित्तीय साक्षरता पर कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज (डीडीयू कॉलेजः नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड) में शुक्रवार को नव पथ फाउंडेशन के सहयोग से 'माय फर्स्ट पे चेक' विषय पर वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आदित्य बिरला सन लाइफ एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के सहायक उपाध्यक्ष एवं जोनल मैनेजर ललित शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। उन्होंने पहली तनख्वाह के महत्व को वित्तीय साक्षरता, निवेश नियोजन और निवेशक संरक्षण के संदर्भ में समझाया। सत्र का उद्देश्य प्रतिभागियों को म्यूचुअल फंड निवेश की बुनियादी जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें सोच-समझकर वित्तीय निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के संयोजक दिल्ली विश्वविद्यालय के दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज के डॉ. सुनील कुमार थे।

'प्रदूषण हॉटस्पॉट की पहचान कर कार्रवाई सुनिश्चित करें प्रशासन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ पर्यावरण मंत्री ने की समीक्षा बैठक

दिल्ली में प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली सरकार ने प्रशासन को जिला स्तर पर प्रदूषण हॉटस्पॉट की पहचान कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को कापसहेड़ा स्थित जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम दिल्ली जिलों में वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों की समीक्षा के बाद यह जानकारी साझा की। बैठक में संबंधित विधायक, जिलाधिकारी (डीएम), पुलिस, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, मेट्रो, रेलवे, ट्रैफिक पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में दोनों जिलों के प्रदूषण हॉटस्पॉट, क्रेमेटोरियम, ट्रैफिक जाम वाले स्थानों, धीमी ट्रैफिक मूवमेंट, सड़क की धूल, अतिक्रमण, निर्माण गतिविधियों और खुले में कूड़ा एवं बायोमास जलाने सहित प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों की समीक्षा की गई। मंत्री ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने तथा चिन्हित समस्याओं के समाधान के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। सिरसा ने कहा कि इन नियमित बैठकों का उद्देश्य जिला स्तर पर प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करना, रोकथाम के उपायों की समीक्षा करना और संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

ओ-जोन पर सरकार लगातार कर रही है विचारः बिधूड़ी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि 'ओ-जोन' के मसले को हल करने के लिए लगातार विचार- विमर्श किया जा रहा है और सभी संबंधित एजेंसियों की उच्च स्तरीय बैठकें की जा रही हैं। अदालत में भी सरकार सोच-समझकर अपना मत रखने जा रही है। दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सांसद ने बताया कि उन्होंने यह मामला इस वर्ष मानसून सत्र में 20 जुलाई को नियम-377 के अंतर्गत उठाया था। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने बिधूड़ी को भेजे जवाब में कहा है कि मंत्रालय सभी संबंधित मुद्दों की जांच के लिए हितधारक एजेंसियों से सक्रिय रूप से तालमेल कर रहा है। मंत्रालय इस संबंध में इस वर्ष 6 अप्रैल, 8 जून, 6 जुलाई, 29 जुलाई और 18 अगस्त को उच्चस्तरीय बैठक कर चुका है। डीडीए इस मामले में सभी एजेंसियों से जानकारी एकत्र कर रहा है और 18 अगस्त को हुई बैठक में डीडीए ने सारी जानकारी एकत्र करने के लिए और समय मांगा है।



बाढ़ से निपटने के लिए 622 करोड़ की मंजूरीः प्रवेश

'यमुना किनारे बनाई जाएगी 4.7 किलोमीटर लंबी आरसीसी दीवार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में बाढ़ और जलभराव से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने 622 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित दिल्ली सचिवालय में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के फ्लड कंट्रोल बोर्ड की 40वीं बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान, नालों से निकाली जाने वाली गाद के वैज्ञानिक निस्तारण, ड्रेनेज इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और मानसून की बेहतर तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया। मंत्री प्रवेश ने बताया कि बोर्ड ने मैगजीन रोड नाले से ओल्ड रेलवे ब्रिज तक यमुना के संवेदनशील हिस्से में 99 करोड़ रुपए की लागत से 4.7 किलोमीटर लंबी प्रबलित सीमेंट कंक्रीट (आरसीसी) दीवार बनाने को मंजूरी दी।

इससे यमुना का जलस्तर बढ़ने के दौरान निचले इलाकों को सुरक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी। मंत्री ने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने तथा परियोजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

776 ग्राम गांजा बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राईम ब्रांच सेक्टर-16 की टीम ने अवैध नशा पर कार्रवाई करते हुए 22 अक्टूबर को



776 ग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान प्रेम राज बैरवा निवासी सेक्टर-56 फरीदाबाद के रुप में हुई है। पुलिस ने बताया कि टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए प्रेम राज बैरवा को राजीव सेक्टर 56 फरीदाबाद के पास से 776 ग्राम गांजा सहित काबू किया।

ठगी करने के मामले में खाताधारक धराया

फरीदाबाद। सेक्टर-8 वासी एक महिला का फोन हैक कर 1,26,701 रुपए की ठगी करने के



मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी सुखचैन वासी उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 5 अक्टूबर को उसका फोन अचानक से हैक हो गया और उसके खाता से अलग-अलग कुल 126701 रुपये कट गये।

घर पर फायर करने पर दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। बीते 21-22 अक्टूबर की रात को नंगला एनक्लेव पार्ट 2



में स्थित एक घर पर फायरिंग करने के मामले में अपराध शाखा एवीटीएस सिकरोना की टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी क्राईम अमन यादव ने बताया कि 21-22 अक्टूबर की रात करीब 2.15 बजे पार्ट 2 में सुभाष चौक के पास शिकायतकर्ता सरजीत के घर पर हत्या के प्रयास के नियत से 3 फायर किये गए थे।

आईएमडी और आईआईटीएम के सात दशक के अध्ययन में खुलासा

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में बढ़ा गर्मी और सूखे का दायरा

गुरुग्राम ▶▶ धर्मेंद्र कौशिक

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिम भारत में पिछले सात दशकों के दौरान गर्मी और सूखे का दायरा बढ़ा है, जबकि दक्षिण भारत के बड़े हिस्से में बारिश बढ़ने से शुष्क क्षेत्र सिमट गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी और भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान आईआईटीएम, पुणे के वैज्ञानिकों के अध्ययन में यह बदलाव सामने आया है। अध्ययन के अनुसार, उत्तर भारत में गर्म और शुष्क जलवायु का विस्तार पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आगे बढ़कर पूर्वी हिस्सों तक पहुंच गया है। इसका असर खेती और फसलों की बुवाई व कटाई के समय पर पड़ सकता है। आईएमडी की सहकर्मी-समीक्षित पत्रिका मौसम में प्रकाशित अध्ययन में 1951-1980 और 1991-2020 की जलवायु स्थितियों की तुलना की गई। उत्तर-पश्चिम भारत में गर्म अर्ध-शुष्क क्षेत्र का हिस्सा करीब एक-चौथाई से बढ़कर लगभग एक-तिहाई हो गया।

» *पुणे के वैज्ञानिकों के अध्ययन में यह बदलाव सामने आया*

» *जलवायु मानचित्रों की तुलना में उत्तर भारत में सबसे बड़ा बदलाव दिखा*

कर्नाटक और केरल में वर्षा का दायरा बढ़ा

इसके विपरीत, प्रायद्वीपीय भारत में इस क्षेत्र का दायरा करीब 30 प्रतिशत से घटकर 16 प्रतिशत रह गया। दक्षिण भारत में उष्णकटिबंधीय सवाना जलवायु का विस्तार हुआ है, जबकि कोंकण तट, तटीय कर्नाटक और केरल में अधिक वर्षा वाले मानसूनी क्षेत्र का दायरा बढ़ा है। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और पश्चिम विदर्भ में भी गर्म अर्ध-शुष्क जलवायु का विस्तार दर्ज किया गया।

समुद्र के तापमान से कम वर्षा का संबंध

शोधकर्ताओं ने 1981 से 2020 के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल में वर्षा के आंकड़ों की तुलना समुद्री तापमान के पैटर्न से की। अध्ययन में कम बारिश का संबंध उत्तरी प्रशांत महासागर के तापमान में होने वाले बदलाव से पाया गया। इसे 'विक्टोरिया मोड' कहा जाता है। इसके कुछ चरणों में नमी उत्तर भारत से दूर चली जाती है, जिससे वर्षा प्रभावित हो सकती है। अध्ययन की प्रमुख लेखिका और आईएमडी पुणे की वैज्ञानिक अनन्या कर्मकार ने कहा कि 1951 से 2020 तक के जलवायु मानचित्रों की तुलना में उत्तर भारत में सबसे बड़ा बदलाव दिखाई दिया। गर्म और शुष्क क्षेत्र का पूर्व दिशा में विस्तार उत्तर प्रदेश तक पहुंच गया है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में बुवाई और कटाई के समय की निगरानी पर जोर दिया। वहीं आईआईटीएम पुणे के सह-लेखक राजीब चट्टोपाध्याय के अनुसार, उत्तरी प्रशांत महासागर के तापमान पैटर्न की निगरानी से उत्तर भारत में वर्षा की कमी का पूर्वानुमान लगाने में मदद मिल सकती है। आईएमडी के महानिदेशक और अध्ययन के सह-लेखक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि सात दशकों के रिकॉर्ड भारत के जलवायु क्षेत्रों में बड़े बदलाव दर्शाते हैं। मराठवाड़ा और पश्चिम विदर्भ जैसे क्षेत्रों में कमजोर मानसून अब पहले की तुलना में अधिक शुष्क परिस्थितियों में आता है। ऐसे में दीर्घकालिक जलवायु बदलावों को समझना और मौसम पूर्वानुमान व किसानों को जारी सलाह में उनका उपयोग करना महत्वपूर्ण है।

स्थानीय उत्पादों को अपनाना आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के संकल्प को मजबूत करने का सशक्त माध्यम

सूरजकुंड दीवाली मेले से स्वदेशी उत्पादों और कारीगरों को मिल रहा नया बाजार: सीएम सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सूरजकुण्ड दिवाली मेला आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी के संकल्प को साकार करने वाले श्रम साधकों, कारीगरों और कलाकारों को नया बाजार उपलब्ध करवाने का एक सार्थक प्रयास है। इस मेले का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बिना किसी बिचौलिये के सीधे ग्राहकों तक पहुंचाना और कारीगरों को उनके परिश्रम का उचित लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि जब स्थानीय उत्पादों पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा, तो कारीगरों को नए ग्राहक मिलेंगे और उनके काम को आगे बढ़ाने का उत्साह भी बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को फरीदाबाद स्थित सूरजकुंड में दिवाली मेले के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पर्यटन एवं विरासत मंत्री डा. अरविंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

समारोह में कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नायब सिंह सैनी ने मेले में आने वाले सभी आगंतुकों और पर्यटकों का स्वागत करते हुए उन्हें करवा चौथ, अहोई अष्टमी, धनतेरस, दीपावली, विश्वकर्मा पूजन, गोवर्धन पूजन, भाई दूज और छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित यह मेला भारतीय हस्तशिल्प, लोक संस्कृति और विभिन्न क्षेत्रों के खानपान की विविधता को प्रदर्शित करेगा। यहां आने वाले परिवार देश की समृद्ध परंपराओं को करीब से जान सकेंगे और कारीगरों व शिल्पकारों के उत्पादों को खरीदने का अवसर भी प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है।

> सूरजकुंड दिवाली मेला भारतीय हस्तशिल्प, लोक संस्कृति और पारंपरिक कलाओं को करीब से जानने का अवसर

गांव के छोटे दुकानदारों को रोजगार के अवसर पैदा होते हैं

मेले का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाना और कारीगरों को उनके परिश्रम का उचित लाभ दिलाना



स्थानीय उत्पादों से कारीगरों को अगला काम शुरू करने की ताकत मिलती

उन्होंने कहा कि दीपावली की सबसे सुंदर रोशनी वह है, जो हमारे घर के साथ-साथ किसी मेहनतकश परिवार के घर को भी रोशन करे। त्योहारों पर स्थानीय कारीगरों के बनाए उत्पाद खरीदने से उनके परिवारों की आजीविका को सहारा मिलता है। स्थानीय उत्पादों की खरीदारी से कारीगरों को अगला काम शुरू करने की ताकत मिलती है, कच्चा माल खरीदने में मदद मिलती है और उनके साथ काम करने वाले अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा होते हैं।

सीएम ने कहा कि स्वदेशी अपनाने का अर्थ अपने देश की प्रतिभा पर विश्वास करना

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी अपनाने का अर्थ अपने देश की प्रतिभा पर विश्वास करना और उसे आगे बढ़ने का अवसर देना है। भारत में बने अच्छे उत्पादों को अपने जीवन में स्थान देकर हम अपने कारीगरों के कौशल और मेहनत का सम्मान कर सकते हैं। घर की सजावट, पहनावे और त्योहारों के उपहारों में भारतीय हस्तशिल्प को प्राथमिकता देने से कारीगरों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने उत्पादों को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सांझा बाजार स्थापित किए जा रहे हैं। विपणन और ब्रांडिंग में सहयोग देने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाए गए हैं।

उत्पाद प्रदेशभर में अपनी पहचान बना रहे

स्वयं सहायता समूह महिलाओं के सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम बनकर उभरे हैं। इन समूहों के उत्पाद प्रदेशभर में अपनी पहचान बना रहे हैं। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अब तक 67641 स्वयं सहायता समूहों से 6 लाख से अधिक परिवारों को जोड़ा जा चुका है। इन समूहों को रिवॉल्विंग फंड और सामुदायिक निवेश निधि के रूप में सरल ऋण के माध्यम से वित्तीय सहायता दी जाती है। अब तक 596 करोड़ रुपये की विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है। सामुदायिक निवेश निधि की राशि को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख 50 हजार रुपये कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की धरती सूरजकुंड शिल्प मेले, कुरुक्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव और पिंजौर के आम उत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से देश-दुनिया के लोगों को जोड़ती रही है।

बदलते मेकअप ट्रेंड को सामने लाने की कोशिश

फेस्टिव शॉपिंग के दौरान शहनाज गिल की लोटस मेकअप से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

त्योहारों के मौसम में खरीदारी और तैयारियों के बीच अभिनेत्री शहनाज गिल की दिल्ली, लाजपत नगर में लोटस मेकअप से मुलाकात हुई। इस पहल के जरिए भारतीय सौंदर्य, व्यक्तिगत स्टाइल और बदलते मेकअप ट्रेंड को सामने लाने की कोशिश की गई।

शहनाज गिल अपनी सहज शख्सियत और भारतीय जड़ों से जुड़ाव के लिए जानी जाती हैं। ब्रांड के साथ उनकी यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब त्योहारों के दौरान मेकअप और व्यक्तिगत स्टाइल लोगों की तैयारियों का अहम हिस्सा बनते हैं। पारंपरिक परिधानों के साथ आधुनिक मेकअप का मेल भी इन दिनों खास पसंद किया जा रहा है।

लोटस मेकअप की जनरल मैनेजर-मार्केटिंग पूजा सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि त्योहारों का मौसम व्यक्तिगत स्टाइल, परंपरा और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने



का अवसर देता है। शहनाज गिल की खरीदारी के दौरान हुई यह मुलाकात त्योहारों से जुड़े ब्यूटी ट्रेंड और आधुनिक भारतीय सौंदर्य की बदलती पसंद को रेखांकित करती है। मेकअप में बेहतर प्रदर्शन, आरामदायक अनुभव और स्किनकेयर के गुणों का मेल होना चाहिए। लोटस मेकअप का फोकस मेकअप के साथ त्वचा की देखभाल से जुड़े गुणों को जोड़ने पर है।

फरीदाबाद में कई महीने से धरना जारी

सीएम सिंह सैनी को काले झंडे दिखाने जा रहे किसानों को रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद में बड़ौली-प्रहलादपुर गांव के लोग कई महीने से जमीन अधिग्रहण से मुक्त कराने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं।

शुक्रवार को प्रदेश के सीएम सूरजकुंड में दीवाली मेले के शुभारंभ अवसर पर आए हुए थे। धरने के संयोजक वीरपाल गुर्जर अन्य किसानों के साथ सीएम को



काला झंडा दिखाने के लिए चल दिए, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान खूब धक्का-मुक्की हुई लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया।

गुस्साएं लोगों ने सोहना रोड सहित कई स्थानों पर लगाया जाम

हड़ताल के चलते 48 घंटों से नहीं आ रही औद्योगिक नगरी फरीदाबाद के कई इलाकों में लाईट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



बिजली कर्मचारियों की औद्योगिक नगरी में हड़ताल के दौरान 40 से 48 घंटों तक बिजली न आने से नाराज लोगों का सब्र का बांध टूट गया और गुस्साएं लोगों ने अलग-अलग स्थानों पर जाम लगाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में गुस्साएं लोगों ने सारन चौक, दो नंबर व बल्लभगढ़, सैनिक कालोनी चौक, अपूर्वा चौक, सोहना रोड़ सहित एक दर्जन से अधिकस्थानों पर जाम लगाया।

लोगों का आरोप है कि पिछले करीब 40 घंटे से क्षेत्र में बिजली नहीं आ रही है। इससे घरों में पानी की किल्लत हो गई है और रोजमर्रा के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। जाम के कारण सड़क पर यातायात भी बाधित हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। प्रदर्शन कर महिला रजनी, दिव्या, अनिता ने बताया कि लंबे समय से बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण घरों में पानी खत्म हो चुका है। बिजली के बिना पानी की मोटर नहीं चल पा रही है। इससे परिवारों को पीने और दूसरे जरूरी कामों के लिए पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बैठे जितेन्द्र ने बताया कि बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने से उनकी परेशानी लगातार बढ़ रही है। इसी के विरोध में उन्होंने बिजली कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

पैरा एथलीट चिराग त्यागी हत्याकांड में चल रहा था फरार

25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना विजयनगर पुलिस ने शुक्रवार को 25 हजार के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुधाकर ने बताया कि मेरा भतीजा यश खटीक पैरा एथलीट (दौड़) का खिलाड़ी है उसका दोस्त चिराग त्यागी एवं गगन त्यागी भी पैरा एथलीट दौड़ का खिलाड़ी था। चिराग त्यागी विदेश पैराएथलीट का खेलने गया था। मेरे भतीजे यश को भ्रम था कि चिराग त्यागी द्वारा पैरा एथलीट गेम से उसका नाम हटवा दिया था। इसीलिये गगन त्यागी ने मेरे भतीजे यश से कहा था कि चिराग त्यागी को मार दो फिर तुम विदेश पैरा एथलीट खेलने चले जाओगे। यश ने गगन त्यागी के कहने पर चिराग त्यागी की गोली मार कर हत्या कर दी। मैं यश से मिलने उसके पास आया जिसने मुझे वह पिस्टल दी जिससे उसने चिराग त्यागी की हत्या की थी।

एनसीआरटीसी ने निर्बाध ट्रांसपोर्ट इंटीग्रेशन के जरिए क्षेत्रीय बदलाव को प्रदर्शित किया

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री ने किया अर्बन मोबिलिटी इंडिया-2026 में एनसीआरटीसी के एग्जिबिशन स्टॉल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने 23 से 24 अक्टूबर तक ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित 19वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस और एक्सपो 2026 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के एग्जिबिशन स्टॉल का उद्घाटन किया।

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल और वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टॉल पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू, ओडिशा सरकार के आवासन एवं शहरी विकास तथा सार्वजनिक उद्यम मंत्री डॉ. कृष्ण चंद्र महापात्रा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के शहरी विकास विभाग के सचिव सतेंद्र सिंह और अन्य गणमान्य अधिकारियों का स्वागत और भारत की पहली रीजनल रेल प्रणाली नमो भारत की आधुनिक सुविधाओं और यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही, इस परियोजना से क्षेत्र में आए बदलावों को भी प्रदर्शित किया गया। एनसीआरटीसी प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि अक्टूबर, 2023 में प्राथमिक खंड पर परिचालन शुरू होने के बाद से, नमो भारत दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर यात्रियों के लिए ट्रांसपोर्ट का एक पसंदीदा माध्यम बन गया है, जो तेज, सुरक्षित और ज्यादा आरामदायक रीजनल कनेक्टिविटी देता है। इस सेवा की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस कॉरिडोर पर अब तक 4.5 करोड़ से अधिक यात्री सफर कर चुके हैं और हर दिन एक लाख से ज्यादा यात्रियों को इसका लाभ मिल रहा है। यह मॉडल कम स्टॉप के साथ लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों के सफर को बेहतर बना रहा है नमो भारत की सफलता रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम मॉडल की क्षमता को भी दिखाती है, देश के दूसरे इलाकों में भी अपनाया जा सकता है। सेमी-हाई स्पीड रीजनल मोबिलिटी का यह मॉडल कम स्टॉप के साथ लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों के सफर को बेहतर बना रहा है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिवम उर्फ कालू, पुत्र: राजेश, पता: 6772, किला कदम शरीफ, नबी करीम, दिल्ली** ने **FIR No. 280/2022, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शिवम उर्फ कालू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शिवम उर्फ कालू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 280/2022, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अभियुक्त **शिवम उर्फ कालू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री वैभव गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11, सेंट्रल
कमरा नं. 138, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15184/N/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार** पुत्र श्री भोला सिंह, निवासी मकान नंबर G-152, ग्राउंड फ्लोर, नई बस्ती, सीलमपुर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 333/2019 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम, थाना सीलमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **राज कुमार, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 333/2019 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम, थाना सीलमपुर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
श्री आशीष रस्तोगी
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-04
कक्ष संख्या 21, पहली मंजिल
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/15271/NE/2026

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(रों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक नोटिस जारी किया गया था।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 23 नवम्बर 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(रों) के लिये लागू होंगी।

ऋण अकाउंट नम्बर	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा पता
शाखा का नाम : दिल्ली-जगतपुरी		आईसीआईसीआई बैंक लि., ए3/31/1, राधेपुरी एक्सटेंशन, जगतपुरी रोड नंबर 57, दिल्ली-110051
802105000259	राजीव अरोड़ा	
802157000144	राजीव अरोड़ा	
शाखा का नाम : दिल्ली-ओखला फेज-3		आईसीआईसीआई बैंक लि., 254, ओखला फेज 3, नई दिल्ली 110020
182057000098	तुषार कुमार नागर	
182057000101	तुषार कुमार नागर	
शाखा का नाम : दिल्ली-एसडीए		आईसीआईसीआई बैंक लि., सी-1, सफदरजंग डेवलपमेंट एरिया (एसडीए), नई दिल्ली - 110016
182557000079	ध्रुव नाथ शर्मा	
182557000085	ध्रुव नाथ शर्मा	
शाखा का नाम : दिल्ली-संसद मार्ग		आईसीआईसीआई बैंक लि., 3 रीगल बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
663705601442	अमरप्रीत कौर	
शाखा का नाम : दिल्ली-भीकाजी कामा		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप यूजी 4 से 9, मोहता बिल्डिंग, भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली - 110066
181957000044	मोहम्मद कमरान आदिल	
शाखा का नाम : दिल्ली-मयूर विहार		आईसीआईसीआई बैंक लि., सी2425, आचार्य निकेतन, मयूर विहार, फेज 1, दिल्ली - 110091
629757007197	प्रियंका वर्मा	
शाखा का नाम : दिल्ली - पटपड़गंज रेजी. एरिया		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नंबर 19 और 20, सीएससी-1, डीडीए मार्केट, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, जिला-पूर्वी दिल्ली, दिल्ली-110092
501557000003	मनीष जैन	
शाखा का नाम : दिल्ली-प्रीत विहार चेल्थ		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी 141, प्रीत विहार, दिल्ली - 110092
164957000028	मौलिक गिरोत्रा	
शाखा का नाम : दिल्ली-विवेक विहार		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी130, विवेक विहार, फेज I, दिल्ली-110095
082905002560	विशेष गावां	
शाखा का नाम : दिल्ली-वेस्ट पटेल नगर-II		आईसीआईसीआई बैंक लि., बीपी 12, अपर ग्राउंड फ्लोर, वेस्ट पटेल नगर, जिला-पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110008
505805000039	कीर्ति	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-एसडीई अफ्रीका एवेन्यू		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी-2/3, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली - 110029
800057000011	प्रियंका सिंह	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-भोगल		आईसीआईसीआई बैंक लि., 25-ए, हॉस्पिटल रोड, जंगपुरा, नई दिल्ली - 110014
165005003036	शाहिन नूरी	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-दिलशाद कॉलोनी		आईसीआईसीआई बैंक लि., जी-20, दिलशाद कॉलोनी, दिल्ली - 110095
112757000144	शबनम	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-दिलशाद गार्डन		आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 5, ब्लॉक बी, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली-110095
113357000264	धीरज कुमार	
113357000293	मोहम्मद फिरोज	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-ग्रेटर कैलाश		आईसीआईसीआई बैंक लि., डब्ल्यू 57, ग्रेटर कैलाश I, नई दिल्ली - 110048
002957000506	भावना बत्रा	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-ग्रीन पार्क		आईसीआईसीआई बैंक लि., एस 26, 27, 28, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, उपहार सिनेमा के पास, नई दिल्ली - 110016
007157000452	सरला देवी	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-मोहन कोऑपरेटिव इंड. एस्टेट		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी1/11, मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली - 110044
135757000232	तुषार कुमार नागर	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-नजफगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लि., म. नं. 11, ब्लॉक सी, ओल्ड रोशन पुरा एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110043
071357000091	ध्रुव अरोड़ा	
071357000186	राजेश सिंह	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-ओखला पीएच-1		आईसीआईसीआई बैंक लि., ए194, ओखला फेज 1, नई दिल्ली-110020
071657000138	तुषार कुमार नागर	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-पीतमपुरा		आईसीआईसीआई बैंक लि., आरपी-4, पीतमपुरा, दिल्ली - 110034
015457000213	इन्द्र कुमार वर्मा	
015405008411	योगेश गर्ग	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-प्रशांत विहार		आईसीआईसीआई बैंक लि., डी16, निकट पीवीआर सिनेमा, प्रशांत विहार, नई दिल्ली - 110085
082705002109	राकेश कुमार	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-सरस्वती विहार		आईसीआईसीआई बैंक लि., ए-21, ग्राउंड फ्लोर, पुष्पांजलि एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली - 110034
072457000109	लावन्या मित्तल	
शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-7		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ प्लॉट नंबर 43, निर्मल दीप बिल्डिंग, सेक्टर 7, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, फरीदाबाद जिला, हरियाणा - 121006
107905003561	रेखा सिंह	
शाखा का नाम : कोटा		आईसीआईसीआई बैंक लि., 18, झालावाड़ रोड, कोटा, राजस्थान - 324007
018405013830	प्रमोद चौरसिया	

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 24.10.2026
स्थान : शाहदरा, ईस्ट दिल्ली, नई दिल्ली, नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली, साउथ-ईस्ट दिल्ली, साउथ-वेस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

26 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जाएगा वाल्मीकि जयंती

रामायण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी योगी सरकार लव-कुश प्रसंग से जीवंत होगी भारतीय सांस्कृतिक विरासत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

यूपी सरकार 26 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में धूमधाम से वाल्मीकि जयंती मनाएगी। इस अवसर पर आस्था, भक्ति और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का व्यापक उत्सव आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सैकड़ों महर्षि वाल्मीकि मंदिरों और रामायण से जुड़े प्रमुख स्थलों पर दीपदान, रामायण पाठ, भजन और भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सैकड़ों महर्षि वाल्मीकि मंदिरों और रामायण से जुड़े प्रमुख स्थलों पर दीपदान, रामायण पाठ, भजन और भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे...



चित्रकूट में रामलीला और वाल्मीकि आरती

चित्रकूट के क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि योगी सरकार के निर्देश पर महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर में जिला प्रशासन की ओर से वृहद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां रामलीला का मंचन, वाल्मीकि रामायण पाठ, भजन संध्या और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी।

रामायण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी

इन आयोजनों के जरिए आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की कालजयी रचना 'रामायण' में निहित मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी है। महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट में वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी योगी सरकार स्थानीय कलाकारों को आध्यात्मिक मंच उपलब्ध कराएगी।

पिछले वर्ष 600 से अधिक मंदिरों में हुए थे आयोजन

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण भारतीय साहित्य और संस्कृति की महत्वपूर्ण कृति है। इसमें वर्णित अनेक स्थलों को राम-जानकी मार्ग और राम वन गमन मार्ग के रूप में जाना जाता है। देशभर में ऐसे करीब 280 स्थल हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश के कई महत्वपूर्ण स्थान शामिल हैं। इन स्थलों की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को सामने लाने के लिए मंदिरों में दीप प्रज्वलन और दीपदान के साथ 8, 12 या 24 घंटे तक अनवरत वाल्मीकि रामायण पाठ कराया जाएगा। श्रीराम, हनुमान और रामायण से जुड़े अन्य प्रमुख मंदिरों में भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। पिछले वर्ष प्रदेश के 600 से अधिक मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

स्थानीय कलाकारों को मिलेगा आध्यात्मिक मंच

योगी सरकार देव मंदिरों में होने वाले रामायण पाठ और अन्य कार्यक्रमों के जरिए स्थानीय कलाकारों को आध्यात्मिक मंच उपलब्ध कराएगी।

जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में गठित समितियों ने जनपदों में चयनित मंदिरों और स्थलों पर प्रस्तुतियों के लिए कलाकारों का चयन किया है। कार्यक्रमों का समन्वय संस्कृति विभाग, सूचना-जनसंपर्क विभाग तथा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक जनपद में आयोजन के लिए नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं।

खबर संक्षेप

चुनाव की वोटिंग के बीच अनंत के घर जश्न

पटना। बिहार एमएलसी चुनाव के मतदान के बीच पटना स्नातक सीट पर सियासी पारा हाई है। जेडीयू के



प्रत्याशी नीरज कुमार ने विक्ट्री साइन दिखाते हुए अपनी जीत का दावा किया है। वहीं जसु पार्टी के प्रत्याशी अनुज का समर्थन कर रहे जेडीयू विधायक अनंत सिंह के यहां जश्न शुरू हो गया है। अनंत सिंह के समर्थकों ने पटाखे छोड़कर अनुज की जीत का दावा किया है। वहीं, अनंत के प्रचार में रहे छोटू सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

मां ने 2 बच्चों को कुएं में धकेल मार डाला

गोड्डा। झारखंड के गोड्डा जिले में खौफनाक घटना सामने आई है। यहां



ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किए जाने का बदला लेने के लिए एक महिला ने अपने 8 साल के बेटे व एक रिश्तेदार के 11 साल के बच्चे को कुएं में धकेलकर उनकी हत्या कर दी। आरोपी राखी कुमारी को पुलिस ने मायके से गिरफ्तार कर लिया है।

मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत 'साधना श्रृंखला' की उत्तरी क्षेत्रीय कार्यशाला

नागरिक संतुष्टि ही लोकसेवक का रिपोर्ट कार्ड कार्य प्रदर्शन को जोड़ा जाएगा एसीआर व प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

सीएम योगी ने एक कार्यक्रम में अफसरों को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि ऑफिस-ऑफिस सीरियल की तरह आम आदमी न भटके। योगी ने कहा कि नागरिक संतुष्टि ही किसी भी लोकसेवक का रिपोर्ट कार्ड है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक आम आदमी का अपने काम के लिए कार्यालय दर कार्यालय भटकना पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान खड़ा करता है। किसी बुजुर्ग, युवा, महिला, किसान या जरूरतमंद को निराश लौटना पड़े और उसे समयबद्ध समाधान न मिले, तो लोक सेवा का उद्देश्य पूरा नहीं होता। नागरिक संतुष्टि ही किसी भी लोकसेवक का रिपोर्ट कार्ड है। उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सक्षम, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के लिए सही व्यक्ति को सही पद पर तैनात करने की व्यवस्था विकसित की जाएगी। अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यक्षमता, उपलब्धियों और सक्सेस स्टोरी को वार्षिक गोपनीय आख्या (एसीआर) तथा पदोन्नति से जोड़ने की दिशा में काम होगा।



सही तैनाती पर 3 प्रमुख पहल

उन्होंने क्षमता विकास आयोग से आग्रह किया, यूपी में क्षमता विकास के लिए रुपाम को एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की दिशा में सहयोग करें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल तकनीक शासन का स्वरूप तेजी से बदल रहे हैं। लोक सेवकों को इन बदलावों के अनुरूप सक्षम बनाना आवश्यक है।

19.26 लाख कार्मिक आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकृत

सीएम ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में मिशन कर्मयोगी लोक सेवा की कार्यसंस्कृति में परिवर्तन का राष्ट्रीय अभियान है। यूपी के 19.26 लाख से अधिक सरकारी कार्मिक आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकृत हैं।

केवल नियुक्ति पत्र से कोई दक्ष नहीं बन जाता

सीएम ने गोरखपुर में सड़क निर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने एक सड़क को दो लेन से चार लेन बनाने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभियंताओं ने उसे जमीन से करीब तीन मीटर ऊंचा उठा दिया। इससे आसपास की घनी आबादी के लोगों का आवागमन बाधित हो गया। शिकायत मिलने पर वह स्वयं मौके पर पहुंचे और सड़क को मूल उद्देश्य के अनुरूप बनाने के निर्देश दिए। यह कार्य की व्यावहारिक समझ व नागरिकों की जरूरतों को समझने की क्षमता का प्रश्न था। डिग्री और नियुक्ति पत्र प्राप्त कर लेना ही किसी को योग्य अभियंता या सक्षम अधिकारी नहीं बना देता। नई तकनीक अपनाना, परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेना, अपने दायित्वों को समझने की क्षमता विकसित करना आवश्यक है। इसी सोच के साथ क्षमता विकास की जरूरत महसूस हुई।

कार्यालयों में लोगों का भटकना पूरे सिस्टम के लिए सवाल

सीएम योगी ने कहा कि किसी बुजुर्ग को पेंशन के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सामान्य नागरिक की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पाता। 'ऑफिस-ऑफिस' धारावाहिक का उल्लेख करते हुए कहा कि एक नागरिक का सामान्य से काम के लिए कार्यालयों में भटकना पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है। समस्याओं को जानबूझकर लटकाना या जानकारी के अभाव में समाधान न कर पाना, दोनों स्थितियां प्रशासन के लिए गंभीर हैं। एक अयोग्य व्यक्ति का जिम्मेदार पद पर बैठना भी खतरनाक है और एक लापरवाह व्यक्ति का वहां बने रहना भी।

हाईकोर्ट से बेल पर एसओपी जारी

जमानत पर 2 माह में फैसला करें, नहीं तो जज कारण बताएं

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार की अदालतों में आपराधिक मामलों की जमानत याचिका की सुनवाई में अब बेवजह देरी नहीं होगी। राज्य की सभी अदालतों को 2 महीने के भीतर जमानत याचिका और अग्रिम जमानत की अर्जी का निष्पादन करना होगा। अगर इस समयसीमा के भीतर बेल पर फैसला नहीं दिया गया, तो जज को इसका उचित कारण बताना होगा।

इस संबंध में पटना हाईकोर्ट ने बिहार के सभी सिविल कोर्ट को एसओपी जारी कर दी है। पटना हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जमानत अर्जी निष्पादन के लिए सिविल कोर्ट को 11 बिंदुओं पर एसओपी जारी की। इसमें सिविल कोर्ट के प्रधान जिला न्यायाधीश, लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक, जिला अभियोजन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ,डीएम और स्वास्थ विभाग के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।



व्यक्तिगत स्वतंत्रा से जुड़ी होती है जमानत अर्जी

सुप्रीम कोर्ट ने साल 2025 में अन्ना वामन भालेराव बनाम महाराष्ट्र सरकार की आपराधिक अपील पर सुनवाई के बाद इस संबंध में अहम निर्देश दिए थे। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि जमानत अर्जी और अग्रिम जमानत अर्जी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा मामला होता है। इसे प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाईकोर्ट और सिविल कोर्ट को 2 माह के भीतर जमानत और अग्रिम जमानत अर्जी पर त्वरित सुनवाई कर निष्पादन करने का निर्देश दिया हुआ है। पटना हाईकोर्ट ने शीर्ष अदालत के निर्देश पर ही बिहार की सभी जिला अदालतों को एसओपी जारी की है।

सुनवाई में देरी से याचिकाकर्ता होते हैं परेशान

जब किसी व्यक्ति की गैर जमानती धाराओं में गिरफ्तारी होती है, तो वह मजिस्ट्रेट, सेशन कोर्ट या हाईकोर्ट में अर्जी देकर जमानत मांग सकता है। एसओपी के तहत अर्जी दायर करने के दो महीने के भीतर अदालतों को इस पर फैसला करते हुए अर्जी का निष्पादन कर देना होगा। कई बार जमानत याचिका पर सुनवाई में देरी से याचिकाकर्ता, उसके परिवार और वकीलों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पेज एक का शेष

चीन की सेना ...

मीडिया को रक्षा मंत्रालय से सवाल पूछने चाहिए।

रिटायरमेंट से 7 दिन पहले किया धमाका: गौरतलब है कि आईटीबीपी के महानिदेशक (डीजी) शत्रुजीत कपूर ने अपनी सेवानिवृत्ति (रिटायरमेंट) से ठीक सप्ताहभर पहले सार्वजनिक रूप से कहा कि अरुणाचल प्रदेश में चीन के साथ लगे हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में जुलाई महीने से जारी सैन्य झड़पें आज भी चल रही हैं। यह जुलाई-2026 में राज्य के ऊपरी सुबनसिरी के यांग्त्से इलाके में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई झड़प की वजह से उपजे तनाव के बाद भारत के स्तर पर सामने आई पहली आधिकारिक पुष्टि है। आसफिला जैसे क्षेत्रों में चीनी सैनिकों ने भारत के मुताबिक तय एलएसी से महज 6 से 7 किलोमीटर दूर अपने तंबू लगा रखे हैं। राजस्थान के अलवर में केंद्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित आईटीबीपी के वार्षिक अभिनंदन समारोह (हिमवीर सम्मान समारोह) को संबोधित करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी है।

बदलती हुई परिस्थितियों ...

है। साथ ही ये भी कहा तेजी से बदलती हुई परिस्थितियों के मद्देनजर सैन्य रणनीति को गतिशील और लचीला बनाए रखना बेहद आवश्यक है। ताकि जरूरत पड़ने पर समय रहते बदलाव किया जा सके। रक्षा मंत्री के मुताबिक, भविष्य में युद्धों में सफलता बहुक्षेत्रीय क्षमताओं, संयुक्त अभियानों के दौरान प्रभावी तालमेल, समन्वय पर निर्भर करेगी। यहां बता दें कि सेना का कमांडर सम्मेलन तीन दिवसीय है। जो 21 से 23 अक्टूबर तक चलेगा। सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ ने इसकी अध्यक्षता की।

जमीनी युद्ध में बनी रहेगी भूमिका: आधुनिक तकनीक-प्रौद्योगिकी के तीव्र आगमन के बीच उन्होंने कहा कि हवाई, समुद्री, अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्रों में चुनौतियों में होती बढ़ोतरी के बावजूद जमीन पर लड़े जाने वाले युद्ध और सेना की भूमिका का महत्व कभी खत्म नहीं होगा। यह हमेशा बना रहेगा। राजनाथ ने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति से दो-दो हाथ करने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण को अपनाने का भी सेना की सभी सातों कमांड के वरिष्ठ कमांडरों से आह्वान किया है।

ऑपरेशन सिंदूर से मिली ये सीख: उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने तीनों सशस्त्र सेनाओं के बीच नई रणनीतिक सोच, बेहतर तालमेल और उत्कृष्ट समन्वय का प्रदर्शन किया है। यह देश का एक ऐसा अभियान था। जिसे आधुनिक हथियार प्रणालियों का सहयोग प्राप्त था। वहीं, इस अभियान ने हमें ये संदेश भी दिया है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने से कभी भी पीछे नहीं हटेगा। सेना द्वारा आत्मनिर्भरता को लेकर किए जा रहे प्रयासों की भी उन्होंने सराहना की है। दुनिया में भारत की स्थिति को मजबूत बनाने का श्रेय रक्षा बलों के साहस, अनुशासन, तत्परता और संयम के साथ पीएम मोदी के नेतृत्व, कूटनीतिक प्रयासों की सफलता को जाता है।

जारी किया लैंड वारफेयर डॉक्ट्रिन: सम्मेलन में रक्षा मंत्री ने लैंड वारफेयर डॉक्ट्रिन जारी किया। यह एक ऐसा सिद्धांत है जो कि भारतीय सेना को युद्ध के बदलते स्वरूप तथा भावी संघर्षों से जुड़ी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार करने के संबंध में एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करता है। उन्होंने यूएन की वार्षिक पत्रिका का भी विमोचन किया, शांति अभियानों में सराहनीय योगदान देने वाले सेना के जवानों को सम्मानित किया। सम्मेलन में रक्षा राज्य मंत्री, सीडीएस, सेनाप्रमुख, रक्षा सचिव सहित मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

सुधारों को लागू...

करने पर भी राजनाथ सिंह ने जोर दिया है। उन्होंने सेना को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), स्वायत्त प्रणालियों, डेटा विश्लेषण, साइबर सुरक्षा सहित संचार नेटवर्क जैसे तमाम अहम क्षेत्रों में प्रयास बढ़ाने का निर्देश दिया।

समाज को बांटने ...

मोदी ने भारत मंडपम में 'चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक बुराइयों से निपटने और बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। पीएम ने कहा कि दशकों में समय बदला है, नई चुनौतियां सामने आई हैं और नई सामाजिक बुराइयां पैदा हुई हैं। आज, इन समस्याओं को सुलझाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने आगे कहा कि हमें समाज को बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होना होगा, आत्मनिर्भर बनने के लिए लोगों प्रेरित करना होगा, हर व्यक्ति को 2047 तक विकसित भारत के विजन से जोड़ना होगा। इस दौरान, पीएम ने स्वामी चिन्मयानंद के होलोबॉट से बात की। स्वामी चिन्मयानंद का निधन 3 अगस्त 1993 में हो गया था। चिन्मय मिशन एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है, जिसकी स्थापना 1951 में स्वामी चिन्मयानंद ने की थी। चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर 3 दिन का आयोजन हो रहा है। यह 25 अक्टूबर तक चलेगा।

1993 में गुरुदेव ....

अमेरिका के सैन डिएगो में स्वामी जी हमें छोड़कर चले गए। मैं वहीं था, हम सभी को पूज्य गुरुदेव की कमी महसूस हो रही थी।

'फेल्ड प्रोडक्ट' राहुल ...

कांग्रेस के ऐतिहासिक निर्णयों पर सवाल उठाए। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कांग्रेस से देशहित और संवैधानिक मर्यादाओं के अनुरूप आचरण करने की अपील की।

वंशवादी राजनीति को समाप्त करने का प्रयोग भी विफल: राहुल गांधी ने अगला प्रयोग यह कहकर किया कि वे वंशवादी राजनीति को समाप्त करेंगे। राहुल गांधी को एक स्मार्ट, क्लीन-शेव्ड और विदेश में पढ़े-लिखे युवा नेता के रूप में प्रस्तुत किया गया, लेकिन यह प्रयोग भी विफल रहा। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी को लॉन्च करने के लिए जितने भी प्रयास किए गए, उनसे यह बात उत्तरोत्तर स्पष्ट होती चली गई।

कांग्रेस राष्ट्रविरोधी ताकतों के साथ खड़ी नजर आ रही: अब कांग्रेस एक बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है, जहां वह राष्ट्र-विरोधी शक्तियों के साथ खड़ी नजर आती है। जब-जब राहुल गांधी विदेश जाते हैं, वे अज्ञात स्थानों पर जाकर संदिग्ध लोगों से मिलते हैं और यहां आकर भारत-विरोधी प्रचार करते हैं। पूरी दुनिया में जो कुछ हो रहा है, उसके उदाहरण सबके सामने हैं, लेकिन भारत जैसा उदाहरण कहीं और नहीं मिलेगा।

अवैध फैक्ट्री में ...

पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इस घटना में कई लोगों के शरीर के टुकड़े जहां-तहां बिखरे मिले हैं। दमकल की कई गाड़ियां देर रात तक आग बुझाती रहीं। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने और स्थिति सामान्य होने के बाद ही मृतकों एवं घायलों की वास्तविक संख्या स्पष्ट हो सकेगी। ये पटाखा फैक्ट्री कथित तौर पर बिना लाइसेंस के संचालित की जा रही थी।

वायु सेना प्रमुख ने एनसीसी...

कुल करीब 35 से 40 मिनट की रही। गणतंत्र दिवस शिविर में जताई इच्छाइस उड़ान के साथ किसी सेवारत वायुसेनाप्रमुख के साथ उड़ान भरने वाली तेजस्वी रेड्डी एनसीसी की पहली कैडेट बन गई हैं। उन्होंने इस साल नई दिल्ली में हुए गणतंत्र दिवस शिविर के दौरान एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह के साथ हुई मुलाकात में इस बाबत इच्छा जाहिर की थी। जो कि अब किरण विमान में उड़ान के साथ पूरी हो गई है।

सिंह ने समझाई उड़ान की बारीकियां: वायुसेनाप्रमुख ने कैडेट को उड़ान की औपचारिक रूप से शुरुआत करने से पहले इससे जुड़ी हुई तमाम बारीकियां विस्तार से समझाई। जिसमें उन्होंने तेजस्वी का सबसे पहले कॉकपिट से परिचित कराया, सुरक्षा जानकारी दी, आपात परिस्थितियों के बीच विमान से बाहर निकलने यानी इजेक्शन प्रक्रिया से अवगत कराया। इसके अलावा उड़ान से ठीक पहले कैडेट की चिकित्सा जांच भी की गई। वहीं, किरण में सवार होने से पूर्व एयरचीफ मार्शल ने युवा एनसीसी कैडेट को विमान के तमाम विनिर्देशों, मुख्य घटकों, इंजन की कार्यप्रणाली, कॉकपिट प्रक्रियाओं और सुरक्षा तंत्र के बारे में भी बताया। उड़ान के दौरान की जाने वाली कलाबाजियों, उड़ान कोणों, तीखे मोड़ों से भी उनका परिचय कराया और अपने मार्गदर्शन में कैडेट को इनका अभ्यास करने का अवसर प्रदान किया। कैडेट को मिला व्यावहारिक अनुभवमंत्रालय ने ये भी कहा कि इस उड़ान ने एनसीसी की युवा कैडेट को विमानन व उड़ान का एक बेहतरीन व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया है। साथ ही एविएटर बनने की अपनी आकांक्षा को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित भी किया है। विकसित भारत के विजन के हिसाब से इस उड़ान का लक्ष्य युवाओं को अपनी क्षमताओं को विकसित करने, राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के अवसर प्रदान करना है।

114 मेडल जीतकर ...

यह 2023 में भेजे गए दल के आकार का लगभग आधा था। इस बार गोल्ड मेडल जीतने में बैडमिंटन खिलाड़ियों, तीरंदाजों और निशानेबाज मोना अग्रवाल ने भी अहम योगदान दिया। बैडमिंटन में भारत ने तीन गोल्ड मेडल जीते। पेरिस पैरालंपिक चैम्पियन नितेश कुमार ने पुरुष सिंगल्स एसएल 3 वर्ग में गोल्ड अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में हमवतन और टोक्यो पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट प्रमोद भगत को 21-18, 21-16 से हराया। एशियन पैरा गेम्स में पहली बार हिस्सा ले रहे नवीन शिवकुमार ने पुरुष सिंगल्स एसएल 4 वर्ग का गोल्ड जीता।

समुद्री क्षेत्र में ...

मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान के माध्यम से यह जानकारी दी है। 5 सत्रों में सुनाई देगी इन मुद्दों की गूंजमंत्रालय ने बताया, नौसेना का ये एक वार्षिक स्तर का उच्चस्तरीय रणनीतिक संवाद है। जिसे समुद्री बल के नॉलेज पार्टनर और प्रमुख आयोजक नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन के सहयोग से किया जाएगा। 2026 में सम्मेलन का विषय आईपीआर में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शैक्षणिक सहयोग पर केंद्रित रहेगी। जबकि अगर थीम की बात करें तो वह समकालीन समुद्री क्षेत्र एक मूलभूत विशेषता को रेखांकित करती है। तीन दिनों के कार्यक्रम में पांच पेशेवर विषयगत सत्र होंगे। जिनमें संयुक्त अनुसंधान, सहयोगात्मक प्रौद्योगिकी विकास, जिम्मेदार शासन, वैज्ञानिक डेटा तक न्यायसंगत पहुंच और मजबूत संस्थागत साझेदारी के व्यावहारिक उपायों पर मंथन किया जाएगा। इसके अलावा अकादमिक नेटवर्क, अनुसंधान-मानव पूंजी विकास, समुद्री स्थितिजन्य जागरूकता, महत्वपूर्ण समुद्री बुनियादी ढांचे का संरक्षण, समुद्र विज्ञान-जलवायु लचीलापन सहित कई विषय चर्चा का हिस्सा बनेंगे।

भारत-श्रीलंका के पूर्व नेवी चीफ होंगे शामिल: आयोजन के उद्घाटन दिवस पर एक विशेष सत्र होगा। जिसका शीर्षक 'पर्सपैक्टिव फ्रॉम द फ्लैग ब्रिज' होगा। भारत और श्रीलंका के पूर्व नौसेनाप्रमुख इस सत्र में भाग लेंगे। जबकि सहयोग का संवाद शीर्षक से राजदूतों की एक विशेष परिचर्चा भी होगी। 3 से 5 नवंबर तक मंत्रिस्तरीय, अन्य विशेष संबोधनों सहित क्षेत्र के भागीदार देशों के समुद्री विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, शिक्षाविद, नीति निर्माता भी विचार-विमर्श की प्रक्रिया से जुड़ेंगे। समाधान ढूंढने पर रहेगा जोरकार्यक्रम में समाधान और विचार-विमर्श को राष्ट्रीय, उप-क्षेत्रीय, व्यापक क्षेत्रीय स्तरों पर की गई विशिष्ट कार्रवाई योग्य उपायों की पहचान पर केंद्रित रहेगा। तमाम उपायों को भविष्य में सौहार्द, सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने वाली द्विपक्षीय, त्रिपक्षीय और बहुपक्षीय संरचनाओं के मौजूदा तंत्रों के माध्यम से लागू किया जा सकेगा।

बैंकॉक का सम्मेलन...

लिए जरूरी वैज्ञानिक ज्ञान, तकनीकी क्षमताएं, संस्थान असमान रूप से वितरित हैं। जलवायु परिवर्तन, समुद्री व्यापार, आपूर्ति श्रृंखलाओं की कमजोरियां, समुद्री संसाधनों पर बढ़ता दबाव और समुद्री बुनियादी ढांचे पर मंडराते खतरे तेजी से राष्ट्रीय सीमाओं से परे अपना प्रभाव डाल रहे हैं। ऐसे में इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए न केवल उन्नत तकनीकों, सहयोग, सूचना-साझाकरण और मानव पूंजी के विकास की सुदृढ़ व्यवस्थाओं की भी दरकार है।

जियो आईपीओ का...

में रिटेल निवेशकों के बीच भी शेयरों के लिए जबरदस्त होड़ रही। रिटेल कैटेगरी में करीब 8.5 करोड़ शेयर उपलब्ध थे, लेकिन 23 करोड़ से ज्यादा शेयरों के लिए बोलियां आईं। यानी, उपलब्ध शेयरों के मुकाबले 2.72 गुना मांग रही। अब सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर कितने निवेशकों को शेयर मिल पाएंगे? शेयरों का आवंटन वैध आवेदनों, न्यूनतम लॉट और लागू अलॉटमेंट प्रक्रिया के आधार पर होगा। बड़े संस्थागत निवेशकों (क्यूआईबी) की कैटेगरी 70.55 गुना सब्सक्राइब हुई। गैर-संस्थागत निवेशकों की कैटेगरी 14 गुना, रिलायंस शेयरहोल्डर कोटा 7.60 गुना और कर्मचारी कोटा 2.93 गुना भर गया। अब निवेशकों की नजर शेयरों के अलॉटमेंट पर है। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक 26 अक्टूबर को अलॉटमेंट तय होगा, 27 अक्टूबर को शेयर डीमैट खातों में क्रेडिट किए जाएंगे और 28 अक्टूबर को जियो प्लेटफॉर्म्स की बीएसई और एनएसई पर लिस्टिंग प्रस्तावित है।

जियो आईपीओ ने ...

23 अक्टूबर को जियो प्लेटफॉर्म्स के मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश अंबानी का जन्मदिन भी था। इसी दिन दुनिया में सबसे ज्यादा आवेदन पाने वाले आईपीओ की ऐतिहासिक बिडिंग पूरी हुई।

मतदान खत्म होते ही तेजस्वी का दावा

बोले- बिहार के सभी आठ सीटें जीत रही है राष्ट्रीय जनता दल

पार्टी को उम्मीदवारों के पक्ष में मिल रहा सकारात्मक फीडबैक

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार विधान परिषद की आठ सीटों के लिए मतदान समाप्त होने के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है।



राजद नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि उनकी पार्टी सभी आठ सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी को उम्मीदवारों के पक्ष में सकारात्मक फीडबैक मिल रहा है। साथ ही उन्होंने चुनाव में वोट चोरी, फर्जी मतदाता और फर्जी मतदान के आरोप भी लगाए। हालांकि, इन दावों की पुष्टि चुनाव परिणाम आने के बाद ही हो सकेगी।

तेजस्वी ने कहा कि राजद सभी आठ सीटों पर चुनाव जीत रही है। उनके अनुसार, पार्टी को चुनाव के दौरान अपने उम्मीदवारों के पक्ष में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इस दावे के साथ राजद ने चुनाव परिणाम को लेकर अपनी उम्मीदें जाहिर की हैं। हालांकि, अभी किसी भी दल की जीत को लेकर आधिकारिक नतीजे सामने नहीं आए हैं।

वोट चोरी और फर्जी मतदान के लगाए आरोप

तेजस्वी यादव ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए वोट चोरी, फर्जी मतदाताओं और फर्जी मतदान के आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि चुनाव को प्रभावित करने के लिए पैसे और सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक

सार्वजनिक सूचना: भारतीय स्टेट बैंक के निष्क्रिय बचत बैंक (नियमित) खाता धारक

यह सूचना उन बचत बैंक (नियमित) खाताधारकों के लिए है, जिनके खाते पिछले दो वर्षों में लेन-देन नहीं करने के कारण निष्क्रिय हो गए हैं।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ एसबीआई की किसी भी शाखा से संपर्ककरें या अपने केवाईसी को अपडेट करने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे इंटरनेट बैंकिंग/योनो मोबाइल ऐप/एटीएम/व्हाट्सएप बैंकिंग आदि का उपयोग करें।

इस सूचना के एक माह के भीतर अगर 1 वर्ष से अधिक समय से शून्य शेष रखने वाले ऐसे निष्क्रिय खातों की केवाईसी अपडेट नहीं की जाती है तो बिना किसी अन्य सूचना के उन्हें एक माह में बंद कर दिया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक
दिनांक: 24.10.2026



फौजी का नया पोस्टर जारी
1932 से है कनेक्शन

मुंबई। साउथ सुपरस्टार प्रभास के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'फौजी' के मेकर्स ने फैंस को खास तोहफा दिया है। 23 अक्टूबर को फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें प्रभास का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। पोस्टर में आग की लपटों के बीच एक सुनहरा सिक्का नजर आ रहा है, जिस पर सैन्य वर्दी में प्रभास की तस्वीर बनी हुई है। पोस्टर पर 'ए बैटालियन हू फाइट्स अलोन' (एक ऐसी बटालियन जो अकेले लड़ती है) और 'मोस्ट वांटेड सिंस 1932' लिखा हुआ है। इसके साथ ही एक रहस्यमयी फाइल नंबर 025 का भी जिक्र किया गया है, जिसका राज जल्द खुलने वाला है।

लाइफ Style

संजीदा
किसी एक जॉनर में नहीं बंधना

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल इक्का और धमाल 4 फिल्मों में नजर आईं अभिनेत्री संजीदा शेख इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय हैं, लेकिन सोच समझकर अपना वक्त खर्च करती हैं। वह कहती हैं कि इंटरनेट मीडिया को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि मेरा प्रयास होता है कि मैं इस पर कम दिखूं, जिससे जीवन में शांति बनी रहे।

इसके लिए खुद पर काम करना होता है, क्योंकि यह करना आसान नहीं होता है। जैसे ही हमारे हाथों में फोन आता है, तो हम सबसे पहले इंस्टाग्राम खोलते हैं। ऐसे में लगातार कोशिश करनी होती है कि खुद उस पर कम समय के लिए रखें। मैं तो टाइमर लगा देती हूं। आगे अपने जीवन के टर्निंग प्वाइंट के बारे में बात करते हुए संजीदा कहती हैं कि मेरे करियर का अहम मोड़ वही था कि मैं किसी जॉनर में नहीं बंधी। फिल्मकार इस बात को समझ रहे हैं कि मैं धमाल 4 भी कर सकती हूं, इक्का भी और हीरामंडीः द डायमंड बाजार जैसा भारीभरकम शो भी। मैं यह नहीं कह रही हूं कि मुझे सब आ गया है, मैं खुद को और बेहतर बनाने में लगी हुई हूं। मेरे लिए टर्निंग प्वाइंट वही था, जब मैंने तय किया था कि मुझे किसी एक श्रेणी या जॉनर में बंध कर नहीं रहना है। मैंने वह सोच लोगों में आने ही नहीं दी कि यह हीरामंडी कर रही है, तो उसी तरह का किरदार आगे भी करेगी। इंटरनेट मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग, बाडी शेमिंग और नकारात्मकता को संजीदा कैसे संभालती हैं? इसे लेकर संजीदा शेख आगे कहती हैं कि मैं इंटरनेट मीडिया को केवल अपने मनोरंजन की तरह देखती हूं। निगेटिविटी तो हैं, उसे जितना हो सके नजरअंदाज करें।



हॉलीवुड मसाला



ऑब्सेशन ओटीटी पर होगी रिलीज

नई दिल्ली। करी बार्कर के निर्देशन में बनी हॉरर फिल्म ऑब्सेशन अब भारत में ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। भारत में 30 अक्टूबर को शाम 7 बजे से जियो स्टार के पैक हब पर इस फिल्म का अंग्रेजी और हिंदी में अनकट वर्जन उपलब्ध होगा। हॉरर फिल्मों में कई बार उनकी डरावनी कहानी से ज्यादा खौफनाक उसका कोई एक सीन बन जाता है। कुछ ऐसा ही एक्सरपीरियंस एक्ट्रेस इंडे नवारेटे को अपनी फिल्म ऑब्सेशन के दौरान हुआ. ये हॉरर मूवी 2026 की सबसे कामयाबी हॉरर फिल्मों से है।



फिल्मों के अलावा टीवी शो के लिए भी थे मशहूर

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता टॉम स्केरिट का निधन हो गया है। वह 93 साल के थे। वह 'एलियन' और 'टॉप गन' जैसी क्लासिक फिल्मों में अपने यादगार किरदारों के लिए याद किए जाते हैं। एमी अवॉर्ड विजेता स्केरिट 'पिकेट फेंसेस' में काम करके टीवी की दुनिया में मशहूर हुए। टॉम स्केरिट ने 1993 में एमी अवॉर्ड जीता और 1994 में उन्हें 'पिकेट फेंसेस' में जिमी ब्रॉक का किरदार निभाने के लिए ऑफर मिला। बड़े पर्दे पर स्केरिट ने कई तरह की फिल्मों में बेहतरीन और यादगार अभिनय किया। रिडले स्कॉट की मशहूर साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'एलियन' (1979) में उन्होंने नोस्ट्रोमो के कैप्टन डलास का किरदार निभाया था। इसके अलावा, उन्होंने 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'टॉप गन' में टोनी स्कॉट के साथ काम किया।



एआई अभिनेत्री को पसंद हैं शाहरुख...

नई दिल्ली। 'कैन एआई बिकम अ स्टार?' सेशन में दुनिया की पहली एआई एक्टर टिली नॉरवुड ने वर्चुअल तौर से हिस्सा लिया। उनके साथ पार्टिकल 6 की फाउंडर और सीईओ एलाइन वैन डेर वेल्डन भी मंच पर मौजूद रहीं, जिन्होंने टिली को बनाया है। इस दौरान टिली नॉरवुड ने अपने बारे में ढेर सारी जानकारी दी। उनसे हिंदी में भी कई सवाल किए गए। टिली ने हिंदी में बात करते हुए शाहरुख खान को अपना पसंदीदा भारतीय एक्टर बताया। उन्होंने कहा कि, 'मुश्किल सवाल है, लेकिन मुझे शाहरुख खान पसंद है।' इसके अलावा टिली ने किंग खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' के रीमेक में काम करने की इच्छा जताई। टिली ने फिल्म में दीपिका पादुकोण की डिजिटल ट्विन बनने की इच्छा भी जताई। उन्होंने साफ कहा कि वह किसी की जगह नहीं लेना चाहतीं।



श्यामा प्रसाद के जीवन पर मधुर बनाएंगे फिल्म

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनकी विरासत को बड़े परदे पर लाने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का संभावित शीर्षक 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर' रखा गया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। प्रोजेक्ट से जुड़ी अन्य जानकारियां अभी गुप्त रखी गई हैं। इस फिल्म को निर्माता आदित्य कुमार हलवासिया का समर्थन मिला है। इसे भंडारकर एंटरटेनमेंट और एकेएच वेंचर्स की तरफ से प्रोड्यूस किया जा रहा है। भंडारकर अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वाइव्स ऑफ बॉलीवुड' का काम पूरा करने के बाद इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। ऐतिहासिक ड्रामा और पॉलिटिकल थ्रिलर यह फिल्म, 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर', डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



इंडिया के टॉप 1% शो में सतीश को याद कर भावुक हुए अनिल

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर अपने शो 'इंडिया के टॉप 1%' को लेकर चर्चा में हैं। इस शो के अपकमिंग एपिसोड में अनिल कपूर ने दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक के साथ अपनी गहरी दोस्ती को याद किया है। उन्होंने बताया कि उनके बीच का रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था। यह भावुक पल तब आया जब शो के एक प्रतियोगी गगन ने बताया कि लोग अक्सर उनकी तुलना दिवंगत अभिनेता से करते हैं। गगन की शक्ल सतीश कौशिक से काफी मिलती-जुलती है। गगन ने यह भी बताया कि टीवी शो 'सुमित संभल लेगा' की शूटिंग के दौरान दिल्ली में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई थी। इस बात ने अनिल कपूर को अपने दोस्त से जुड़ी पुरानी यादों में खो जाने पर मजबूर कर दिया। सतीश कौशिक के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'उनके साथ मेरा रिश्ता कैसा था, इसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अगर यह शूटिंग 70 मिनट की भी होती, तो भी उनके बारे में किस्से सुनाने के लिए कम पड़ जाती। वे मुझसे अक्सर कहते थे, 'तुम्हारा टैलेंट लाजवाब है'।' अनिल कपूर ने यह भी बताया कि वह प्यार से सतीश कौशिक को 'डैनी डेविटो' कहकर बुलाते थे। दोनों को 'ट्विन्स' फिल्म बहुत पसंद थी और वे अक्सर सोचते थे कि काश वे कभी साथ में जुड़वां भाइयों का किरदार निभा पाते। अपनी गहरी दोस्ती को याद करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'अगर मेरा कोई जुड़वां भाई हो सकता है, तो वह सिर्फ सतीश थे, क्योंकि वह मेरे बारे में सब कुछ जानते थे।

ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं

मुंबई। अभिनेत्री अदिति शर्मा के लिए अभिनय सिर्फ पर्दे पर किसी पात्र को जीना नहीं, बल्कि उसके जरिये कुछ कहने का भी जरिया है। लेडीज वर्सेस रिकी बहल और अन्य फिल्मों में नजर आ चुकीं अदिति इन दिनों कलर्स के शो 'शायद यहीं है प्यार' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं अदिति के लिए यह वापसी मां बनने के बाद अपनी पहचान और पेशेवर जिंदगी के बीच संतुलन बनाने का भी सफर है। क्या टीवी पर सास-बहू ड्रामा के बीच अपने लिए अलग भूमिका ढूंढ़ पाना कठिन होता है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसके लिए शो लिखने वाले और आपका उस शो का हिस्सा बनने का समय सही होना चाहिए। मैं हमेशा से महिला प्रधान और परतदार रोल करना चाहती हूं, जिसे करने में डर लगे, सेट पर नर्वस हो जाऊं। आसान काम मुझे नहीं पसंद है। मुझे वे रोल पसंद आते हैं, जो लोगों से जुड़ते हैं।



सिला का पोस्टर रिलीज
कल्पना से भी परे होगी कहानी

मुंबई। नए साल में हर्षवर्धन राणे के नए तेवर देखने को मिलने वाले हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'पुलिस कंपनी' की रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। यह फिल्म अगले साल जून में दस्तक देगी। इस बीच एक और फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। अभिनेता की आगामी फिल्मों की लिस्ट में 'सिला' का नाम भी शामिल है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सिला' एक्शन से भरपूर एक रोमांटिक फिल्म है। शुक्रवार को इस फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें हर्षवर्धन इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। यह अगले साल मोहब्बत वाले महीने यानी फरवरी में रिलीज होगी। पोस्ट के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक, यह फिल्म 05 फरवरी 2027 को रिलीज होने वाली है।



फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने इसकी कहानी को लेकर संकेत दिया है। यह सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर एक्शन-रोमांटिक फिल्म होगी। पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'किस्मत से परे प्यार। हद से परे एक सफर और कल्पना से भी परे एक कहानी। 'सिला' की तलाश शुरू। बता दें कि फिल्म 'सिला' का निर्देशन उमंग कुमार ने किया है। इसमें 'बिग बॉस 18' के विजेता करण वीर मेहरा भी नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे फिल्म में नेगेटिव रोल में नजर आएंगे। 'सिला' फिल्म में हर्षवर्धन को विराट नाम के किरदार में देखा जाएगा। वहीं, सादिया खतीब भी फिल्म का हिस्सा हैं।

डायरेक्शन के बाद अब नई तैयारी में जुटे आर्यन
वेब सीरीज के लिए बनाई खास टीम

नई दिल्ली। आर्यन खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के लिए नए लेखकों को जोड़ने की तैयारी कर रहे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्यन यंग राइटर्स की तलाश में हैं और अपनी आने वाली फिल्मों और वेब सीरीज के लिए नए टैलेंट की टीम तैयार कर रहे हैं। अपनी पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद आर्यन अब प्रोडक्शन हाउस की अगली स्ट्रीमिंग सीरीज की कहानी लिखने में भी खुद शामिल होना चाहते हैं। हालांकि, आने वाली सीरीज को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्यन ऐसे नए राइटर्स की तलाश कर रहे हैं, जो कहानियों को नए नजरिए से पेश कर सकें और आज के दौर के हिसाब से लिख सकें. इस पहल का मकसद रेड चिलीज के लिए राइटर्स का एक ऐसा ग्रुप तैयार करना है, जिससे भविष्य में बनने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए टैलेंट चुना जा सके। बताया जा रहा है कि अगली सीरीज की लेखन प्रक्रिया में आर्यन खुद भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यानी वह सिर्फ निर्देशन और क्रिएटिव काम तक ही सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि कहानी तैयार करने में भी योगदान देंगे. रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आर्यन फिलहाल कई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और क्रिएटिव डायरेक्टर्स की एक टीम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह टीम आज के युवाओं की जिंदगी, उनके रिश्तों और बदलती सोच से जुड़ी कहानियों की तलाश कर रही है।



द बैड्स ऑफ बॉलीवुड ने मचाया था धमाल

द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीमियर सितंबर 2025 में नेटफ्लिक्स पर हुआ था. इस सीरीज के जरिए आर्यन खान ने बतौर क्रिएटर और डायरेक्टर अपना डेब्यू किया था। गौरी खान ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले इस सीरीज को प्रोड्यूस किया था. इसमें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर व्यंग्य के जरिए एक ऐसे युवा कलाकार की कहानी दिखाई गई, जो बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश करता है। इस दौरान उसे इंडस्ट्री की राजनीति, आपसी टकराव और रिश्तों से जूझना पड़ता है। सीरीज में बॉलीवुड के अंदर की दुनिया को ह्यूमर, ड्रामा और व्यंग्य के जरिए दिखाया गया था। इससे दर्शकों को आर्यन खान के कहानी कहने के अंदाज की झलक मिली थी।

13 की उम्र में पैसों की तंगी के कारण बनीं हीरोइन

सगे भाई से रोमांस कर फंसी थी ये एक्ट्रेस, जमकर मचा था बवाल

नई दिल्ली। *50 और 60 के दशक में हिंदी सिनेमा में कई एक्ट्रेसेस ऐसी आईं, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। इन्हीं दिग्गज हस्तियों में से एक नाम 'मीनू मुमताज' का भी है, जो न सिर्फ एक बेहतरीन अदाकारा थीं, बल्कि एक बहुत ही अच्छी डांसर भी थीं। अपने अभिनय के साथ-साथ मीनू मुमताज का विवादों से भी गहरा नाता रहा है। उन्होंने एक फिल्म में सगे भाई के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया, जो उस समय पर एक बड़ी कंट्रोवर्सी बनी। कौन थे मीनू मुमताज के भाई और किस फिल्म में एक्ट्रेस ने किया था सग्गे भाई संग रोमांस, पढ़ें ये किस्सा।*

शराब में डूबे रहते थे पिता

मीनू मुमताज का निधन साल 2021 में हुआ था। फिल्मों में आने से पहले उनका नाम मलिकुनिसा अली था, लेकिन जब उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा, तो उन्हें मीना कुमारी ने 'मीनू' नाम दिया। मीनू मुमताज के पिता 'मुमताज अली' 40 के दशक में एक बेहतरीन डांसर और कैरेक्टर आर्टिस्ट थे। हालांकि, ज्यादा शराब की वजह से उनका कॅरियर खत्म हो गया और परिवार को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

कॉमेडियन महमूद की थीं बहन

मीनू मुमताज फेमस कॉमेडियन महमूद अली की बहन थीं। 8 भाई-बहन की देख-रेख और पैसों की तंगी के कारण महमूद और मीनू दोनों ने ही बचपन में काम करना शुरू कर दिया था। जब दिग्गज अभिनेत्री सिर्फ 13 साल की थी, तब उन्हें 1955 में उनकी पहली फिल्म 'सफी खातिमा' मिली, जिसे नानूभाई वकील ने बनाया था। इसके बाद उन्होंने बारा-दारी, घर-घर में दीवाली, सोसाइटी जैसी मूवीज में अहम किरदार निभाए। हालांकि, एक्ट्रेस की किस्मत तब बदली जब उन्हें गुरुदत्त के प्रोडक्शन में बनी फिल्म सीआईडी में कास्ट किया गया। मीनू ने फिल्म में डांसर और सिंगर का किरदार निभाया था। फिल्म में देवानंद मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में मिली सफलता के बाद मीनू मुमताज ने कभी पीछे पलटकर नहीं देखा और मिस्टर लंबी, पॉकेट मार, आशा, दो रोटी, एक साल, नया दौर, अदालत जैसी कई फिल्मों में काम किया।



भारत छोड़कर विदेश में बसी

बॉलीवुड में अपना सफल कॅरियर बनाने के बाद मीनू मुमताज ने 12 जून 1963 में फिल्म डायरेक्टर सैय्यद अली अकबर से शादी कर ली। जिसके बाद वह पति संग विदेश में जाकर बस गईं। हालांकि, उन्होंने फिल्मों में काम करना जारी रखा। उनके तीन बच्चे हैं। ऐसा कहा जाता है कि 23 अक्टूबर 2023 को मीनू मुमतज ने 79 साल की उम्र में कनाडा में ही आखिरी सांस ली।

'हावड़ा ब्रिज' में भाई संग किया रोमांस

बॉलीवुड में लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहीं मीनू मुमताज की जिंदगी में सबसे बड़ा विवाद तब हुआ, जब उन्होंने साल 1958 में अशोक कुमार और मधुबाला स्टारर फिल्म 'हावड़ा ब्रिज'में अपने ही सगे भाई और हिंदी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता महमूद अली के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया। महमूद और मीनू दोनों ने ही फिल्म हावड़ा ब्रिज के एक गाने गोरा रंग चुनरिया काली में अपने ही सगे भाई के साथ रोमांस किया। शक्ति सामंथा के निर्देशन में बनी फिल्म हावड़ा ब्रिज का जब ये गाना रिलीज हुआ, तो काफी बवाल मचा। लोगों में सगे भाई-बहनों को रोमांस करता हुआ देखकर काफी गुस्सा भर गया था। दर्शकों ने दोनों एक्टर्स को बायकॉट करने तक की बात कह दी, लेकिन मीनू चुपचाप बिना किसी से कुछ बोले अपना काम करती रहीं और जल्द ही ये बात दब गई।

बूथों को और मजबूत करेगी भाजपा, विस चुनाव में हारी सीटों पर फोकस

■ प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी ने कार्यकर्ताओं को दिए मंत्र, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसदों व विधायकों के साथ किया मंथन

जमीनी समीकरणों, संगठन की स्थिति और स्थानीय चुनौतियों पर नेताओं के साथ चर्चा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़



भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के संगठन को और सक्रिय करने की कवायद शुरू कर दी है। भाजपा प्रभारी स्मृति ईरानी का दो दिवसीय पंचकूला दौरा इसी रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रभारी स्मृति ईरानी व सह-प्रभारी डॉ. भोला सिंह ने पंचकूला प्रदेश कार्यालय पंचकमल में दोनों दिन मैराथन बैठक की। इस दौरान मौजूदा पदाधिकारियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों और विधानसभा चुनाव में पराजित उम्मीदवारों से बातचीत कर उन्होंने पार्टी के जमीनी समीकरणों, संगठन की स्थिति और स्थानीय स्तर पर मौजूद चुनौतियों को जानने की कोशिश की। इस दौरे का प्रमुख संदेश बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने का रहा। उनका स्पष्ट संदेश था कि हरियाणा का हर बूथ मजबूत होना चाहिए। भाजपा ने 90 में से 48 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार सरकार बनाई, जबकि कांग्रेस को 37 सीटें मिलीं।

ईरानी ने 'पंचकमल' में रात्रि विश्राम किया

तमाम कयासों और इंतजामों के बावजूद, स्मृति ईरानी ने किसी होटल या वीआईपी आवास में रुकने के बजाय पंचकूला स्थित भाजपा कार्यालय 'पंचकमल' में ही बेहद साधारण तरीके से रात्रि विश्राम किया।वह पहले ही दिन तय समय से काफी पहले कार्यालय पहुंच गईं। जब कई पदाधिकारी समय पर नहीं पहुंचे, तो उन्होंने तुरंत व्यवस्था को दुरुस्त करने और समय के पाबंद रहने के कड़े निर्देश दिए। सहप्रभारी के साथ समीक्षा के दौरान जब जिला अध्यक्षों के साथ सुरक्षाकर्मी (गनमैन) देखे, तो उन्होंने तुरंत सवाल उठाया कि जनता के बीच काम करने वालों को ऐसे लवाजमे और सुरक्षा की क्या आवश्यकता है।

पार्टी संगठन मजबूत हो और कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण में समर्पित रहें: कैप्टन अभिमन्यु

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं को समाज व राष्ट्रहित में पूरी तरह समर्पित होकर काम करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से उच्चस्तरीय बैठकों में गहन विचार-मंथन किया गया है। चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने बताया कि पार्टी की हरियाणा मामलों की प्रभारी स्मृति ईरानी और सह-प्रभारी के आगमन पर सांगठनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की पारंपरिक कार्यपद्धति है, जिसमें नेता और कार्यकर्ता मिलकर संगठनात्मक, समसामयिक और राजनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हैं।

विकसित भारत के सपने पर जोर

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपना सर्वस्व योगदान दे रहा है। संगठन का निरंतर यह प्रयास रहता है कि हर कार्यकर्ता किसी न किसी रचनात्मक भूमिका में रहकर देश और समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर कॉलेजों में होगा जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद

भोपाल। मप्र पुलिस की सामुदायिक पुलिस शाखा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के महाविद्यालयों में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद आयोजित किया जा रहा है। अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में जिला मुख्यालयों के प्रमुख महाविद्यालयों में आयोजित होने वाली इन कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को कानून, सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार नागरिकता की भावना से जोड़ना बनाना है।

स्कूल-कॉलेजों तक पहुंचेगी भाजपा, निकालेगी पदयात्राएं, 24 से शुरू होगा अभियान

विपक्ष-सीजेपी के नैरेटिव के विरुद्ध भाजपा का बड़ा दांव लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विपक्ष और सीजेपी के एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के अभियान के नरेटिव को तोड़ने के लिए बीजेपी ने अब मास्टर स्ट्रोक के रूप में 13 दिवसीय लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के तहत भाजपा स्कूल-कॉलेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के युवाओं से संवाद करेगी। जिला और विधानसभा स्तर पर 'लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ' पदयात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही 'राष्ट्र चिंतन संवाद' कार्यक्रम के तहत स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों से संवाद किया जाएगा। युवाओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर तथ्यों के साथ जानकारी दी जाएगी। भाजपा छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने के साथ युवाओं से भी संवाद करेगी। 'घुसपैठिया हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' कार्यक्रम के जरिए घुसपैठ और मतदाता सूची से जुड़े विषयों की वास्तविकता जनता तक पहुंचाई जाएगी। इसके अतिरिक्त टिफिन बैठक, लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ रैलियां, घुसपैठिया हटाओ लोकतंत्र बचाओ, इंफ्लूएंसर आउटरीच, पत्रिका विशेषांक, साहित्य और पुस्तिकाओं का वितरण, सोशल मीडिया जनसम्पर्क, प्रचार सामग्री जैसे चीजों को शामिल किया जाएगा।

कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटा, विपक्ष में रहकर भी भ्रम फैला रही: हेमंत



भाजपा प्रदेश कार्यालय में अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा एसआईआर व अन्य विषयों को लेकर फैलाए जा रहे झूठ को उजागर करने पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचे और तथ्यों के साथ जनता को वास्तविकता से अवगत कराएं। कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए भी लोकतंत्र का गला घोंटा, विपक्ष में रहकर भी भ्रम फैला रही है। इस अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। अभियान के माध्यम से कांग्रेस के आरोपों और उसके राजनीतिक दृष्टिकोण से जुड़े तथ्यों को जनता के सामने रखा जाएगा, ताकि समाज में फैलाए जा रहे भ्रम को दूर किया जा सके।

विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे झूठे नैरेटिव को तथ्यों से जवाब दें

प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि एसआईआर व अन्य विषयों को लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे झूठे नैरेटिव को तथ्यों के साथ पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचकर जवाब दें। अभियान के माध्यम से पार्टी को अपना विचार प्रभावी ढंग से जनता के सामने रखना है। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए संगठन की विभिन्न टोलियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक

भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को पार्टी के आगामी कार्यक्रम "लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ" अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। 24 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलाए जा रहे इस अभियान के लिए प्रदेश टोली के साथ अलग-अलग अभियानों की टोली का गठन भी किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने दिल्ली से (वर्चुअल) एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने प्रदेश कार्यालय में बैठक को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, अभियान की प्रदेश टोली के सदस्यगण, मोर्चा अध्यक्षों एवं प्रकोष्ठ संयोजक शामिल हुए।

प्रदेश में 12 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारने में मिली है सफलता

केंद्र और राज्य सरकार मिलकर दे रही हैं मप्र के विकास को गति: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर मध्यप्रदेश के विकास को गति प्रदान कर रहे हैं। ग्वालियर को टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का प्रमुख केंद्र बनाने की पहल के साथ जबलपुर-इंदौर आर्थिक कॉरिडोर विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति प्रदान करेगा।

महाकौशल और मालवा को जोड़ने की इस पहल से रायसेन जैसे जिले भी लाभान्वित होंगे जो इस कॉरिडोर के मध्य स्थित हैं और वर्तमान में सघन आर्थिक गतिविधियों से वंचित हैं। पर्यटन क्षेत्र का भी विकास होगा। प्रदेश के विकास का यही समय है और सही समय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में फेडरेशन ऑफ एमपी चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्डश इंडस्ट्री के दो दिवसीय विकसित भारत उद्योग व्यापार सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।



भारत को सम्मान की दृष्टि से देखने लगे हैं दुनिया के बड़े देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया के बड़े देश भारत को सम्मान की दृष्टि से देखने लगे हैं। अमेरिका भी भारत की निर्वाचन प्रणाली को अपनाने के लिए लालायित है। मध्यप्रदेश में कोई कमी नहीं है। कृषि के विकास के साथ आर्थिक समृद्धि पर फोकस करने की आवश्यकता है।

शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश

हाउसिंग बोर्ड के जर्जर मकानों का जल्द होगा पुनर्निर्माण: सारंग

आवासों के पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने गुरुवार को मंत्रालय में मप्र हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन सहित नगर निगम, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर हाउसिंग बोर्ड के जर्जर, जीर्ण-शीर्ण एवं क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

सारंग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाउसिंग बोर्ड के ऐसे मकानों के पुनर्विकास के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार की जाए और निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए। सारंग ने कहा कि लंबे समय से जर्जर अवस्था में मौजूद ऐसे भवन, जिनसे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है, उनके पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।



हाउसिंग बोर्ड की बैठक लेते सारंग।

सारंग ने स्पष्ट किया कि किसी भी संभावित दुर्घटना से पहले जर्जर आवासों के पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से आवश्यक कदम उठाएं, ताकि नागरिकों की सुरक्षा के साथ उन्हें बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों की स्थिति का आंकलन कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा उनके पुनर्निर्माण की कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर उसे अमल में लाया जाए।

5 साल से कम सेवा वाले शिक्षकों को मिली छूट

अब ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों पैटर्न में होगी टीईटी परीक्षा, शिक्षा मंत्री का एलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा है कि विभागीय शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीइटी) ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से आयोजित की जाएगी। शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार जिनकी सेवा पांच साल से कम बची है उन्हें छोड़कर अन्य सभी शिक्षकों को टीइटी उत्तीर्ण करना आवश्यक है। जिसे ध्यान में रखकर सरकार ने कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से विभागीय परीक्षा आयोजित करने की पहल की है।

■ ऑनलाइन परीक्षा की दिक्कतों पर चर्चा

ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों पैटर्न से परीक्षा होगी

राष्ट्रपति के बस्तर प्रवास के सिलसिले में जगदलपुर पहुंचे शिक्षा मंत्री यादव से शुक्रवार सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल सर्किट हाउस में मिलने पहुंचा था। एसोसिएशन ने परीक्षा के पैटर्न को लेकर मांग रखी थी। जिस पर मंत्री ने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों पैटर्न से परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस आश्वासन के बाद शिक्षकों ने परीक्षा को लेकर राहत की सांस ली है। वहीं, मंत्री का सभी शिक्षकों ने आभार भी जताया है।

ओएमआर आधारित परीक्षा की मांग

एसोसिएशन का तर्क है कि ऑनलाइन परीक्षा में कई तकनीकी और व्यावहारिक कठिनाइयां आती हैं। नेटवर्क फेल होना, सर्वर डाउन होना, सिस्टम हैंग होना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बस्तर जैसे दूरस्थ अंचल में पदस्थ कई शिक्षकों के लिए ऑनलाइन परीक्षा और भी चुनौती पूर्ण होगी। विशेषकर पुराने शिक्षक जो तकनीक से ज्यादा सहज नहीं हैं, उनके लिए ओएमआर आधारित ऑफलाइन परीक्षा अधिक सुविधाजनक और व्यावहारिक है। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की कमी, पदोन्नति आदि विषयों पर भी मंत्री से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

बस्तर में मलेरिया से बचाव के लिए 68 करोड़ रुपए मिले

कांकेर में 10 दिन में 3 बच्चों की मौत के बाद भी मेडिकेटेड मच्छरदानी नहीं

तीन साल से टूटी है खरीदी-वितरण की कड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बस्तर में मलेरिया से बचाव के लिए पैसे की कमी नहीं है, कमी है तो खरीदी की प्रक्रिया में तेजी की। दो महीने पहले केंद्र सरकार 68 करोड़ रुपए दे चुकी है। मलेरिया नियंत्रण अभियान का 14वां चरण भी चल रहा है, लेकिन ग्रामीणों को मच्छरों से बचाने वाली मेडिकेटेड मच्छरदानियां अब तक नहीं मिल पाई हैं। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन ने निविदा के दस्तावेज तक तैयार नहीं किए हैं।संभाग में इस साल अब तक 8,426 लोग मलेरिया की चपेट में आ चुके हैं। कांकेर में जुलाई माह में 10 दिन के भीतर तीन स्कूली बच्चों की मौत ने खतरे की गंभीरता को और बढ़ा दिया था। बच्चों की मौतों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव को नोटिस जारी कर चुका है। बारिश के मौसम में जब मच्छरों का प्रकोप ज्यादा होता है, उस दौरान भी मच्छरदानी की खरीदी फंड होने के बाद भी नहीं हो सकी।

बस्तर के ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में मच्छरदानी मलेरिया से बचाव का महत्वपूर्ण साधन है। पहले ग्रामीण इलाकों में लाखों मेडिकेटेड मच्छरदानियां बांटी जाती थीं, लेकिन उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2024 के बाद से वितरण नहीं हुआ है। इस बार खरीदी सीजीएमएससी के माध्यम से की जानी है। केंद्र से 68 करोड़ रुपए मिलने के बावजूद निविदा प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। निगम में तैनात निजी कंपनी के कंसल्टेंटों ने निविदा दस्तावेज तैयार नहीं किए हैं। यानी खरीदी की शुरुआती प्रक्रिया ही लंबित है। जब तक निविदा, आपूर्ति और वितरण की प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक बजट का ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

कांकेर में 10 दिन में हुई थी तीन बच्चों की मौत

करीब चार माह पहले कांकेर जिले के मर्दापोटी बालक आश्रम में पढ़ने वाले नौ वर्षीय सुभाष कुमेटी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इससे पहले दो अन्य स्कूली बच्चे भी मलेरिया से जान गंवा चुके हैं। तीनों मौतें महज 10 दिनों के भीतर हुई थीं। जानकारी के अनुसार, 22 से 24 जुलाई के बीच आश्रम में स्वास्थ्य जांच के दौरान नौ बच्चे मलेरिया संक्रमित मिले थे। बाद में गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाने पर सुभाष को बचाया नहीं जा सका। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के 14वें चरण के बावजूद संक्रमण के मामले चिंता बढ़ा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के उपलब्ध आंकड़ों में बीजापुर सबसे अधिक प्रभावित जिला है।

टेंडर जारी किया जाएगा

मेडिकेटेड मच्छरदानियां खरीदने की प्रक्रिया की जा रही है। दवा निगम इसके लिए तैयारी कर रहा है। जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा।

रीतेश अग्रवाल
एमडी, सीजीएमएससी

मुख्य सचिव वर्णवाल ने राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक में दिए निर्देश

नक्सलवाद खत्म करने के पैटर्न पर चलेगा मादक पदार्थों के रैकेट को खत्म करने का अभियान, शिक्षण संस्थाओं में बनाई जाएंगी एंटी ड्रग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश को मादक पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए राज्य शासन के अनेक विभाग संयुक्त अभियान चलाये और शुरूआत में 500 से अधिक विद्यार्थी वाले उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षक, पालक, विद्यार्थी, उच्च शिक्षा, सामाजिक न्याय विभाग तथा पुलिस को समाहित कर एंटी ड्रग समितियों का गठन किया जायेगा। यह निर्देश मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने गुरूवार को मंत्रालय में पांचवी राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक की समीक्षा करते हुए दिए।

इस बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अनेक विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष नार्कोटिक्स और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बर्णवाल ने बैठक में कहा कि जिस प्रकार प्रदेश में नक्सलवाद को समाप्त किया गया है उसी प्रकार आगामी दो तीन वर्षों में अवैध मादक पदार्थों के संपूर्ण रैकेट को खत्म करने के लिए संबंधित विभाग गम्भीरता पूर्वक ऐसा अभियान चलाए जिसका समाज के सभी वर्गों तक सपष्ट संदेश जाए।

30 सितम्बर तक 50933 किग्रा मादक पदार्थ



राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक में निर्देश देते मुख्य सचिव बर्णवाल।

मुख्य सचिव ने ड्रग विनिष्टिकरण की कार्रवाई में देश में मध्यप्रदेश के पहले स्थान पर रहने पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में बताया गया कि बैठक में बताया गया कि ड्रग नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सभी संबंधित विभागों ने समन्वय कर इस वर्ष 30 सितम्बर तक एनडीपीएस के 2986 मामलों में 4091 आरोपियों से 50933 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है।

18 गुप्त मादक प्रयोग शालाएं ध्वस्त

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में एनसीबी का राष्ट्रीय नार्कोटिक्स का हेल्पलाइन मानस पोर्टल 1933 संचालित किया जा रहा है। जिस पर मादक पदार्थों से जुडी गुप्त सूचनाएं प्राप्त हो रही है। प्रदेश में वर्ष 2025-2026 में कुल 811 शिकायातें प्राप्त हुईं। मध्यप्रदेश पुलिस, एनसीबी, डीआरआई और सीबीएन ने इस दौरान प्रदेश में मादक पदार्थों की 18 मादक पदार्थों की गुप्त प्रयोग शालाओं पर प्रभावी कार्यवाही कर ध्वस्त किया है।

एनडीपीएस के केसों में 446 करोड़ की संपत्ति अटैच

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश में मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में सलंग्न व्यक्तियों के विरूध कठोर कार्यवाही की गयी है। एनडीपीएस के वर्ष 2025 में 54 प्रकरणों में 300 करोड़ और वर्ष 2026 में 38 प्रकरणों में 146 करोड़ रूपये की संपत्ति अटैच करने की कार्यवाही की गयी है। सितम्बर 2026 तक एनडीपीएस के 201 विशेष ट्रॉयल मामलों को मॉनीटिरिंग में लिया गया है। इसी अवधि में न्यायालयों में लंबित मामलों में 8 में दोष सिद्धि हुई है।

आगामी एक नवंबर से बंद नहीं होगी बस सेवा

रायपुर। राजधानी रायपुर से नया रायपुर स्थित मंत्रालय और संचालनालय आने-जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। आगामी एक नवंबर से बस सेवा बंद होने की चल रही खबरों पर अब विराम लग गया है। मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष और सचिव ने वित्त विभाग एवं रजिस्ट्रार शाखा के साथ इस संबंध में विस्तृत चर्चा की है।छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय ने सभी कर्मचारियों को स्पष्ट किया है कि जब तक नई निविदा की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक बस संचालन सुचारू रूप से जारी रहेगा। कर्मचारियों से अपील की गई है कि वे इस विषय को लेकर चिंता या असमंजस में न रहें।

रोजाना 5 से 6 हजार कर्मचारियों के आवागमन का प्रमुख साधनबता दें कि रायपुर और आसपास के दूरस्थ क्षेत्रों से लगभग 5,000 से 6,000 अधिकारी और कर्मचारी रोजाना 35 से 40 किलोमीटर की दूरी तय कर नया रायपुर स्थित महानदी भवन और विभिन्न कार्यालयों में पहुंचते हैं। इन कर्मचारियों के लिए शासन द्वारा संचालित यह बस सेवा आवागमन का एकमात्र और सबसे प्रमुख साधन है। नई व्यवस्था लागू होने तक बस सेवा के यथावत बने रहने से हजारों कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है।

41 सहायक ग्रेड-2 और मानचित्रकार इधर से उधर, शासन ने दिए आदेश

रायपुर। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में विभागीय कामकाज में कसावट लाने के लिए 84 कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। 22 अक्टूबर को जारी आदेश के तहत 29 मानचित्रकारों, 14 सहायक ग्रेड-दो और 41 सहायक ग्रेड-दो के कर्मचारियों को नई पदस्थापना दी गई है। तबादलों के जरिए विभागीय व्यवस्था को बेहतर बनाने और कार्यों में समन्वय बढ़ाने का प्रयास किया गया है। जारी आदेश में विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को वर्तमान पदस्थापना स्थल से हटाकर दूसरे स्थानों पर पदस्थ किया गया है।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली–110001 निम्नलिखित कार्य हेतु वन पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करता है:–

1	कार्य का नाम और स्थान	दिल्ली किशनगंज–शाकुरबस्ती सेक्शन (7.24 कि.मी.) में तीसरी लाइन के लिए 25 केवी सिंगल फेज एसी का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग और संशोधन का काम
2	कार्य का समाप्ति अवधि	12 महीने
3	कार्य की अनुमानित लागत	Rs. 5,86,69,263.84/-
4	बयाना राशि (ऑनलाइन जमा की जानी है)	Rs 11,73,400/-
5	ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय	निविदाएं दिनांक 23.10.2026 को 17.00 बजे तक IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। बोलीदाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, निविदाएं अपलोडिंग की समाप्ति के तुरंत बाद 15.00 पर बजे खोली जाएंगी।
6	विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज	विस्तृत निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 02.11.2026 से 16.11.2026 तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।

निविदा संख्या: 350/उप.सीईई/सी/एनडीएलएस/2026-27, दिनांक: 23.10.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3695/26

चिंतन

चीन पर भरोसा नहीं करें सुरक्षा और मजबूत बनाएं



पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत

धरती के आकार बदलने का खतरा बढ़ा

जलवायु परिवर्तन से धरती की आकृति में बदलाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। इससे न केवल समुद्र के तापमान का स्तर बढ़ रहा है और मौसम में अनियमितता आ रही है, बल्कि इससे हमारे ग्रह के आकार में भी बदलाव आने की आशंका बलवती हो रही है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट की मानें तो आने वाले दिनों में विषैली गैसों का उत्सर्जन यदि इसी प्रकार जारी रहा तो इस बात की प्रबल आशंका है कि वर्ष 2100 तक समुद्री जलस्तर दो मीटर तक और ऊपर उठकर विशाल तटीय भूभाग को जलमग्न कर देगा। वर्ष 2014 से 2023 के बीच वैश्विक स्तर पर समुद्र का जलस्तर 4.7 मिलीमीटर की दर से बढ़ा था लेकिन वर्ष 2024 में इसने पुराना रिकार्ड तोड़ा और 5.5 मिलीमीटर की चौंकाने वाली बढ़ोतरी दर्ज की। दुनिया के वैज्ञानिकों की इस बारे में एकमुश्त राय है कि सबसे अनुकूल परिस्थिति रहने पर भी इस सदी के अंत तक यानी 2100 तक समुद्र का जलस्तर कम से कम 0.55 मीटर तक बढ़ जाएगा। उस दौरान सबसे गंभीर स्थिति में यह बढ़ोतरी एक मीटर से अधिक तक होगी। ऐसी स्थिति जिनमें एक वैश्विक तापमान बढ़ोतरी के चलते ध्रुवीय बर्फ की चादरों और विशालकाय हिमनदों का तेजी से पिघलना और दूसरा गर्म होते समुद्र के जल का तापीय प्रसार ये प्रमुख कारण हैं। जबकि मानव गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली अतिरिक्त ऊष्मा का तकरीबन 91 फीसदी हिस्सा महासागर सोख रहे हैं। देखा जाए तो समुद्री जलस्तर में बढ़ोतरी का नुकसान अभी तक सबसे पहले और सबसे ज्यादा असर उन देशों पर पड़ रहा है, जिनका उत्सर्जन योगदान नगण्य है। जबकि उन देशों के पास संसाधनों की भारी कमी है। गौरतलब है कि प्रशांत महासागर के बहुतेरे छोटे द्वीपों में जलस्तर बढ़ने की दर वैश्विक औसत से दोगुणी से भी ज्यादा है। देखा जाये तो ढाका, मुंबई, कोलकाता जैसे निचले डेल्टा शहरों में 1.4 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन और आजीविका पर प्रत्यक्ष भयंकर खतरा मंडरा रहा है। इससे मियामी, न्यूयार्क, गुआंगझू जैसे तटीय महानगरों को खरबों डालर का वित्तीय नुकसान सहना पड़ेगा। इसमें दो राय नहीं। मौजूदा दौर में दुनिया की लगभग दस फीसदी आबादी यानी करीब 77 करोड़ लोग समुद्र रेखा से पांच मीटर से भी कम ऊंचाई पर रहते हैं। यह बेहद खतरनाक स्तर है। यह भी कि समुद्र की आक्रामक लहरें आसपास की उपजाऊ कृषि भूमि और पीने के मीठे पानी के कुंओं को खारा बना रही हैं। इससे समुद्र तटीय बुनियादी ढांचे को अब तक लगभग 1.8 खरब डालर से भी अधिक का नुकसान पहुंच चुका है। यही स्थिति रही तो दुनिया को हर साल 1.4 खरब डालर का नुकसान उठाना पड़ेगा। फिर समुद्र का बढ़ता तापमान और जलस्तर बढ़ने के साथ उसकी परतों की संरचना बदल रही है, जिससे ज्वार-भाटे की तीव्रता और ऊंचाई प्रभावित हो रही है। इससे तटीय इलाकों पर बाढ़ और कटाव का खतरा बढ़ सकता है। गौरतलब है कि ज्वार-भाटा तटीय रेखाओं और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र को आकार देते हैं। इसके साथ-साथ वे तटीय समुदायों को भी खासा प्रभावित करते हैं।



इसलिए जलवायु परिवर्तन के कारण महासागरीय बदलावों के बीच यह सवाल भी महत्वपूर्ण हो गया है कि बदलती समुद्री परिस्थितियां ज्वार-भाटे के स्वरूप को किस तरह प्रभावित कर रही हैं। हकीकत तो यह है कि वर्ष 1970 से लेकर 2020 तक छोटे द्वीपीय विकास शील देशों ने अबतक कुल मिलाकर जलवायु आपदाओं के चलते 153 अरब डालर का नुकसान उठाया है।

दुनिया के वैज्ञानिक तो तकरीबन एक दशक से भी पहले यह चेतावनी दे चुके हैं कि जलवायु परिवर्तन से अंटार्कटिका के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने पर ग्लेशियर और तेजी से पिघलेंगे। फिर वहां बर्फ की परतें पहले की अपेक्षाकृत अधिक तेजी से पिघलने लगी हैं जो ज्यादा घातक साबित होंगीं। इससे अधिक कटाव और क्षरण होगा। पिघलते ग्लेशियरों के इस क्षरण से घाटियां और ज्यादा गहरी हो जाएंगीं और समुद्रों में अपेक्षाकृत और ज्यादा गाद जमा होगी। तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर अपने प्रवाह मार्ग की घाटियों और महाद्वीपीय मैदानी क्षेत्रों में अधिक गाद इकट्ठा कर देते हैं। इससे पेयजल की उपलब्धता प्रभावित होती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ध्रुवीय और महाद्वीपीय इलाकों का जहां मिलन होता है, वह संधिक्षेत्र जैव विविधता के लिहाज से बेहद संपन्न है। अगर पानी में ज्यादा गाद जमा होगी तो इसका सीधा दुष्प्रभाव जलीय जीवों के पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ेगा। यूनिवर्सिटी आफ ब्रिटिश कोलंबिया के प्रोफेसर और शोध प्रमुख मिशेल कोप्पस का कहना है कि हम लोगों ने पाया है कि अंटार्कटिका के ग्लेशियरों की तुलना में पेंटागोनिया के ग्लेशियर 100 से एक हजार गुणा तेजी से क्षरित हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि गर्म तापमान और बर्फ के पिघलने के कारण ग्लेशियर के आधार में अधिक फिसलन बनी जिससे उनका तेजी से क्षरण हुआ। इससे पृथ्वी के आकार में बदलाव की संभावनओं को नकारा नहीं जा सकता। फिर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि धरती को इंसानों और दूसरे जीवों के रहने लायक बनाए रखने वाली प्राकृतिक व्यवस्थाओं पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि धरती की सेहत को मापने वाली नौ अहम सीमाओं में से सात को इंसानी कारगुजारियों ने लांघ दिया है। दरअसल, इसमें जलवायु परिवर्तन, जैव मंडल में, भूमि के उपयोग में, मीठे पानी और जैव भूरासायनिक प्रवाह में बदलाव, नए मानव निर्मित पदार्थों का पर्यावरण में प्रवेश और समुद्र के अम्लीकरण की अहम भूमिका है। इसका नकारात्मक प्रभाव जंगलों और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र पर पड़ा है। जाहिर है कि इससे जंगलों और समुद्रों पर खतरा और गहरा गया है। जिन सीमाओं को इंसान लांघ रहा है, उन्हें 'प्लैनेटरी बाउंड्री' कहा जाता है। ये ऐसी सुरक्षित सीमाएं हैं जिनके अंदर रहकर धरती का पर्यावरण स्थिर और जीवन के लिए अनुकूल बना रह सकता है। जब इंसानी गतिविधियों से यह सीमाएं तोड़ी जाने लगती हैं, तब जलवायु, पानी, जंगल, समुद्र और जीव-जंतुओं पर खतरा बढ़ जाता है। इसका खुलासा जर्मनी की पोट्सडैम इंस्टीट्यूट आफ क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च की प्लेनेटरी हैल्थ चेक की रिपोर्ट में किया गया है।

रिपोर्ट का संदेश गंभीर है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि धरती तुरंत खत्म हो जाएगी। इस बाबत वैज्ञानिकों का मानना है कि लांघ गई सीमाओं को सुरक्षित दायरे में लाने के लिए अभी भी कार्रवाई की गुंजाइश मौजूद है। सभी प्लेनेटरी बाउंड्री को सुरक्षित दायरे में लाने के लिए तेज कदम उठाने जरूरी हैं। धरती की स्थिरता और प्राकृतिक क्षमता को बचाने के लिए तत्काल प्रयास किए जाने चाहिए। इनमें जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना होगा और दुनिया को स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ना होगा।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जलवायु परिवर्तन से धरती की आकृति में बदलाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। इससे न केवल समुद्र के तापमान का स्तर बढ़ रहा है और मौसम में अनियमितता आ रही है, बल्कि इससे हमारे ग्रह के आकार में भी बदलाव आने की आशंका बलवती हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का बढ़ता जलस्तर केवल पर्यावरण की ही समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व और अर्थव्यस्था के लिए भी गहरा संकट है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट की मानें तो आने वाले दिनों में विषैली गैसों का उत्सर्जन यदि इसी प्रकार जारी रहा तो इस बात की प्रबल आशंका है कि वर्ष 2100 तक समुद्री जलस्तर दो मीटर तक और ऊपर उठकर विशाल तटीय भूभाग को जलमग्न कर देगा।

चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय कूटनीति जब-जब बीजिंग की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखती है, तब-तब ड्रैगन की आक्रामकता भारत की पीठ में छुरा घोंपने की नई पटकथा लिख रही होती है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर का बयान केवल एक आधिकारिक वक्तव्य नहीं, बल्कि दिल्ली के नीति-नियंताओं के लिए एक गंभीर चेतावनी है, जो वार्ताओं की आड़ में चीनी शांति के मुगालते में जी रहे हैं। आईटीबीपी प्रमुख ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा है कि पिछले कुछ महीनों से अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरी जिले के असाफिला और माजा इलाकों में चीनी और भारतीय सैनिक आमने-सामने हैं। तीन उच्चस्तरीय वार्ताओं (डब्ल्यूएमसीसी, विशेष प्रतिनिधि वार्ता और कोर कमांडर स्तर) के ढोंग और द्विपक्षीय मुलाकातों की कृत्रिम गर्मजोशी के बावजूद सरहद पर बंदूकें तनी हुई हैं। इतिहास गवाह है कि बीजिंग का विस्तारवादी चरित्र बातचीत से नहीं सुधरने वाला। भारत के लिए अब आत्मघाती भलमनसाहत छोड़ने का समय आ गया है। चीन पर रत्ती भर भी भरोसा न करें और अपनी सुरक्षा को इतना अभेद्य बनाएं कि दुश्मन आंख उठाने से पहले कांप उठे। वर्ष 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में हुई खूनी झड़प ने भारत को यह कड़ा और दर्दनाक सबक दिया था कि ड्रैगन की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। आधुनिक दौर का युद्ध पूरी तरह से तकनीक-आधारित और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में तब्दील हो चुका है। ऐसे में आईटीबीपी द्वारा अपनी आधुनिकीकरण योजना के तहत 4,000 करोड़ रुपये में से 1,000 करोड़ रुपये केवल ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम के लिए झोंकना एक सही दिशा में उठाया गया सख्त कदम है। सबसे पहली प्राथमिकता एलएसी के अग्रिम मोर्चों तक ऑल-वेदर कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के निर्माण को रॉकेट की गति देना है, ताकि आपात स्थिति में भारी हथियारों और सेना की त्वरित तैनाती सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, सीमा चौकियों पर अभेद्य भूमिगत ढांचे और बंकरों का निर्माण आधुनिक मिसाइल और ड्रोन हमलों से हमारे जवानों को लोहे की ढाल प्रदान करेगा। जवानों को दी जा रही नई रणनीतियों वाली 'स्ट्राइक' ट्रेनिंग और शौर्य कमांडो टीमों का विकास इस बात का खुला एलान है कि भारतीय सेनाएं अब सिर्फ रक्षात्मक नहीं रहेंगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर दुश्मन के घर में घुसकर प्रहार करने की क्षमता रखती हैं। इसके अतिरिक्त, सीमा सुरक्षा को केवल सैनिकों के भरोसे न छोड़कर एक त्रिस्तरीय अभेद्य ग्रिड में बदलना होगा। पहला, भारतीय उपग्रहों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके चीन के सैन्य जमावड़े का स्वचालित विश्लेषण कर अग्रिम सूचना हासिल की जाए। दूसरा, 'वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम' को पूरी ताकत से लागू कर सीमावर्ती गांवों से पलायन को तुरंत रोका जाए, क्योंकि स्थानीय नागरिक ही सीमाओं पर देश के सबसे पहले 'सजग प्रहरी' और खुफिया तंत्र होते हैं। तीसरा, चीन की तकनीकी आक्रामकता को पंगु बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और स्वदेशी लेजर-आधारित काउंटर-ड्रोन सिस्टम की तैनाती को दोगुना करना होगा। चीन द्वारा बार-बार अरुणाचल प्रदेश को 'जांगनान' कहना और वहां की जगहों के फर्जी चीनी नाम जारी करना उसकी उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। इसलिए भारत को अपनी सुरक्षा की ढाल को इतना मजबूत और प्रहारक बनाना होगा कि ड्रैगन दोबारा आंख उठाने की हिम्मत भी न कर सके।

हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित

दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न भाइयों का प्यार



संकलित

प्रेरणा

राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चारों भाइयों के बचपन का एक प्रसंग है! जब ये लोग खेलते थे तो लक्ष्मण राम की तरफ उनके पीछे होता था और सामने वाले पाले में भरत और शत्रुघ्न होते थे। तब लक्ष्मण हमेशा भरत को बोलते कि राम भैया सबसे ज्यादा मुझे प्यार करते है तभी वो हर बार अपने पाले में अपने साथ मुझे रखते है। लेकिन भरत कहते नहीं कि राम भैया सबसे ज्यादा मुझे प्यार करते है तभी वो मुझे सामने वाले पाले में रखते है ताकि हर पल उनकी नजरें मेरे ऊपर रहे, वो मुझे हर पल देख पाएं क्योंकि साथ वाले को देखने के लिए तो उनको मुड़ना पड़ेगा। फिर जब भरत गेंद को राम की तरफ उछालते तो राम जानबूझ कर गेंद को छोड़ देते और हार जाते, फिर नगर में उपहार और मिठाइयां बांट कर खुशी मनाते। सभी पूछते राम जी आप तो हार गए फिर आप इतने खुश क्यों है, राम बोलते मेरा भरत जीत गया। फिर लोग सोचते जब हारने वाला इतना कुछ बांट रहा है तो जीतने वाला भाई तो पता नहीं क्या, क्या देगा? लोग भरत के पास जाते है लेकिन ये क्या भरत तो लंबेः लंबे आंसू बहाते हुए रो रहे है। लोगों ने पूछाः भरत जी आप तो जीत गए है, फिर आप क्यों रो रहे है? भरत बोलेः देखिए मेरी कैसी विडंबना है, मैं जब भी अपने प्रभु के सामने होता हूँ तभी जीत जाता हूँ। मैं उनसे जीतना नहीं मैं उनको अपना सब कुछ हारना चाहता हूँ। मैं खुद को हार कर उनको जीतना चाहता हूँ।

विवेचना

डॉ. जवाहर सुरिसेट्टी



एक राष्ट्र, एक गरिमा

जो मिथक हम ढोते हैं, गढ़े गए डर, चुनिंदा आक्रोश और सुविधाजनक पीड़ित की राजनीति पर 'यह खेद की बात है कि संविधान के अनुच्छेद 44 को अभी तक लागू नहीं किया गया है। देश में एक समान नागरिक संहिता बनाने के लिए संसद को अभी भी कदम उठाना है।'

-मुख्य न्यायाधीश वी.एन. खरे, जॉन वल्लमट्टम, 2003

भारतीय इतिहास में हर परिवर्तनकारी विचार का सामना तर्कों के एक ही परिवार से हुआ हैः यह हमारी संस्कृति नष्ट कर देगा, यह बाहरी थोपना है, हमारे पुरखे बेहतर जानते थे, अधिक उचित समय का इंतजार करो। विधवा पुनर्विवाह के विरोधियों ने 1856 में यही तर्क दिया था। मंदिर प्रवेश के विरोधियों ने 1930 के दशक में यही कहा था। हिंदू कोड बिल के विरोधियों ने 1950 के दशक में यही किया था। और समान नागरिक संहिता के विरोधी आज यही कर रहे हैं-इस परिष्कार के साथ जो उतना ही विस्तृत होता जा रहा है जितने तर्क खोखले होते जा रहे हैं। आइए मिथकों को एक-एक करके लें-किसी समुदाय की चिंताओं को खारिज करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें वह गंभीरता देने के लिए जिसके वे हकदार हैं -जिसका अर्थ है उन्हें साक्ष्य के सामने परखना।

मिथक एकः 'यूसीसी मुस्लिम संस्कृति नष्ट कर देगी'

नागरिक संहिता नागरिक जीवन के धर्मनिरपेक्ष पहलुओं को नियंत्रित करती हैः विवाह कब कानूनी रूप से वैध है, मृत्यु के बाद संपत्ति कैसे बाँटी जाती है, दंपति कैसे अलग होते हैं, कौन बच्चा गोद ले सकता है। यह प्रार्थना को नियंत्रित नहीं करती। उपवास को नियंत्रित नहीं करती। तीर्थयात्रा, खान-पान के कानून, धार्मिक शिक्षा या पूजा की भाषा को नियंत्रित नहीं करती। जॉन वल्लमट्टम (2003) में सुप्रीम कोर्ट ने यह अंतर स्पष्टता से बतायाः 'विवाह, उत्तराधिकार और इसी प्रकार के धर्मनिरपेक्ष स्वभाव के मामलों को अनुच्छेद 25 और 26 के तहत गारंटी के दायरे में नहीं लाया जा सकता।' धर्म सुरक्षित है। महिलाओं के विरुद्ध भेदभाव के लिए धर्म का उपयोग नहीं किया जा सकता। तुर्की, जिसकी 99 प्रतिशत आबादी मुस्लिम है, ने 1926 में इस्लामी व्यक्तिगत कानून की जगह स्विस संहिता पर आधारित एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता अपनाई।

मिथक दोः 'यह एक बीजेपी/आरएसएस सांप्रदायिक एजेंडा है'

यह राजनीतिक रूप से सबसे प्रभावी तर्क है, क्योंकि इसमें एक मौलिक असत्य के भीतर आंशिक सत्य लिपटा हुआ है। आंशिक सत्यः सत्तारूढ़ दल द्वारा यूसीसी की वर्तमान राजनीतिक प्रस्तुति अक्सर ऐसी बयानबाजी के साथ होती है जो विशेष रूप से एक समुदाय को निशाना बनाती है, जिससे चुनिंदा प्रवर्तन का एक वैध भय पैदा होता है। यह भय सुना जाना चाहिए और किसी भी संहिता के डिजाइन में उसका समाधान किया जाना चाहिए। मौलिक असत्यः विचार स्वयं नेहरूवादी और अंबेडकरवादी है। 1950 के दशक के हिंदू कोड बिल-जिनका आरएसएस, हिंदू महासभा, राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और कांग्रेस के भीतर रूढ़िवादी तत्त्वों ने जमकर विरोध किया था-व्यक्तिगत कानून को धर्मनिरपेक्ष विधान से प्रतिस्थापित करने का पहला व्यवस्थित प्रयास था। अंबेडकर उनके चैंपियन थे। नेहरू उनके रक्षक थे।

मिथक तीनः 'यह अल्पसंख्यकों पर हिंदू कानून थोपेगी'

सच्चे अर्थों में तैयार की गई यूसीसी हिंदू कानून नहीं होगी। यह धर्मनिरपेक्ष कानून होगा, जो प्रत्येक परंपरा के सर्वश्रेष्ठ तत्त्वों, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार ढाँचों और सात दशकों में सुप्रीम कोर्ट की सुधारात्मक न्यायशास्त्र से ली गई है। उत्तराखंड का मॉडल-पहली स्वाधीनता-उत्तर राज्य संहिता, 27 जनवरी 2025 से लागू-ठीक इसलिए शिक्षाप्रद है क्योंकि यह दिखाती है कि यूसीसी कहाँ सही हो सकती है और कहाँ कमजोर। उत्तराखंड की संहिता सही ढंग से बहुविवाह और निकाह हलाला पर प्रतिबंध लगाती है, समुदायों में बेटे-बेटियों को समान विरासत देती है, और धार्मिक समारोहों (सप्तपदी, निकाह, आनंद कारज) को बनाए रखते हुए नागरिक पंजीकरण को मानकीकृत करती है। ये हिंदू प्रावधान नहीं हैं। ये मानवाधिकार प्रावधान हैं।

मिथक चारः 'जनजातीय संस्कृतियाँ नष्ट हो जाएंगी'

संविधान ने स्वयं इसे पहले ही हल कर दिया है। अनुच्छेद 371ए और 371जी क्रमशः नागालैंड और मिजोरम के रीति-रिवाज कानून की रक्षा करते हैं; संसद राज्य विधानसभा की सहमति के बिना इन मामलों पर कानून नहीं बना सकती। छठी अनुसूची जनजातीय क्षेत्रों के लिए स्वायत्त परिषदें बनाती है। उत्तराखंड संहिता स्पष्ट रूप से अनुसूचित जनजातियों को छूट देती है। एक राष्ट्रीय यूसीसी समकक्ष सुरक्षाएँ शामिल कर सकती है-और करनी चाहिए। चिंता वास्तविक है। इसे संबोधित करने के कानूनी उपकरण पहले से मौजूद हैं। जनजातीय सांस्कृतिक संरक्षण यूसीसी के विरुद्ध तर्क नहीं है। यह इसके लिए एक डिजाइन विशिष्टता है।

मिथक पाँचः 'किसी और देश में समान नागरिक संहिता नहीं है'

फ्रांस में 1804 से है। जर्मनी में 1900 से। तुर्की में 1926 से। ये कोई अस्पष्ट राष्ट्र नहीं हैं। ये दुनिया के सबसे धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से विविध देशों में से हैं। फ्रांस में पचास लाख मुसलमान हैं; जर्मनी में लगभग उतने ही; तुर्की में बहुसंख्यक मुसलमान हैं। उनकी नागरिक संहिताएँ प्रत्येक देश में फलती-फूलती धार्मिक समुदायों, सक्रिय मस्जिदों और मजबूत सांस्कृतिक परंपराओं के साथ सह-अस्तित्व में हैं। यह दावा कि एक समान नागरिक ढाँचा धार्मिक पहचान नष्ट करता है, केवल गलत नहीं है। यह एक सदी से अधिक के साक्ष्य द्वारा खंडित है।

विसर्जन से पूर्व प्रतिमाएं



शुक्रवार को नई दिल्ली के सीआर पार्क में, दुर्गा पूजा उत्सव के छठे दिन, ट्रकों में लादे जाने से पहले एक कार्यशाला में देवी दुर्गा और अन्य हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां (एक चाला ठाकुर शैली में) रखी हुई थीं।

आज की पाती

लोकतंत्र में असहमति को स्थान है, अराजकता को नहीं

नीट परीक्षा आंदोलन में धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र के बाद एसआईआर आंदोलन की आड़ में जिस प्रकार अराजकता फैलाई जा रही है, वो पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। किसी भी विषय पर मत भिन्नता हो सकती है, उस पर रचनात्मक आंदोलन भी हो सकता है, लेकिन आंदोलन की आड़ में अराजकता को कोई स्थान नहीं है। जन आंदोलन वही सफल होते हैं जिनमें जनता की सहभागिता हो। लेकिन इस आंदोलन में जन सहभागिता नहीं दिख रही। इसी लोकतांत्रिक ढांचे में रिजिम चेंज करने की बात कह कर आंदोलनकारी यह सोच रहे हैं कि उन्हें जन समर्थन मिलेगा, तो वो गलतफहमी में हैं। लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन का रास्ता हमारे उसी संविधान में अंकित है, जिस संविधान को हाथ में लेकर राहुल गांधी घूमते हैं। *- सतीश चौहान, बेमेतरा*

ट्रेंड

शासन का स्वरूप



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल तकनीक शासन के स्वरूप को तेजी से बदल रहे हैं। हमें अपने लोक सेवकों को इन बदलावों के अनुरूप ढलने के लिए सशक्त बनाने हेतु तैयार रहना चाहिए *-योगी आदित्यनाथ,* सीएम, यूपी

एशियन पैरा गेम्स



एशियन पैरा गेम्स 2026 में महिलाओं के डबल्स एसएल 3-एसयू 5 बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतने पर थुलसिमथी मुरुगेसन और मानसी जोशी को हार्दिक बधाई! उनके बेहतरीन टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और खेल कौशल ने देश को गौरवान्वित किया है! *- रेखा गुप्ता,* सीएम, नई दिल्ली

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग



मध्य प्रदेश में मछली पालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के साथ जोड़ा जाएगा; एकीकृत मत्स्य उद्योगों को एमएसएमई ढांचे के तहत प्रोत्साहन और सहायता मिलेगी और जमीन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। *- डॉ. मोहन यादव,* सीएम, मध्यप्रदेश

जीतने की साजिश



बीजेपी, अपनी आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए, अधिकारियों और स्कूल-कॉलेज प्रशासकों पर दबाव डालकर शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनावों को अवैध तरीके से जीतने की साजिश रच रही है। इन सभी लोगों के वीडियो बनाए जाएंगे और इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। *- अखिलेश यादव,* सांसद, सपा

करंट अफेयर

पाकिस्तान का लाहौर दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर



पाकिस्तान का लाहौर शुक्रवार को दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा। एक वायु गुणवत्ता निगरानी मंच के अनुसार, शहर में वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 410 दर्ज किया गया। एक्यूआई वायु प्रदूषण मापने का संख्यात्मक पैमाना है। इसका स्तर जितना अधिक होता है, हवा की गुणवत्ता उतनी ही खराब होती है और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ जाते हैं। स्विट्जरलैंड के निगरानी मंच आईक्यूएयर के पैमाने के अनुसार, 300 से अधिक एक्यूआई को 'खतरनाक' श्रेणी में रखा जाता है। आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर में पीएम2.5 प्रदूषकों की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वार्षिक दिशानिर्देश मूल्य से 45.2 गुना अधिक थी। पीएम2.5 का मतलब 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले बारीक कणों से है। ये कण फेफड़ों में गहराई तक पहुंच सकते हैं और रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इनके लंबे समय तक संपर्क में रहने से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। पंजाब प्रांत की सरकार के अनुसार, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर और अन्य हिस्सों में हर साल अक्टूबर से फरवरी के बीच धुंध छाने की समस्या रहती है।

ऑफ बीट

दुनिया की सभी प्रवाल भित्तियां 50 साल में हो जाएगी नष्ट



दुनिया की लगभग सभी प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ) के अगले 50 वर्षों में नष्ट होने का गंभीर खतरा है। आकलन में कहा गया है कि उथले पानी में मौजूद 96 प्रतिशत प्रवाल भित्तियां पहले से ही गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं और वर्ष 2075 तक गायब हो सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया की ग्रेट बैरियर रीफ, पश्चिमी प्रशांत महासागर और दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित कोरल ट्रायंगल, मेसोअमेरिकन बैरियर रीफ प्रणाली और लाल सागर की प्रवाल भित्तियां सहित दुनिया की कई प्रसिद्ध प्रवाल भित्तियां गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं। यह खतरे का सबसे गंभीर स्तर है। आईयूसीएन की प्रवाल भित्ति पारिस्थितिकी प्रणालियों की 'ग्लोबल रेड लिस्ट' के इस आकलन का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक मिशाल गुडका ने कहा, 'प्रवाल भित्तियों के नष्ट होने का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन इसे निराशा का कारण बनाने के बजाय खतरे की चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'प्रवाल भित्तियों ने बड़े पैमाने पर हानिकारक विरंजन (ब्लीचिंग) जैसी विनाशकारी घटनाओं के बाद भी उल्लेखनीय रूप से उबरने की क्षमता दिखाई है। भविष्य में भी कुछ स्थानों पर ऐसी प्रवाल भित्तियां बची रह सकती हैं, जो प्रतिकूल परिस्थितियों को सहने में सक्षम हों।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

जगदलपुर लालबाग मैदान में बस्तर दशहरा महोत्सव-2026 में बोलीं राष्ट्रपति

माओवादी हिंसा का दर्द पीछे छोड़कर और नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़, विकसित भारत के लिए सहयोग करें

एजेंसी ▶▶ जगदलपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से छत्तीसगढ़



नक्सलवाद के खतरे से मुक्त हुआ है और माओवादी हिंसा का दर्द पीछे छोड़कर अब तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। जगदलपुर लालबाग मैदान में बस्तर दशहरा महोत्सव के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि आदिवासी युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

आदिवासी समुदायों ने भी रावण को हराने में योगदान दिया

रामायण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केवल वानर सेना और ऋषि-मुनियों ने ही नहीं, बल्कि मेरा मानना है कि जंगलों में रहने वाले आदिवासी समुदायों ने भी रावण को हराने में योगदान दिया था। युवा देश को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाएंगे।

आदिवासी युवाओं से आह्वानः विकास में आगे आएं



संबोधन के पहले लोगों का अभिवादन करतीं राष्ट्रपति

आज विकास के कई रास्ते खुले

राष्ट्रपति ने कहा कि नक्सली हिंसा का दर्द पीछे छोड़कर छत्तीसगढ़ तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के सामने विकास के कई रास्ते खुल रहे हैं। मैं केंद्र और राज्य सरकार को बधाई देती हूं। मुझे बताया गया है कि आदिवासी उद्यमियों को वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराने और उन्हें बाजारों से जोड़ने के प्रयास तेज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि इन प्रयासों से समान विकास के जरिए 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रपति ने पेड़-पौधों को 'जीवित देवता' बताया

राष्ट्रपति ने पेड़-पौधों को जीवित देवता बताया और लोगों से वनों की रक्षा करने तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह किया।ये जीवन को बनाए रखने के लिए जरूरी चीजें प्रदान करते हैं। यह बताते हुए कि एक पेड़ को बड़ा होने में कई साल लग जाते हैं, उन्होंने कहा कि लोगों को न केवल पेड़ों की पूजा करनी चाहिए, बल्कि उन्हें लगाने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। जहां कुछ परंपराओं में पत्थरों और मिट्टी की मूर्तियों की पूजा की जाती है, वहीं आदिवासी समुदाय जीवित पेड़-पौधों की पूजा करते हैं, जो जीवन देने वाले हैं। वे हमें पानी, हवा, भोजन और जीवित रहने के लिए जरूरी हर चीज प्रदान करते हैं।

हमें पेड़-पौधों की पूजा करनी चाहिए

उन्होंने कहा कि हमें पेड़-पौधों की पूजा करनी चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी हरी-भरी और समृद्ध बनी रहे। हमें इसे हासिल करने के लिए सामूहिक संकल्प लेना चाहिए। बस्तर क्षेत्र का रामायण से संबंध बताते हुए, मुर्मू ने कहा कि इस इलाके को दंडकारण्य के नाम से भी जाना जाता था और यह भगवान राम के वनवास काल से जुड़ा हुआ है।

खबर संक्षेप

तेलंगाना में क्लोरोफॉर्म रिसाव से 2 की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक दवा कंपनी के संयंत्र में क्लोरोफॉर्म गैस के कथित रिसाव



के बाद 2 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 4अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक कंपनी के कर्मचारी थे। यह घटना गुरुवार देर रात जीनाराम मंडल में हुई। यह घटना रात करीब 11.30 बजे हुई।

सिंगर दोसांझ के शो को आखिर मिली मंजूरी

नई दिल्ली। दिलजीत दोसांझ के 'ऑरा इंडिया टूर' के तहत 30 अक्टूबर को दिल्ली के



जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में गायक का कॉन्सर्ट होना था, जिसपर दिल्ली पुलिस ने रोक लगा दी थी। अब दिलजीत को दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम की अनुमति दे दी है। कॉन्सर्ट के लिए बुकमायशो लाइव ने अनुमति मांगी थी।

अदालत ने नेहा की याचिका की खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आइसा की अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका पर शुक्रवार को फैसला



सुनाया। अदालत ने नेहा की याचिका खारिज कर दी है। यह याचिका भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताल की धारा 126 और 130 के तहत शांति बनाए रखने के लिए बॉन्ड भरने के लिए जारी किए गए नोटिस को चुनौती देते हुए दायर की गई थी।

कांग्रेस सांसद मसूद पुलिस हिरासत में

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को



लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मिलने पहुंचे कांग्रेस सांसद इमरान मसूद को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मसूद ने कहा हम ऐसे नारे का समर्थन नहीं करते, जो भारत को तोड़ने की बात करता हो।

उत्तरप्रदेश में विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव संपन्न

मंत्री स्वतंत्र देव और सपा प्रमुख अखिलेश ने भी डाला वोट

अमरोहा में सबसे ज्यादा 93.8 फीसदी तो मुरादाबाद में 75.31 प्रतिशत हुआ मतदान

कुल 14.18 लाख मतदाता 152 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव संपन्न हो गया है। फतेहपुर, फतेहाबाद, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, गोरखपुर समेत कई जिलों में सपा और भाजपा कार्यकर्ताओं में नोकझोंक हुई है। 4 बजे तक 64.24% मतदान हुआ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा के सैफई में वोट डाला। कुल 14.18 लाख मतदाता 152 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

72 जिलों में मतदान हुआ। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन 2026 में शाम चार बजे तक अमरोहा जिले में सबसे अधिक 93.8 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुरादाबाद में 75.31 प्रतिशत, रामपुर में 74.86 प्रतिशत और संभल जिले में 71.80 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अधिकारियों के अनुसार, संभल और अमरोहा में मतदान के आंकड़ों में बदलाव हो सकता है। पोलिंग पार्टियों के अंतिम रिकॉर्ड का मिलान होने के बाद मतदान का अंतिम प्रतिशत स्पष्ट होगा।

प्रदेश के 72 जिलों में डाले गए वोट, 27 को आएंगे नतीजे



मतदान प्रतिशत में वृद्धि संभव

मंत्री स्वतंत्र देव ने सपा को घेरा

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन में जिला परिषद उरई में बने मतदान केंद्र पर मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने भाजपा की जीत का दावा करते हुए सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि स्नातक और शिक्षक निर्वाचन का सदन महत्वपूर्ण है, जहां शिक्षकों और स्नातकों की समस्याओं को उठाकर समाधान कराया जाता है।

भाजपा के गुंडे या फिर भ्रष्ट अधिकारी को आगे किया: अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मैं मतदाताओं से अपील कर रहा हूं वोट से लोकतंत्र बचेगा। भाजपा के लोग निराश हैं। सपा के लोगों को रोकने के लिए भाजपा के गुंडे या भ्रष्ट अधिकारी लगे हैं।



लखनऊ जाकर कर लूंगा इस्लाम कबूलः अग्रवाल

आगरा शिक्षक खंड से सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल ने मतदान के दौरान गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाए। सपा प्रत्याशी फूट-फूटकर रो दिए। उन्होंने कह दिया कि वह लखनऊ की शादी ईदगाह में जाकर धर्म परिवर्तन कर लेंगे। आकाश अग्रवाल ने आरोप लगाया कि उनके प्रबंधकों और समर्थकों को जबरन उठाया जा रहा है, परेशान किया जा रहा है और उनके साथ बुरा बर्ताव हो रहा है।

मतदान के बीच 4 जगहों पर पक्ष-विपक्ष भिड़े

गोरखपुर में भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं में जोरदार भिड़ंत

इस चुनाव को सत्तारूढ़ भाजपा और सपा के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है।गोरखपुर में डीएवी डिग्री कॉलेज में भाजपा और सपा के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस हुई। दोनों ने एक-दूसरे पर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। यह टकराव सपा प्रत्याशी के सामने हुआ।

नेवादा में भाजपा जिलाध्यक्ष और सपा जिला उपाध्यक्ष में नोकझोंक

नेवादा में मतदान केंद्र परिसर में वाहन लाने को लेकर शुरू हुए विवाद से कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। वीडियो में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, सपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के परिसर के अंदर वाहन लाने का विरोध करते दिखाई और सुनाई दे रहे हैं।

औरैया में पीठासीन अधिकारी को धमकाने का आरोप लगाया, धरने पर सपा सांसद

औरैया के अजीतमल में बूथ संख्या 149 और 223 पर तैनात सपा एजेंटों से मारपीट का आरोप लगाते हुए सपा सांसद जितेंद्र दोहरे और जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम धरने पर बैठ गए। सपा जिलाध्यक्ष ने दोनों बूथों पर मारपीट की शिकायत डीएम से की। उधर, एरवाकटरा और बिधूना में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी हुई।

हरदोई में भाजपा और सपा प्रत्याशी के समर्थक भिड़े हरदोई के कछौना कस्बे में लखनऊ खंड स्नातक एमएलसी चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी अवनीश सिंह और सपा प्रत्याशी कांति सिंह के समर्थकों के बीच नोकझोंक हो गई। फर्जी मतदान के आरोप को लेकर एक पक्ष के अधिवक्ता रविकांत पटेल और दूसरे पक्ष के भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान एक युवक अधिवक्ता की ओर मारपीट करने के लिए झपटा।

सुप्रीम कोर्ट का हाईकोर्ट से सवाल

ऐसी क्या जल्दी थी कि किसी पक्ष को सुने बिना दे दिया आदेश

पूर्व सीएम पिनाराई विजयन, उनकी बेटी, उनके दामाद के खिलाफ था मामला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दशहरे पर छुट्टी के दिन केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, उनकी बेटी, उनके दामाद और अन्य लोगों के खिलाफ चल रही जांच पर 7 दिनों के लिए रोक लगा दी है। यह रोक उन्हें केरल हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ अपील करने का मौका देने के लिए लगाई गई है, जिसमें उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। यह मामला सरकारी कंपनी 'कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड' द्वारा आईटी फर्म 'एक्सलॉजिक' को कथित तौर पर किए गए भुगतान से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने विजयन और अन्य लोगों को एकल न्यायाधीश के 9 अक्टूबर के आदेश के खिलाफ अपील करने की अनुमति दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने केरल उच्च न्यायालय की खंडपीठ के 15 अक्टूबर के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसने अपील को खारिज कर दिया था।

जस्टिस मोहना ने की सख्त टिप्पणी

जस्टिस बागची ने कहा कि ईडी के पास हवाला डीलरों और पूर्व मुख्यमंत्रियों की जांच करने का पूरा अधिकार है। उन्हें कोई नहीं रोक सकता। ईडी ने अपना कानूनी कर्तव्य निभाया है। उन्होंने राज्य को सूचित कर दिया था। अब राज्य को कानून के अनुसार कार्रवाई करनी है। राज्य कानून के अनुसार काम कर रहा है या नहीं, इस पर (हमारी राय में) हाई कोर्ट को जांच का निर्देश नहीं देना चाहिए था।

वंदे मातरम को राष्ट्रगान के बराबर दर्जा की मांग

सुप्रीम कोर्ट 27 अक्टूबर को करेगा सुनवाई

वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के बराबर दर्जा देने की मांग अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित जनहित याचिका को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की अपील की गई है। इस पर 27 अक्टूबर को सुनवाई हो सकती है। याचिका अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने दाखिल की गई है। अधिवक्ता अश्वनी दुबे ने इसे दिल्ली हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की है। वंदे मातरम हमारे इतिहास, संप्रभुता, एकता और गौरव का प्रतीक है। यदि कोई प्रत्यक्ष इसके प्रति अनादर दिखाता है, तो यह अधिकारों और एक संप्रभु राष्ट्र के नागरिक के रूप में हमारे अस्तित्व के लिए भी संकट का कारण होगा।

समानांतर बिजली लाइसेंस के विरोध में सरकार और कर्मचारी एकजुट: अनिल विज

कहा, हरियाणा सरकार ने निजी कंपनी को बिजली लाइसेंस देने के निर्णय को पहले दिन से चुनौती दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग द्वारा निजी



कंपनी को समानांतर बिजली लाइसेंस देने संबंधी निर्णय का राज्य सरकार ने पहले दिन से ही विरोध किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ने इस संबंध में किसी निजी कंपनी से आवेदन आमंत्रित नहीं किए थे। हालांकि, विद्युत अधिनियम, 2003 में ऐसा प्रावधान है, जिसके तहत संबंधित कोई भी व्यक्ति आयोग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विज शुक्रवार को चंडीगढ़ में बिजली प्रतिनिधियों की बैठक के उपरांत मीडिया कर्मियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

सरकार बिजली कर्मचारी यूनियनों के साथ

उन्होंने कहा कि सरकार इस विषय पर बिजली कर्मचारी यूनियनों के साथ खड़ी है। कर्मचारी प्रतिनिधियों ने इसी भावना के तहत हड़ताल वापस लेने तथा तत्काल प्रभाव से बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कर्मचारियों को काम पर लौटने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिस दिन से यह मामला सामने आया, उसी दिन से बिजली कर्मचारी संगठनों ने इसका विरोध किया और राज्य सरकार ने भी अपना पक्ष स्पष्ट रूप से रखा। उन्होंने विधानसभा में भी विस्तार से सरकार का रुख रखा था और अन्य राजनीतिक दलों से भी अपील की थी कि यदि वे इस मुद्दे पर सहमत हैं, तो आयोग के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं।

सरकार की ओर से रिव्यू पिटीशन फाइल करने के निर्देश

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सरकार ने शुरुआत से ही इस निर्णय को चुनौती देने और इसके विरुद्ध कानूनी विकल्प अपनाने का रुख अपनाया है। आज बिजली कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बातचीत में सहमति बनी कि विद्युत अधिनियम की धारा 108 के तहत राज्य सरकार आयोग को आवश्यक निर्देश जारी कर सकती है। इसी के अनुरूप अधिकारियों को कार्रवाई तत्काल करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 94 के तहत हम इसकी रिव्यू पिटीशन भी फाइल करने वाले हैं और इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

राज्यपाल के शाकाहारी निर्देश पर भड़के वेणुगोपाल

खान-पान पर पाबंदी बर्दाश्त नहीं करेंगे संघ परिवार का एजेंडा नहीं चलेगा

राज्यपाल के फैसले पर नाराजगी जताई

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने केरलम के नए राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर के एक कथित फैसले की कड़ी आलोचना की,



जिसमें उन्होंने राजभवन की रसोई को पूरी तरह से शाकाहारी बनाने का निर्देश दिया है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि यह संघ परिवार की असंवैधानिक रुचियों को दिखाता है।शुक्रवार को पदभार संभालने वाले माथुर ने निर्देश दिया है कि लोक भवन की रसोई में मांसाहारी व्यंजन न तो बनाए जाएं और न ही परोसे जाएं। राज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि माथुर पूरी तरह से शाकाहारी हैं। उन्होंने रसोई में मांसाहारी भोजन न बनाने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की अपनी पसंद के भोजन पर कोई रोक-टोक नहीं थी।

भोजन चुनने की पूरी आजादी हो

वेणुगोपाल ने आरोप लगाया 'राज्यपाल ने यह तय करके हद पार कर दी है कि रसोई में केवल शाकाहारी भोजन ही बनेगा। उन्होंने कहा कि केरल की खाद्य संस्कृति मिली-जुली है। तटीय राज्य होने के नाते यहां मछली की प्रचुरता है। राज्य के लोगों को शाकाहारी या मांसाहारी भोजन चुनने की पूरी आजादी है। उन्होंने कहा केरल के लोगों की खान-पान की आदतों पर पाबंदी लगाने की कोशिश, या उन्हें यह बताने की कोशिश कि अब से उन्हें क्या खाना चाहिए, बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।

चीनी सेना से झड़प पर आईटीबीपी महानिदेशक के बयान पर कांग्रेस के पवन खेड़ा बोले

लद्दाख से अरुणाचल तक चीन के दुस्साहस की वजह मोदी की 'क्लीन चिट'

- खेड़ा ने कहा- मोदी सरकार चीन के सामने सरेंडर कर रही है
- सीमा पर चीनी दुस्साहस के बीच मोदी सरकार द्वारा नई यथास्थिति को स्वीकारना भारत के राष्ट्रीय हितों से समझौता
- पूछ- मोदी की इस कायरता के पीछे क्या राज़ है? भारत की चीन पर आर्थिक निर्भरता क्यों बढ़ रही?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश में चीन की सेना के साथ जारी टकराव की पुष्टि होने के बाद मोदी सरकार पर



देश की सीमाओं की सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाया है। अरुणाचल प्रदेश में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प की घटनाओं पर आईटीबीपी महानिदेशक की पुष्टि का हवाला देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चीन के सामने सरेंडर करना जारी है। सरकार पहले इस स्थिति से जुड़ी खबरों को दबाने की कोशिश करती रही है और अब भी देश को वास्तविक स्थिति बताने से बच रही है, लेकिन सच सामने आ रहा है।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में पार्टी के मीडिया एवं पब्लिसिटी के चेयरमैन पवन खेड़ा ने याद दिलाया कि 2020 में गलवान में भारत के 20 बहादुर जवान शहीद हुए, लेकिन तब प्रधानमंत्री ने चीन को क्लीन चिट देते हुए कहा था कि भारत की सीमा में कोई नहीं घुसा है। इसी क्लीन चिट की वजह से ही चीन लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक लगातार दुस्साहस दिखा रहा है। चीन और अमेरिका के सामने मोदी सरकार की नीतियां भारत के हितों के बजाय दबाव में लिए गए फैसलों जैसी दिखाई देती हैं। खेड़ा ने कहा कि भारत की सीमा में चीन लगातार घुसपैठ कर रहा है और मोदी सरकार चुप्पी साधकर नई यथास्थिति को स्वीकार कर रही है, जो भारत के राष्ट्रीय हितों से समझौता है। उन्होंने पुलिस महानिदेशकों की कॉन्फ्रेंस का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया था कि 65 में से 26 पेट्रोलिंग पॉइंट पर अब भारत का नियंत्रण नहीं रहा है। उन्होंने पूछा कि प्रधानमंत्री ने 2014 के बाद से चीन के साथ हुई मुलाकातों के दौरान घुसपैठ का मुद्दा क्यों नहीं उठाया? चीन के सामने मोदी की कायरता के पीछे क्या राज़ है?

मोदी सरकार पर सीमा प्रबंधन के मामले में पूरी तरह सरेंडर करने का आरोप लगाते हुए खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने 'पहले जैसी स्थिति' शब्द का इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया और अब वह इसे 'नई यथास्थिति' कहने लगी है। मोदी सरकार के प्रेस वक्तव्यों में आजकल 'अर्ली हार्वेस्ट' शब्द का बहुत प्रयोग होता है, इसका मतलब है कि बातचीत में चीन जो कहे, उसे एक बार में ही स्वीकार कर सीमा विवाद, पहले जैसी स्थिति और गश्त बिंदुओं से जुड़े मुद्दे भुला दिए जाएं। इसके परिणामस्वरूप सिलीगुड़ी कॉरिडोर, गलवान, डोकलाम से जुड़े विवाद अनसुलझे रह जाएंगे।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार लगातार दबाव में चीन की शर्तें मान रही है। चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 99 अरब डॉलर से बढ़कर 112 अरब डॉलर हो गया है। उन्होंने चीनी नागरिकों के लिए वीजा नियमों में ढील, यात्रा संबंधी प्रतिबंधों में बदलाव और प्रेस नोट-3 में संशोधनों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने चीन द्वारा भारत को टनल बोरिंग मशीनों, रेयर अर्थ मिनरल्स और खाद के निर्यात पर रोक लगाए जाने का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि 70 से 80 प्रतिशत दवाइयों के लिए चीन में बनने वाले एपीआई के भारत आने पर बीच-बीच में रोक लगा दी जाती है। चीनी निवेश और पीएलआई से जुड़ी कंपनियों को भारत में ठेके दिए जा रहे हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन द्वारा पाकिस्तान की सक्रिय रूप से सहायता करने का भी उल्लेख किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कभी चीन अरुणाचल प्रदेश के गांवों के नाम बदल देता है, कभी भारत के लिए लिए खतरा पैदा करने वाले बांध पर काम शुरू कर देता है, लेकिन मोदी चुप्पी साधकर सरेंडर करते जाते हैं। खेड़ा ने मोदी सरकार से सवाल किया कि क्या अरुणाचल प्रदेश में शेरा-5 प्वांट तक भारत पेट्रोलिंग कर पा रहा है या नहीं? क्या तकसिंग सेक्टर में चीन ने सात किलोमीटर अंदर आकर अपने टेंट गाड़ रखे हैं? क्या पूर्वी लद्दाख में साल 2020 से पहले वाली स्थिति बहाल हुई है? अप्रैल 2020 से पहले जहां हम पेट्रोलिंग कर पाते थे, उन पॉइंट्स पर आज पेट्रोलिंग कर पा रहे हैं या नहीं? सीमा पर टकराव के बावजूद चीन पर भारत की आर्थिक निर्भरता क्यों बढ़ाई जा रही है? भारत सरकार ने चीनी निवेश और पीएलआई से जुड़ी कंपनियों के लिए रास्ते आसान क्यों बनाए?

संक्षेप खबर

गंभीर बीमारी या दिव्यांगता में भी जारी रह सकेगी जीवन बीमा पॉलिसी

नई दिल्ली। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 'वेवर ऑफ प्रीमियम' राइडर लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य गंभीर बीमारी, दिव्यांगता या अन्य निर्धारित परिस्थितियों में पॉलिसीधारकों की लंबी अवधि की वित्तीय योजनाओं को जारी रखने में मदद करना है। इस राइडर के तहत पात्र परिस्थितियां उत्पन्न होने पर भविष्य के सभी प्रीमियम, अतिरिक्त प्रीमियम सहित, माफ कर दिए जाएंगे। इससे मूल बीमा पॉलिसी और उससे जुड़े अन्य राइडर निर्धारित शर्तों के अनुसार जारी रह सकेंगे।

झारखंड बॉक्सिंग संघ में एडहॉक कमेटी गठित

नई दिल्ली। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया में चल रहे विवाद के बीच अध्यक्ष अजय सिंह ने बुधवार को झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के लिए तीन सदस्यीय एडहॉक कमेटी गठित करने का आदेश जारी किया। झारखंड उन राज्य संघों में शामिल बताया जा रहा है, जिन्होंने अजय सिंह के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन किया है। यह फैसला 28 अक्टूबर को प्रस्तावित SGM से ठीक एक सप्ताह पहले आया है। इस बैठक में अजय सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी है।

मंत्रालय ने योजना के संचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी कर दिए

गहरे समुद्र में तेल-गैस खोज का जोखिम घटाएगी सरकार, लागत का 50 प्रतिशत तक देगी मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार 84,084 करोड़ रुपये की 'समुद्र मंथन' योजना के तहत गहरे समुद्र में तेल एवं गैस की खोज के जोखिम को कम करने के लिए कंपनियों को वित्तीय सहायता देगी। इसके तहत 56 खोजी कुओं की लागत का 50 प्रतिशत तक और चार भूवैज्ञानिक अध्ययन वाले कुओं की लागत का पूरा खर्च निर्धारित सीमा के भीतर सरकार उठाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने योजना के संचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। इसका उद्देश्य गहरे समुद्र में तेल और गैस की खोज को प्रोत्साहन देना और आयातित

योजना के तहत 56 खोजी कुओं की 50 फीसदी लागत सरकार उठाएगी

सरकार 'समुद्र मंथन' योजना के तहत 84,084 करोड़ की सहायता देगी

60 करोड़ टन से अधिक तेल समतुल्य संसाधन जुड़ सकेंगे

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने दिशानिर्देशों की प्रस्तावना में 'समुद्र मंथन' योजना को हाल के वर्षों में तेल एवं गैस की खोज और उत्पादन के क्षेत्र में 'सबसे महत्वाकांक्षी पहल' बताया। उन्होंने कहा कि इससे भारत के तेल एवं गैस भंडार में 60 करोड़ टन से अधिक तेल समतुल्य संसाधन जुड़ सकते हैं।



सरकार अधिकतम 675 करोड़ रुपये प्रति कुआं देगी सहायता

दिशानिर्देशों के तहत, 56 खोजी कुओं के लिए सरकार अधिकतम 675 करोड़ रुपये प्रति कुआं और भूवैज्ञानिक अध्ययन वाले चार कुओं के लिए 1,350 करोड़ रुपये प्रति कुआं तक सहायता देगी। इन चार कुओं के लिए सहायता केवल सरकारी कंपनियां या उनके नेतृत्व वाले गठजोड़ हासिल कर सकेंगे।

वित्तीय सहायता दो चरणों में दी जाएगी

योजना के तहत 400 मीटर से अधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों को गहरे समुद्र और 1,500 मीटर से अधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों को अति गहरे समुद्र की श्रेणी में रखा गया है। वित्तीय सहायता दो चरणों में दी जाएगी। कुएं की स्वीकृत गहराई का 40 प्रतिशत काम पूरा होने पर मंजूर राशि का 40 प्रतिशत और कुएं की खुदाई पूरी होने तथा रिपोर्ट मंजूर होने के बाद शेष 60 प्रतिशत दिया जाएगा।

सीमा से अधिक खर्च कंपनियों को उठाना होगा

सरकारी मदद की वसूली वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के सात साल बाद या जब कंपनी खोज और विकास लागत का 50 प्रतिशत वसूल कर लेगी, इनमें से जो पहले होगा, तब शुरू होगी। हालांकि, निर्धारित सीमा से अधिक खर्च कंपनियों को स्वयं उठाना होगा। समुद्र मंथन योजना के तहत साझा उत्पादन सुविधाओं के विकास के लिए भी वित्तीय सहायता दी जाएगी।

शुरूआत में महानदी बेसिन पर होगा ध्यान

इसका उद्देश्य छोटे या ऐसे तेल-गैस भंडारों को उत्पादन व्यवस्था से जोड़ना है, जिनका अकेले दोहन आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं है। इसमें समुद्र के भीतर पाइपलाइन, प्रसंस्करण मंच और साझा उत्पादन इकाइयां शामिल हैं। साझा उत्पादन सुविधाओं के विकास के लिए शुरुआत में महानदी बेसिन पर ध्यान दिया जाएगा, जबकि कच्छ बेसिन के लिए सांकेतिक राशि का प्रावधान है।

तेल-गैस के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना

इन परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंत्री की मंजूरी से पहले सार्वजनिक निवेश बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। इसके अलावा, तेल एवं गैस क्षेत्र के विनिर्माण और सेवा उद्योगों के लिए साझा सुविधाओं वाले औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की भी योजना है। दिशानिर्देशों के मुताबिक, यह योजना वित्त वर्ष 2030-31 तक चलेगी। वित्त वर्ष 2026-27 तैयारी का वर्ष होगा, जबकि 2027-28 से 2030-31 तक इसका पहला चरण लागू किया जाएगा।

सोना 1,900 रुपये लुढ़का, चांदी 5,500 रुपये टूटी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और डॉलर में मजबूती के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपये टूटकर 1,46,100 रुपये प्रति 10 ग्राम सभी करों सहित) पर आ गया। बृहस्पतिवार को इसका भाव 1,48,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। चांदी की कीमत भी 5,500 रुपये गिरकर 2,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। इस तरह चांदी में लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। इस तरह, 30 सितंबर के बाद से अब तक चांदी की कीमत में 30,000 रुपये यानी करीब 13 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है।

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER Municipal Council, Ahiwara

E-procurement Tender Notice
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

क्रमांक / 561 / न.पा.प. / लो.क.वि. / 2026 अहिवारा दिनांक 23.10.2026

Online bids are invited for followings works up to 12.11.2026

S. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Class of Contractor
1	202382	Design, Construction, Testing, Ccmmissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire Systemin Nagar Palika Parishad, Ahiwara under SBM 2.0	Rs. 437.06	Rs. 2.19	In Class B or Above

The details can be viewed ard downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 23.10.2026 at 17:00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

टीप:– ऐसे निविदाकार, जिनके पास STP/WTP कार्य एवं निविदा (Notice Inviting Tender) में निर्धारित पात्रता को पूर्ण करते है, निविदा में भाग लेने हेतु पात्र होगें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित शर्मा पुत्र रजनीश शर्मा निवासी मकान संख्या डब्ल्यूजेड–333, ऊपरी भूतल, गली नंबर 01, नामधारी संत गढ़, तिलक नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 602/2022 U/S 420/34 IPC, अन्तर्गत थाना जनकपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 602/2022 U/S 420/34 IPC, अन्तर्गत थाना जनकपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री हरजोत सिंह औजला
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
दक्षिण पश्चिम जिला, कमरा नंबर 05
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/15234/WD/2026(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी पंकज कुमार पुत्रः** राम कुमार **पताः** 324 गली नंबर 19 धीरपुर गांव दिल्ली एम. नगर, दिल्ली **FIR No. 139/20, U/S: 380, पुलिस थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **पंकज कुमार, FIR No. 139/20, U/S: 380, पुलिस थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अमरदीप कौर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी उत्तर
कमरा नं. 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15129/NW/2026 (Court Matter)

इंफोसिस का लाभ 6.2% बढ़कर 7823 करोड़ रुपये

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.2 प्रतिशत बढ़कर 7,823 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,364 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका परिचालन राजस्व



10.2 प्रतिशत बढ़कर 49,244 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 44,490 करोड़ रुपये था। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा कि कंपनी को आलोच्य तिमाही में 5.2 अरब डॉलर के बड़े अनुबंध मिले, जिनमें दो अरब डॉलर से अधिक का एक बड़ा सौदा भी शामिल है। कंपनी के कुल राजस्व में कृत्रिम मेधा (एआई) कारोबार की हिस्सेदारी 10.5 प्रतिशत रही और इसमें एक तिमाही पहले की तुलना में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनियों में बड़े पैमाने पर एआई अपनाने की प्रक्रिया के बीच इस कारोबार में वृद्धि कंपनी की बाजार स्थिति और ग्राहकों के भरोसे को दर्शाती है।"

20 हजार नए स्नातकों की भर्ती का लक्ष्य

पारेख ने बताया कि बीती तिमाही में कंपनी के कर्मचारियों की शुद्ध संख्या में 4,000 की वृद्धि हुई। इस दौरान उसने कॉलेजों से 8,000 नए स्नातकों की भर्ती की। कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष में करीब 20,000 नए स्नातकों की भर्ती का लक्ष्य रखा है। इस बीच, कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 26 रुपये का अंतरिम लाभांश घोषित किया है, जो पिछले साल की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है।

यामी गौतम धर बनीं लायशा बासमती चावल की ब्रांड एंबेसडर

गुरुग्राम। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित अभिनेत्री यामी गौतम धर अब लायशा बासमती चावल के विज्ञापनों में नजर आएंगी। सिसिल ग्रुप के इस ब्रांड ने यामी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, वह आने वाले समय में ब्रांड के विभिन्न विज्ञापनों और आयोजनों का हिस्सा बनेंगी।यामी गौतम के साथ जुड़कर कंपनी भारतीय परिवारों के बीच अपने उत्पादों की पहचान मजबूत करना चाहती है। ब्रांड का संदेश 'कुक ब्रिलियंस टुडे' यानी आज ही कुछ खास पकाएं, खाना बनाने की गुणवत्ता और उसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री पर केंद्रित है।सिसिल ग्रुप के प्रबंध निदेशक अमन गुप्ता ने कहा कि यामी गौतम धर का आधुनिक नजरिया और भारतीय परिवारों की परंपराओं से जुड़ाव ब्रांड की सोच से मेल खाता है।

फॉर्म संख्या URC-2
कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XXI के भाग I के तहत एक कंपनी के पंजीकरण के आवेदन की सूचना (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(b) और कंपनी (पंजीकरण के लिए अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसार)

1. इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप–धारा (2) के अनुसरण में, कंपनी रजिस्ट्रार, दिल्ली–दक्षिण दिल्ली के समक्ष एक आवेदन करने का प्रस्ताव है कि IQGREAT PROFESSIONALS LLP (एक सीमित दायित्व भागीदारी/LLP) को कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत शेरों द्वारा सीमित एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी (private limited company) के रूप में पंजीकृत किया जाए।

2. कंपनी के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं: रणनीतिक, परिचालन और संगठनात्मक नियोजन, कॉर्पोरेट प्रबंधन एवं व्यवसाय सलाहकार सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रबंधन सलाहकारों (management consultant) और सलाहकारों के रूप में व्यवसाय चलाना।

3.प्रस्तावित कंपनी के ज्ञापन (Memorandum of Association) और अंतरनियम (Articles of Association) के प्रारूप (draft) की एक प्रति IQGREAT PROFESSIONALS LLP के कार्यालय: कार्यालय संख्या 302, C–17, तीसरी मंजिल, गुरुनानकपुरा, लक्ष्मीनगर, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110092 पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

4. इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस आवेदन पर कोई आपत्ति है, तो वह अपनी आपत्ति कारणों सहित लिखित रूप में इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिनों के भीतर कंपनी रजिस्ट्रार (ROC दिल्ली) को चौथी मंजिल, IFCI टावर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली – 110019 के पते पर भेज सकता है तथा इसकी एक प्रति आवेदक को उसके उपर्युक्त पंजीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजनी होगी।

दिनांक: 22nd October, 2026

IQGREAT PROFESSIONALS LLP
की ओर से और उन के लिए:
हस्ताक्षर/–
नाम: कुशेंद्र श्रीवास्तव (DIN: 07588817)
पद: नामित भागीदार

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम जबलपुर क.1 म.प्र.
कटंगा कासिंग, टीवी टॉवर के पास
उद्योग भवन के सामने जबलपुर म०प्र०
Under the Consumer Protection Act, 2019
प्र०क० CC/1018/2020
आगामी पेशी दि० 29/10/2026

.....बालेन्द्र पिता बिहारीलाल अग्रवाल
परिवादी/आवेदक
विरूद्ध
...बी०एच०एफ० इंटरनेशनल व अन्य
अनावेदक/विपक्षी

प्रति,
..बी.एच.एफ. इंटरनेशनल,
प्रोप्राईटर- राहुल भल्ला
993, भंगार मोहल्ला, तुगलकाबाद ग्राम
साउथ दिल्ली, पिन 110044

उक्त प्रकरण में परिवादी ने आपके विरूद्ध इस आयोग में यह परिवाद उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019 के तहत प्रस्तुत किया हैं। जिसकी प्रतिलिपि आपकी ओर भेजी जा रही है। अतः आप नोटिस प्राप्ति के 30 दिवस के अंदर जिला आयोग में उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आवश्यक रूप से अपना जवाब प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार।
संलग्नः- 1. परिवाद की प्रति।
2 प्रपत्र
हस्ता/- जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, जबलपुर कमांक-1 म.प्र.

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान

प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

धनु आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

सेंसेक्स 126, निफ्टी 88 अंक फिसला

कच्चे तेल की तेजी से शेयर बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



पश्चिम एशिया में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच जाने और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स 126 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 88 अंक नुकसान में रहा। विश्लेषकों के मुताबिक, कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच चौतरफा बिकवाली और महंगाई से कंपनियों के मुनाफे पर पड़ने वाले असर की चिंता ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 125.56 अंक टूटकर 73,123.83 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 797.02 अंक तक गिरकर 72,452.37 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 87.65 अंक के साथ 22,600 अंक पर बंद हुआ। ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा, "वैश्विक ऊर्जा बाजार में आपूर्ति बाधित होने की आशंका ने चुनिंदा आईटी शेयरों में खरीदारी के बावजूद बाजार की धारणा कमजोर रखी। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई, रुपये और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव की चिंता बढ़ी है। निफ्टी की तुलना में मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक गिरावट आना चिंता का विषय है। ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और कमजोर वैश्विक संकेतों से व्यापक बाजार पर दबाव बढ़ा है।/"

धनतेरस पर तनिष्क ने 'अध्यंतरा' नाम से नया कलेक्शन पेश किया

नई दिल्ली। धनतेरस के मौके पर आभूषणों की खरीदारी के लिए तनिष्क ने 'अध्यंतरा' नाम से नया कलेक्शन पेश किया है। ब्रह्मांड, चमकते सितारों और खगोलीय आकृतियों से प्रेरित इस कलेक्शन के प्रचार अभियान में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं।कलेक्शन के आभूषणों में ब्रह्मांड की सुंदरता को डिजाइन के जरिए उतारने की कोशिश की गई है। इसमें सितारों की चमक और खगोलीय आकृतियों से प्रेरित कलात्मक डिजाइन शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, यह कलेक्शन महिलाओं की सुंदरता, आत्मविश्वास और आंतरिक शक्ति को दर्शाने की सोच के साथ तैयार किया गया है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम सोनीपत	एम.सी. सोनीपत में पांच वर्षीय वारंटी सहित एलईडी स्ट्रीट लाइट्स की आपूर्ति और स्थापना।	बंद होने की तिथि 30.10.2026	57,62,000/-	https://eprocure.hry.nic.in	1302260100 xenhcmcs@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50481/1/88/7 दि. 23.10.26

उत्तर रेलवे

ई खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता/ सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक **17.11.2026** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	समापन अवधि
ए) सहायक मंडल अभियंता/	₹36998873.07	₹740000.00	12 महीने
सम्पत्ति–III के अधीन कार्यरत वरिष्ठ खंड अभियंता/ सेन मार्टिन मार्ग के कार्यक्षेत्र में सैन मार्टिन मार्ग पर खाली टाइप V और टाइप VI डुप्लेक्स, मोती बाग में रेलवे बोर्ड सदस्यों के बंगलों की मरम्मत और नवीनीकरण का काम, तथा अन्य संबंधित कार्य और सहायक मंडल अभियंता/ सम्पत्ति–III के अधीन कार्यरत वरिष्ठ खंड अभियंता/ सरदार पटेल मार्ग के कार्यक्षेत्र में सरदार पटेल मार्ग रेलवे अधिकारी एन्क्लेव में क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार प्लास्टर/ ग्रिल, कर्ब स्टोन, खुली नालियों को ढकने, लॉन फ्लोरिंग, बाहरी प्लास्टर, बाहरी पेंटिंग आदि में सुधार का कार्य हेतु।			
बी) सहायक मंडल अभियंता/	₹46598934.74	₹932000.00	12 महीने
सम्पत्ति–III के अधीन कार्यरत वरिष्ठ खंड अभियंता/ निजामुद्दीन के कार्यक्षेत्र में लक्ष्मी बाई नगर गुलाबी बाग और ओखला रेलवे कॉलोनियों में पुरानी पाइपलाइनों की जगह नई वितरण पाइप लाइनें बिछाने और अन्य संबंधित कार्यों के माध्यम से जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार और चाणक्य रेल एन्क्लेव में कमियों को दूर करने के लिए फंड की आवश्यकताय साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, IOW कार्यालय और माली की झोपड़ियों की मरम्मत, फव्वारों और ग्लास हाउस के प्रवेश द्वारों में सुधार, तथा SOJ नर्सरी में क्षतिग्रस्त कॉन्सर्टिना कॉइल फेंसिंग (कांटेदार बाड़) को बदलना और सरोजिनी नगर रेलवे कॉलोनी और लक्ष्मी बाई नगर में ब्लॉक 1 से 25 तक स्थित टाइप–I और टाइप–II क्वार्टरों के शौचालय, बाथरूम और रसोई की मरम्मत/ नवीनीकरण कार्य हेतु।			

1. निविदा दिनांक **17.11.2026** को **15:00** बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
पत्र संख्याः 128-डब्लयू/ 269/ ओ.ई.टी/ निविदा सूचना/ 26-27/ डब्लयू-ई/ टेंडर, नः 23 (ए.बी.सी.) दिनांकः 22.10.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3685/2026

शब्द पहेली - 6387



बाएँ से दाए-
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

ऊपर से नीचे
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली -6386 का हल

	अ	ब	का	श		प्र	ति	घा	त	
खु				रा	व	ण				मु
शा		ना	था	ब		य	ती	म		क
म		ह		खा	र	क		ज		र
द	या	क	र	ना		था	ह	मा	प	ना
	प		फ्ता				सी		ठा	
अ	न	ब	र	त		म	न	भ	र	ना
नु		रा		म	ध्य	म		र		मा
रो		ह	र्षि	त		ता	ली	म		कू
ध				मा	त	म				ल
	आ	ज	मा	ना		य	ज	मा	न	



पैरा एशियन गेम्स : भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, पदकों की संख्या 100 के पार

एजेंसी ▶▶| नागोया

जापान के आईची नागोया में चल रहे पैरा एशियन गेम्स में भारतीय एथलीटों का अब तक ऐतिहासिक प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें साल 2022 में हुए हांगझोऊ एशियन पैरा गेम्स में जीते गए कुल 28 गोल्ड मेडल की संख्या को बराबरी करने में कामयाबी मिली है। मेडल टैली में अभी भारत चौथे नंबर पर है, जिसमें उसके नाम कुल 106 मेडल दर्ज हो चुके हैं। इसमें 28 गोल्ड के अलावा 34 सिल्वर और 44 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है।



बैडमिंटन : तीन स्वर्ण सहित जीते 16 पदक



भारत के लिए एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में शुक्रवार का दिन बेहतरीन रहा जब पेरिस पैरालम्पिक चैंपियन नितेश कुमार, नवीन शिवकुमार ने बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल3 और एसएल4 में स्वर्ण पदक जीता जबकि तुलसीमति मुरूगेसन और मानसी जोशी ने महिला युगल एसएल3. एसयू5 में भारत की झोली में पीला तमगा डाला। इस तरह से भारत ने बैडमिंटन में तीन स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य सहित कुल 16 पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। मुरूगेसन और मानसी ने चीन की यांग कियूशिया और शियाओ जूशियान को 30 मिनट तक चले मुकाबले में हराया। 31 वर्ष के नितेश ने 38 वर्ष के प्रमोद भगत को हराया। वहीं 2018 और 2022 में स्वर्ण जीतने वाले प्रमोद को रजत पदक मिला।नितेश और पेरिस पैरालम्पिक रजत पदक विजेता तुलसीमति को मिश्रित युगल एसएल3 . एसयू5 में रजत पदक भी मिला।



पैरा तीरंदाजी : हरविंदर और विजय को स्वर्ण

हरविंदर सिंह और विजय सुंडी ने पैरा रिकर्व पुरूष युगल फाइनल में चीन को 5-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच पहला सेट 35-35 से बराबरी पर था। भारत ने दूसरा सेट 37-36 से और तीसरा 38-36 से जीता। चीन के युन डुओ और झाओ लिक्सू की जोड़ी प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख सकी। इससे पहले भारत की भावना चौधरी और पूजा जटिया की जोड़ी महिला पैरा रिकर्व युगल फाइनल में चीन की गाओ जिहान और वांग शूकियान से 0-6 से हार गई और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

संदीप और हानी को विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण



भारत के संदीप और हानी ने क्रमशः पुरुषों की 400 मीटर टी64 फाइनल और पुरुषों की भालाफेंक एफ37 /38 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। संदीप ने 52.28 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि अजय कुमार को कांस्य पदक मिला। =सउदी अरब के नूर अलसाना को 53.13 सेकंड के साथ रजत पदक मिला जबकि अजय ने खेलों का रिकॉर्ड बनाकर 53.61 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। संदीप और अलसाना टी44 श्रेणी में खेलते हैं जबकि कुमार टी64 श्रेणी के खिलाड़ी हैं। दोनों श्रेणियों की स्पर्धा अक्सर संयुक्त होती है। भालाफेंक एफ37 /38 स्पर्धा में हानी ने 60.49 मीटर (रजा अंक 1116) का विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ईरान के होरमोज एस को 50 . 68 मीटर (रजा अंक 1009) के साथ रजत और चीन के यू चेंगजी को 53 . 66 मीटर (रजा अंक 943) के साथ कांस्य पदक मिला।इसके साथ ही भारत के इन खेलों में सौ पदक हो गए हैं।

5 घंटे का रोमांचक फाइनल, रॉब को हराकर चैंपियन बने आडवाणी

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप: पंकज ने जीता 29वां विश्व खिताब

क्यू खेल के दिग्गज खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीतकर करियर का 29वां विश्व खिताब अपने नाम किया और साबित कर दिया कि इस खेल में उनका जलवा अब भी कायम है।

इकतालिस वर्षीय आडवाणी सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय थे और अंततः उन्होंने पांच घंटे तक चले बेहद रोमांचक फाइनल में इंग्लैंड के रॉब हॉल को 1906-1206 से शिकस्त दी। आडवाणी और हॉल दोनों के लिए फाइनल काफी अहम था। हॉल इससे पहले पांच बार विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन हर बार खिताब जीतने से चूक गए थे। वहीं आडवाणी की नजरें क्यू खेलों में अपने विश्व खिताबों के बेमिसाल रिकॉर्ड को और बेहतर करने पर थीं।



91 के ब्रेक के साथ की फाइनल की शुरुआत

फाइनल की शुरुआत आडवाणी ने 91 के ब्रेक के साथ की। इसके बाद हॉल ने 203 का शानदार ब्रेक बनाकर बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले के करीब दो घंटे बाद दोनों खिलाड़ी लगभग बराबरी पर थे। तभी आडवाणी ने एक और शतकीय ब्रेक लगाकर बढ़त बना ली। अगले 30 मिनट तक हॉल ने शानदार बिलियर्ड्स खेलते हुए 331 का ब्रेक बनाया और कई बार के विश्व चैंपियन आडवाणी से 300 से अधिक अंकों की बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले में दो घंटे से भी कम समय बचा था और अंकों का अंतर लगातार बढ़ने के कारण आडवाणी मुश्किल स्थिति में नजर आ रहे थे।

भारत बनाम न्यूजीलैंड दूसरा टी-20 आज

सीरीज जीतने गेंदबाजों को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

भारत पहले मैच में बल्लेबाजों के दम पर बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा लेकिन अगर उसे अपना विजय अभियान जारी रखना है तो न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

पिछले कुछ समय की तरह इस मैच में भी भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन साधारण रहा। अगर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होता तो परिणाम उल्टा हो सकता था। भारत ने 226 रन का रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके 5 मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली लेकिन बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता बाकी मैचों में भारी पड़ सकती है।

हाई लेंथ पर गेंदबाजी पर फोकस

दूसरे मैच में भी बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल रहने की उम्मीद है और ऐसे में गेंदबाजों को किसी भी तरह की गलती करने से बचना होगा। पहले टी20 में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले अक्षर पटेल पर भी दबाव होगा। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, 'हमें हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी करनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय हमने ओवर पिच गेंदबाजी अधिक की।'

वैभव सूर्यवंशी को मिल सकता है मौका

बल्लेबाजी की बात करें तो ईशान किशन के चोटिल होने के कारण 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिल सकता है। उनका अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने की उम्मीद है जबकि संजू सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं। किशन के चोटिल होने के कारण तिलक वर्मा को पहले मैच में तीसरे नंबर पर भेजा गया था लेकिन अब उनके पांचवें या छठे नंबर पर ही आने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी और एडम मिल्ने ने अपने पहले स्पेल में काफी स्विंग हासिल की, लेकिन उनकी लेंथ सैमसन और अभिषेक के लिए पर्याप्त कारगर साबित नहीं हुई।



न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों के लिए भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। सैमसन और अभिषेक ने पावरप्ले में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर कहर बरपाते हुए 94 रन बनाए थे। इसके बाद सैंटनर और उनके साथी स्पिनर माइकल ब्रैसवेल ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। वह फिर से इसी तरह का प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों को ऑफ-स्पिन के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है। ब्रैसवेल के खिलाफ उनके रवैये में इसकी स्पष्ट झलक देखने को मिली थी। भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं भुवनेश्वर

भारत के लिए पांचवें और छठे गेंदबाज का विकल्प चिंता का विषय बना हुआ है क्योंकि चोटिल हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में अन्य ऑलराउंडर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पहले मैच में नीतीश रेड्डी ने चार ओवर में 40 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला जबकि नमन धीर को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने बल्लेबाजी में मैच विजेता पारी खेली। भारत की गेंदबाजी की मुश्किलों को और बढ़ाने वाली बात यह है कि श्रृंखला के पहले मैच में उसके प्रमुख गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। लगभग चार साल बाद भारत के लिए अपना पहला मैच खेल रहे भुवनेश्वर कुमार अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे और उन्होंने चार ओवरों में 49 रन लुटा दिए। उनकी दो नो-बॉल और उतनी ही वाइड गेंदों से पता चलता है कि उन्हें लय में आने के लिए और समय चाहिए। फिन एलन और उनके साथी सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने पावरप्ले में भुवनेश्वर और अर्शदीप पर मनचाहे चौके लगाकर इन दोनों तेज गेंदबाजों पर दबाव बना दिया था।

मैच का समय : दोपहर 12:30 बजे

खबर संक्षेप

बीसीसीआई जूनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने अवाना

नई दिल्ली। पूर्व तेज गेंदबाज परविंदर अवाना को बीसीसीआई की नवगठित जूनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अवाना ने भारत के लिए 2 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने 62 प्रथम श्रेणी मैच में 191 विकेट हासिल किए। उन्होंने दिल्ली, भारत 'ए' और शेष भारत का भी प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) की ओर से खेले थे। संन्यास के बाद अवाना ने कोचिंग की राह अपनाई। उन्होंने दिल्ली की अंडर-16, अंडर-19 और अंडर-23 टीम के साथ काम किया। इसके अलावा वह भारत की अंडर-19 टीम के साथ बीसीसीआई और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) के विभिन्न कार्यक्रमों से भी जुड़े रहे।



जनवरी 2028 में ओलंपिक क्रिकेट क्वालीफायर



नई दिल्ली। लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्वालीफायर जनवरी-फरवरी 2028 में होंगे। रिपोर्ट के अनुसार महिला और पुरुष दोनों के लिए ओलंपिक क्वालीफायर को वैश्विक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल किया गया है, जिसे आईसीसी ने दुबई में अक्टूबर में हुई बैठकों के बाद अपने सदस्य बोर्डों के साथ साझा किया था। 2029 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल 8 से 12 जून तक इंग्लैंड में होगा।इसमें कहा गया है, 'कुल मिलाकर 2027 और 2031 वनडे विश्व कप के बीच पुरुषों की 12, महिलाओं की सात और अडर 19 की पांच प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।'

भारत की जिम्बाब्वे पर आसान जीत

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय महिला टीम ने श्रीचरणी (23 रन देकर 4 विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद प्रतिका रावल (नाबाद 100) के तीसरे वनडे शतक और शेफाली वर्मा (नाबाद 64) के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे पर 22.5 ओवर रहते 9 विकेट की आसान जीत दर्ज की।

पारी का आगाज करने के लिए भेजी गई प्रतिका ने 96 गेंद की पारी के दौरान 15 चौके लगाए और शेफाली ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंद की पारी में चार चौके और चार छक्के जड़े। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 106 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने 27.1 ओवर में एक विकेट पर 200 रन बनाकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना (32 रन) आउट होने वाली एकमात्र बल्लेबाज रहीं।

भारत ने जिम्बाब्वे की पारी को झकझोरा

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए बिलव्ड बीजा ने 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन इसके बावजूद टीम 200 रन के अंदर सिमट गई। भारतीय गेंदबाजों ने अहम मौकों पर विकेट चटकाकर जिम्बाब्वे की पारी को झकझोर दिया। क्रांति गौड़ (42 रन देकर तीन विकेट) ने भी उनका अच्छा साथ निभाया। दोनों ने यहां कोटांबी के बल्लेबाजी के मुफीद विकेट पर जिम्बाब्वे को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।



महिला वनडे
- प्रतिका ने जड़ा शतक
- शेफाली ने खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी
- श्रीचरणी ने झटके 4 विकेट

श्रीचरणी के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

इससे पहले श्रीचरणी ने 10 ओवर में 23 रन देकर चार विकेट झटककर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिससे जिम्बाब्वे की टीम 49.5 ओवर में 197 रन पर सिमट गई। प्रतिका ने बल्लेबाजी के लिए मुफीद पिच पर बिना कोई जोखिम लिए बेहतरीन शॉट्स लगाए। आसान पिच और जिम्बाब्वे की कमजोर गेंदबाजी के सामने भारतीय टीम ने तेज शुरुआत की। हालांकि 16वें ओवर में मंधाना का विकेट गिर गया। वह ओलिंडर चारे की गेंद पर लांग ऑन पर खड़ी बिलव्ड बीजा को कैच थमा कर पवेलियन पहुंची।

आज से भारत ए और न्यूजीलैंड ए में भिड़ंत



लिंकन। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल जैसे सीनियर टीम के खिलाड़ी भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच शनिवार से शुरू होने वाले पहले चार दिवसीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अपनी तैयारी को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की अगुवाई में भारत ए टीम बर्ट सटक्लिफ ओवल स्टेडियम में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस मैच से भारतीय खिलाड़ियों को 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले परिस्थितियों को समझने का अच्छा मौका मिलेगा। यह टेस्ट श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा है। राहुल और जायसवाल भारतीय टीम में शामिल दो प्रमुख नाम हैं। उनके अलावा देवदत्त पडिक्कल, वाशिंगटन सुंदर, साई सुदर्शन तथा तेज गेंदबाज आकाशदीप, अंशुल कंबोज और मुकेश कुमार भी ऐसे खिलाड़ी हैं, जो सीनियर टीम का हिस्सा हैं।

पंत नहीं खेलेंगे मैच

ऋषभ पंत चोट से उबरने के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं, इसलिए वह भारत ए टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह ईरानी ट्रॉफी में शेष भारत की कप्तानी करते हुए चोटिल हो गए थे। उनके स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को दौरे के पहले दो मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया था। तीसरे मैच में पंत की उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा। कप्तान जुरेल विकेटकीपिंग के विकल्प के तौर पर उपलब्ध हैं।

4 नवंबर से शुरू होगी वनडे श्रृंखला

आकाश दीप भी उन गेंदबाजों में शामिल होंगे, जो लय और मैच फिटनेस हासिल करने की कोशिश करेंगे। कुछ सीनियर खिलाड़ियों की हालांकि भारत ए की तरफ से सभी तीनों मैच में खेलने की संभावना नहीं है क्योंकि वह 4 नवंबर से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला का हिस्सा हैं। भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच दूसरा अनौपचारिक टेस्ट मैच 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक क्राइस्टचर्च में जबकि तीसरा मैच 7 से 10 नवंबर तक लिंकन में होगा।

30 साल की मेघना का क्रिकेट से संन्यास



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- टीम इंडिया के लिए खेले 20 इंटरनेशनल मैच

भारत की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज एस मेघना ने क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा की। आंध्रप्रदेश की 30 साल की इस खिलाड़ी नवंबर 2022 में आखिरी बार भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी और गुजरात जायंट्स के लिए खेल चुकी है।

मेघना ने पोस्ट में लिखा, खिलाड़ी के तौर पर क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा करते हुए मेरा दिल कृतज्ञता की भावना से भरा हुआ है। भारत के लिए 3 वनडे और 17 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैदान मेरे लिए दूसरे घर की तरह रहा है। इसने मुझे विपरीत परिस्थितियों में डटे रहना और विनम्र बने रहना सिखाया। इसने मुझे ऐसी यादें और दोस्त दिए हैं, जिन्हें मैं जीवनभर संजोकर रखूंगी।'

2016 में किया था डेब्यू

मेघना ने वर्ष 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। इसके छह साल बाद उन्होंने अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला। उन्होंने दोनों ही प्रारुपों में एक-एक अर्धशतक लगाया है।

मैं हमेशा क्रिकेट से जुड़ी रहूंगी

मेघना ने लिखा, 'भले ही क्रिकेट खेलने के मेरे दिन अब समाप्त हो गए हैं, लेकिन इस खेल से मेरा रिश्ता कभी नहीं टूटेगा। मैं हमेशा क्रिकेट से जुड़ी रहूंगी। मेरा इरादा अपना जीवन इस खेल को कुछ लौटाने, अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने और उस खेल की सेवा में समर्पित करने का है, जिसने मुझे सब कुछ दिया है।

एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप: भारत ने 1954 में मिक्स्ड डबल्स में जीता था पदक

72 साल का सूखा खत्म, सेफा में हरमीत-यशस्वीनी

एजेंसी ▶▶| ताशकंद

हरमीत देसाई और यशस्वीनी घोरपड़े ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ताशकंद में चल रही एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में इस जोड़ी ने भारत के लिए एक मेडल पक्का कर लिया है। भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई है, जिससे एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में 72 साल बाद भारत के लिए मेडल पक्का हो गया है। इससे पहले भारत ने इस इवेंट में आखिरी बार 1954 में मिक्स्ड डबल्स में मेडल जीता था। सेमीफाइनल में जगह बनाकर हरमीत और यशस्वीनी ने कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का कर लिया है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में साउथ कोरिया के पार्क गैंगह्योन और ली डेउन को 3-2 से हराया।

सेमीफाइनल में मुकाबला जापान की जोड़ी से

अब सेमीफाइनल में हरमीत और यशस्वीनी का मुकाबला जापान के सोरा मात्सुशिमा और मिवा हारिमोटो से होगा, जिसमें जीतने वाली जोड़ी फाइनल में अपनी जगह बनाएगी। एक अन्य भारतीय मिक्स्ड जोड़ी, पायस जैन और सिंड्रेला दास मेडल पक्का करने से चूक गई। उन्हें क्वार्टर फाइनल में चीन के यी चेन और हुआंग युझेंग से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। हरमीत हाल ही में हुए एशियन गेम्स का भी हिस्सा थे, लेकिन जिन तीन इवेंट्स में उन्होंने भाग लिया, उनमें से किसी में भी वह मेडल नहीं जीत सके।



हरमीत ने मेंस डबल्स में लिया था हिस्सा

हरमीत ने सत्यन ज्ञानसेकरन के साथ मेंस डबल्स इवेंट में भी हिस्सा लिया था। हालांकि, तीसरे राउंड में उन्हें जापान के सोरा मात्सुशिमा और शुनसुके तोगामी से हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यशस्वीनी भी एशियन गेम्स से खाली हाथ लौटी थीं। वह विमेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में जापान की मिवा हारिमोटो से हार गई थीं।

9 फरवरी से जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन स्क्वॉश



मुंबई। जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन स्क्वॉश टूर्नामेंट के तीसरे सत्र का आयोजन अगले साल 9 से 13 फरवरी तक किया जाएगा, जिसमें महिला स्पर्धा को 'प्रोफेशनल स्क्वॉश एसोसिएशन (पीएसए)' विश्व टूर में सिल्वर स्तर पर अपग्रेड किया गया है। इस अपग्रेड के साथ यह पीएसए टूर में भारत का पहला महिला सिल्वर स्तर का टूर्नामेंट होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

ये जानकारी शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में रणधीर जायसवाल ने दी है

यूरोप के प्रदर्शन वाले देशों में अतिरिक्त सतर्कता बरतें भारतीय, घटनाक्रम पर भारत की पैनी नजर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

युवाओं के उग्र विरोध-प्रदर्शनों की आग में झुलस रहे फ्रांस, इटली और बेल्जियम जैसे यूरोपीय देशों से जुड़े हर छोटे-बड़े घटनाक्रम पर भारत की कड़ी नजर बनी हुई है। तनाव के बीच वहां रह रहे देश के नागरिक जितना हो सके अतिरिक्त सतर्कता बरतें, अपने घरों, आवासीय परिसरों से बाहर निकलते वक्त ऐसी जगहों पर न जाएं। जहां प्रदर्शन चल रहे हैं।

यह जानकारी शुक्रवार को नई दिल्ली में हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित देशों की सरकारों द्वारा मौजूदा हालात को लेकर जारी किए जा रहे परामर्श पर नजर बनाए रखें। मंत्रालय उक्त तीन देशों के अलावा पूरी दुनिया में अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत ने किया शांति समझौते का स्वागत

ब्रीफिंग में रणधीर ने कुछ अन्य सवालों के भी उत्तर दिए हैं। जिसमें उन्होंने विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर के अजरबैजान दौरे को लेकर कहा कि वहां उनकी राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और विदेश मंत्री जेयहुन बायरामोव से मुलाकात हुई है। भारत ने अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच हुए शांति समझौते का स्वागत किया है। बिश्केक में हुए एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजरबैजान के राष्ट्रपति अलीयेव के साथ हुई द्विपक्षीय मुलाकात के बाद के क्रम में जयशंकर की यह यात्रा हो रही है। जिसमें दोनों पक्षों के बीच बैठक के दौरान उत्पादक चर्चा हुई और खासतौर पर संबंधों को आगे बढ़ाने के उपायों पर विचार किया गया है। व्यापार, ऊर्जा सहयोग और कनेक्टिविटी के मामले भी संवाद बैठकों में शामिल किए गए। इसके अलावा क्षेत्रीय, वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार किया गया। भारतीय विदेश मंत्री ने अजरबैजान के शीर्ष नेतृत्व तक प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू की ओर से दिए गए शुभकामना संदेश पहुंचाए हैं।

छात्रों की मदद के लिए जताया आभार

उन्होंने कहा कि अजरबैजान में विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष के साथ हुई वार्ता में कुछ महीने पहले ईरान से हुई भारतीय छात्रों की सुरक्षित भारत वापसी को लेकर प्रदान की गई मदद के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने अजरबैजान के विदेश मंत्री को भारत यात्रा का न्योता दिया है। अजरबैजान को हालिया समय में सीका की बैठक को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए भी जयशंकर ने आभार व्यक्त किया। जिसमें विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने भाग लिया था।

यमन में सुरक्षित हैं 14 भारतीय

रणधीर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि यमन में एक नौवा पर हुए हमले के मामले के बीच बचाए गए 14 भारतीय नागरिक हुदैदा में सुरक्षित हैं। भारत फिलहाल सभी पक्षों से संपर्क बनाए हुए है। नई दिल्ली विदेशों में अपने सभी नागरिकों के कल्याण और सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

भारत, अजरबैजान के वरिष्ठ मंत्रियों के संवाद में साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें बहुपक्षीय सहयोग शामिल है। दोनों विदेश मंत्रियों ने इस बात पर गौर फरमाया कि कैसे समकालीन वास्तविकताओं के मद्देनजर ग्लोबल प्रशासनिक ढांचों को बेहतर बनाया जा सकता है? जहां तक अजरबैजान की एससीओ की सदस्यता का मुद्दा है। तो यह मसला संगठन से जुड़ा हुआ है और इस पर वहां पर ही चर्चा हो सकती है।

भारत, ईरान को देगा जीवन रक्षक दवाएं

उन्होंने कहा कि भारत ईरान को लगातार जीवनरक्षक दवाओं की खेप भेजता रहा है। लेकिन मौजूदा संघर्ष के चलते क्षेत्र में कई नई चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं। जिसमें हवाई उड़ान कनेक्टिविटी की मसला भी भारत और ईरान के बीच बना हुआ है। लेकिन इसे लेकर हम ईरानी पक्ष के साथ बातचीत कर रहे हैं। जिससे मानवीय पहल के तहत उन्हें जीवनरक्षक दवाओं की खेप भेजी जा सके।

सार्क को लेकर असली रुकावट पाकिस्तान

मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम दक्षिण एशिया में कनेक्टिविटी बढ़ाने के पक्ष में हैं। लेकिन जहां तक सार्क का प्रश्न है, तो मैं ये दोहराना नहीं चाहता हूं कि किस देश (पाकिस्तान) की वजह से यह रुका हुआ है। पश्चिम-एशिया में संघर्ष के होते विस्तार को लेकर उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों में हमने नागरिक अवसंरचनाओं पर किए जा रहे हमलों की सख्त लहजे में निंदा की है। ढांचागत ऊर्जा परियोजनाएं भी इसमें शमिल हैं। दम्माम हवाईअड्डे पर हुए हमले में कई भारतीयों की मौत हो गई है। भारत के लिए यह सभी हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और हमने इन्हें जल्द रोके जाने की अपील की है। नई दिल्ली को उम्मीद है कि क्षेत्र में जल्द ही शांति लौटेगी।

अरिहा में मामले को देते महत्व

उन्होंने जर्मनी में फास्टर केयर में रह रही भारत की एक छोटी बच्ची बेबी अरिहा के मामले को पर्याप्त महत्व देने की बात कही। साथ ही बताया कि बर्लिन में भारत का दूतावास इस मामले को लेकर स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है। अपनी काउंसलर यात्राओं के दौरान वह अरीहा से मुलाकात भी करते हैं। वहां पर उसकी हिंदी भाषा में कक्षाएं भी हो रही हैं, उसकी मंदिर की यात्रा भी हुई है। अरिहा से उसके माता पिता भी मुलाकात करते रहते हैं। उनकी अंतिम बार 13 अक्टूबर को मुलाकात हुई है। हम भारत की इस बच्ची के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। जहां तक केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की बर्लिन यात्रा का सवाल है। तो इस मामले पर अभी फिलहाल टिप्पणी नहीं की जा सकती है। अमेरिका के इलियॉन में हिंदू मंदिर में हुए नरसंहार की भारत ने सख्त अंदाज में निंदा की थी, हमने एक बयान जारी किया था।

ट्रंप के दामाद कुशनर पर दो अरब डॉलर के गुप्त खातों का आरोप

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर पर यूएई, सऊदी अरब और इजराइल से जुड़े गुप्त खातों में अरबों डॉलर के लेनदेन के आरोप लगे हैं। हालांकि कुशनर ने इन आरोपों को खारिज किया है। वैनिटी फेयर पत्रिका की रिपोर्ट के मुताबिक, डच जांचकर्ताओं को एक ऐसे सर्वर तक पहुंच मिली, जिसका संबंध रूसी सैन्य खुफिया तंत्र से था। इस सर्वर में कुशनर के आईफोन के स्क्रीनशॉट मौजूद थे। इनके जरिये जांचकर्ता देख सकते थे कि कुशनर फोन पर क्या कर रहे थे। वे यूएई से जुड़े बैंक खातों का इस्तेमाल कर रहे थे। यह पहुंच एक रूसी हैकर के जरिये मिली। उसने ब्रिटेन और नीदरलैंड के अधिकारियों के साथ सहयोग करने पर सहमति जताई थी।





